

■ न्यायिक अधिकारियों के घेराव के लिए एआईएमआईएम व आईएसएफ दोषी - 12



■ इंडक्शन हीटर और बर्तनों का उत्पादन बढ़ाने के उपाय ढूंढने में जुटी सरकार - 12



■ भारत की नई परमाणु-चालित पनडुब्बी 'आईएनएस अरिदमन' सेवा में शामिल - 13




■ भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव से मांगी माफी - 14


आज का मौसम

33.0° अधिकतम तापमान

20.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.57 सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 10:09 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 4 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 56, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**प्रधानमंत्री का रोड शो**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पुडुचेरी में विशाल रोड शो किया, जिसने करीब 2 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान उनके साथ पुडुचेरी के कई बड़े नेता भी मौजूद थे। ● एजेंसी

## न्यायिक अधिकारियों के घेराव का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा जिले में सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मुख्य साजिशकर्ता समेत दो लोगों को शुक्रवार को सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता की पहचान अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम के रूप में हुई है। उसे तब गिरफ्तार किया गया जब वह एक विमान में सवार होने की कोशिश कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि वह कालियाचक कांड का मुख्य साजिशकर्ता है, जिसने बुधवार रात को सात न्यायिक अधिकारियों का बीडीओ कार्यालय के अंदर कई घंटों तक घेराव किया था। वह विमान में सवार होकर भागने की फिराक में था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (उत्तर बंगाल) के. जयरामन ने पत्रकारों को बताया कि मोफक्करुल इस्लाम उत्तर दिनाजपुर जिले के इटाहार का रहने वाला है और वर्तमान में कोलकाता में रह रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को भाषणों के माध्यम से स्थानीय लोगों को भड़काने के आरोप में कालियाचक पुलिस थाने में उसके खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। इस भड़काऊ भाषण के बाद मोथाबारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कालियाचक-2 ब्लॉक कार्यालय के अंदर सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। उन्होंने बताया, घटना के बाद हमने मोफक्करुल इस्लाम का पीछा किया और पश्चिम बंगाल आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) और सिलीगुड़ी पुलिस की मदद से उसे और उसके साथी को बागडोगरा हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ तीन अलग-अलग जगहों पर स्थानीय लोगों को भड़काने के आरोप में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कालियाचक घटना के संबंध में कुल 19 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एनआईए द्वारा जांच अपने हाथ में लेने के बावजूद वह अपनी जांच जारी रखेगी।



मास्टरमाइंड मोफक्करुल इस्लाम (दाएं से दूसरे)।

- पश्चिम बंगाल पुलिस ने बागडोगरा हवाई अड्डे से दबोचा, दो अन्य आरोपी भी वहीं से गिरफ्तार
- मुख्य साजिशकर्ता की पहचान अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम के रूप में हुई

### एनआईए की 24 सदस्यीय टीम जांच को मालदा पहुंची

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग द्वारा एनआईए को जांच सौंपे जाने के बाद एक टीम मामले की जांच के लिए मालदा पहुंची और मोथाबाड़ी और कालियाचक थाना क्षेत्रों का दौरा किया। आयोग ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उठाया, जिसने इस मुद्दे पर बंगाल प्रशासन की कड़ी आलोचना की थी। एनआईए की 24 सदस्यीय टीम ने मोथाबाड़ी में पुलिस और अन्य कर्मियों से बात की और उस स्थान से सुराग एकत्र किए जहां भीड़ जमा हुई थी और सुरक्षा बलों द्वारा नाकाबंदी हटाने की कोशिश के दौरान वाहनों पर पथराव किया था। इस टीम का नेतत्व डीआईजी स्तर के एक अधिकारी कर रहे हैं।

**ब्रीफ न्यूज**

### सीबीएसई : छठी कक्षा में पढ़नी होंगी तीन भाषाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

(विस्तृत देश विदेश पेज पर)

### दिल्ली समेत कई राज्यों में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़ समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार रात 9:42 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजाकिस्तान बॉर्डर क्षेत्र में था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई।

### दो पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पड़ने का पूर्वानुमान

**नई दिल्ली।** आईएमडी ने शुक्रवार को कहा कि इस सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत पर एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिनकी तीव्रता शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को चरम पर रहेगी। आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में ओलावृष्टि होने की संभावना है और कश्मीर घाटी में शुक्रवार व शनिवार को कुछेक स्थान पर भारी बारिश भी हो सकती है।

# घुसपैठियों को निकालेंगे, 'लव-लैंड जिहाद' नहीं पनपने देंगे : मुख्यमंत्री

## असम के चुनावी रण में गरजे योगी, कांग्रेस-यूडीएफ पर सीधा वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस व यूडीएफ पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव से पहले ही मैदान छोड़कर भाग चुकी है, जबकि यूडीएफ घुसपैठियों के सहारे असम की जनसांख्यिकी बदलने की साजिश कर रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि एनडीए सरकार असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देगी। चुनाव को विकास बनाम तुष्टिकरण की लड़ाई ठहराते हुए योगी ने यूपी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां नो कर्फ्यू, नो दंगा की स्थिति है।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को असम के बारपेटा और बरछला विधानसभा क्षेत्र में की चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जय श्रीराम के उद्घोष के बीच यूडीएफ को घुसपैठ की जननी बताया। कहा कि कांग्रेस उसकी सहयोगी बनकर राज्य की सुरक्षा में सेंध लगा रही है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसे दलों को सबक सिखाएं और भाजपा को मजबूत जनादेश दें। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विकास और विरासत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व विकास कर रही है। सड़क, रेल, एयरपोर्ट और शिक्षा संस्थानों का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे असम समेत पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। योगी ने दावा किया कि यूपी में अब माफिया और अराजक तत्वों पर सख्ती से नियंत्रण किया गया है, जिससे आम जनता सुरक्षित महसूस कर रही है।



असम के बारपेटा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### साजिश करने वालों को बख्शेंगे नहीं

सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि एक-एक घुसपैठिए को चिन्हित कर बाहर करने की प्रक्रिया जारी है और किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि असम को घुसपैठ और अराजकता का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। दंगाइयों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और राज्य की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा हर हाल में की जाएगी।

### विकास, सुरक्षा व सांस्कृतिक पहचान को दें समर्थन

योगी ने कहा कि यह चुनाव विकास बनाम तुष्टिकरण की लड़ाई है। एक ओर एनडीए सरकार है, जो सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और यूडीएफ हैं, जिनके पास न कोई स्पष्ट नीति है और न ही काम करने की क्षमता। असम के चाय बागान श्रमिकों और युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य केवल भाजपा ही कर सकती है। अंत में योगी ने असम की जनता से अपील की कि वे विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान के लिए एनडीए को समर्थन दें और राज्य को एक नई दिशा देने में भागीदार बनें।

# ताबड़तोड़ मिसाइल हमलों के बीच ईरान ने अमेरिकी विमान गिराया

दुबई/तेहरान, एजेंसी

पश्चिम एशिया में चल रही जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। ईरान ने शुक्रवार को समूचे पश्चिम एशिया में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे कुवैत में समुद्री पानी को पेयजल में बदलने वाला एक विलवणीकरण संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गया और एक रिफाइनरी में आग लग गई। वहीं, अमेरिका और इजराइल ने हवाई हमले कर तेहरान को निशाना बनाया।

वहीं शुक्रवार को ईरान ने एक अमेरिकी फाइटर जेट गिराया गया है। इस घटना के बाद अमेरिकी सेना ने अपने लापता पायलटों और चालक दल को बचाने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीरत किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है। इस युद्ध को शुरू हुए लगभग पांच सप्ताह हो गए हैं।

युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीरत किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है। ईरानी मीडिया दावा कर रहा है आईआरजीसी ने अमेरिका के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। यह भी दावा किया जा रहा है कि विमान का पायलट दक्षिण-पश्चिमी ईरान में पैराशूट के जरिए सुरक्षित कूद गया था, जिसे अब बंधक बना लिया गया है। मेहर न्यूज एजेंसी ने यह भी दावा किया कि मध्य तेहरान में अमेरिका का एक और अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान मार गिराया गया है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से अभी तक सिर्फ एक विमान के क्रैश होने और ऑपरेशन चलने की बात कही गई है।



ईरान के कराज शहर में हवाई हमलों से क्षतिग्रस्त हुआ पुल।

- पायलटों के बचाव को अमेरिका ने शुरू किया अभियान
- ईरान ने समूचे पश्चिम एशिया में लक्ष्यों पर हमले किए
- इजराइल-अमेरिका ने तेहरान को निशाना बनाया

### ट्रंप बोले-थोड़ा और समय मिले तो होर्मुज खोल दूंगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अगर अमेरिका को ईरान के साथ चल रहे युद्ध के दौरान थोड़ा और समय मिल जाए तो वह आसानी से होर्मुज को फिर से खोल सकता है और तेल के पूरे प्रवाह पर नियंत्रण कर भारी मुनाफा कमा सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। यह दुनिया के लिए एक खजाना साबित होगा?

### अबू धाबी में मिसाइल के मलबे से 5 भारतीय घायल

**नई दिल्ली।** अबू धाबी में शुक्रवार को एक मिसाइल के मलबे से 12 लोग घायल हो गए, जिनमें पांच भारतीय नागरिक शामिल हैं। पिछले सप्ताह, अबू धाबी में यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों के मलबे की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक भारतीय भी शामिल था। रियाद में 18 मार्च को हुए ईरानी हमले में एक और भारतीय नागरिक मारा गया था।

### अमेरिका ने शीर्ष अधिकारी व दो जनरल को हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी और दो अन्य जनरलों को पदों से हटा दिया है। ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के बीच सेना के शीर्ष अधिकारियों को हटाए जाने के कारणों की जानकारी नहीं दी गई है।

# होर्मुज : रूस ने दूर की भारत की टेंशन, बढ़ाएगा तेल-गैस की आपूर्ति



- रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री ने एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री जयशंकर से की चर्चा
- दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की।

मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री सीतारमण से भी मुलाकात की। गुरुवार शाम वह प्रधानमंत्री मोदी से भी मिले। रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नई दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। डेनिस मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं एलएनजी की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब युद्ध के बीच होर्मुज के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से प. एशिया संकट वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव डाल रहा है।

### दोनों पक्षों में कई नए अवसरों पर भी व्यापक चर्चा हुई : विदेश मंत्रालय

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार, उद्योग, ऊर्जा, उर्वरक, संपर्क एवं परिवहन के अलावा प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा महत्वपूर्ण खनिजों में नए अवसरों पर भी व्यापक चर्चा की। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष दिसंबर में आयोजित 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान लिए गए विभिन्न निर्णयों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उस सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारत आए थे। जयशंकर ने पश्चिम वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## केंद्र का दावा, गंगा का पानी स्नान करने योग्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- प्रदूषण के स्तर में आ रही है कमी उत्तराखंड में 19, उत्तर प्रदेश में 41, बिहार में 33, पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल

केंद्र सरकार ने दावा किया है कि गंगा का पानी निगरानी किए गए सभी स्थलों पर स्नान के मानकों पर खरा उतरता है और इस नदी में प्रदूषण का स्तर घट रहा है। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 2025 (जनवरी से अगस्त) के औसत जल गुणवत्ता आंकड़ों के आधार पर, नदी का पीएच और घुलित ऑक्सीजन स्तर सभी स्थानों पर स्नान के मानदंडों को पूरा करता है।

पीएच (पोटेंशियल ऑफ हाइड्रोजन) किसी तरल पदार्थ या विलयन में हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता को मापकर उसकी अम्लीयता या क्षारीयता बताने वाला एक पैमाना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) पांच राज्यों के कुल 112 स्थासनों पर गंगा नदी की जल गुणवत्ता की निगरानी करता है, जिनमें उत्तराखंड में 19, उत्तर प्रदेश में 41, बिहार में 33, झारखंड में चार और पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल हैं। हालांकि, उप्र के कुछ हिस्सों- जैसे फर्रुखाबाद से कानपुर के पुराना राजापुर तक, रायबरेली के डलमऊ व गाजीपुर के तारीघाट तक मिर्जापुर के निचले हिस्से- में यह मानकों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता।

## सुलतानपुर में बाप ने बेटे को कुल्हाड़ी से काटा, मौत

कुड़वार(सुलतानपुर)

**घरेलू विवाद**

- पत्नी को भी किया लहूलुहान, आरोपी दरिंदा गिरफ्तार
- आरोपी पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त है

**अमृत विचार :** घरेलू विवाद के चलते युवक ने शुक्रवार को मायके से आई पत्नी को लहूलुहान कर दिया। उसके बाद भी गुस्सा शांत न होने पर अबोध बेटे को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के मढ़हा गांव से जुड़ा है। जहां शुक्रवार को गांव निवासी शंभू लाल (35) पुत्र दयाराम ने पत्नी रंजू से विवाद शुरू कर दिया। पत्नी की पिटाई होते देख परिवारवालों सहित पड़ोसियों ने छुड़ा दिया तो घूम कर उसने अपने 09 माह के बेटे रिवांश पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। तथा घायल पत्नी रंजू को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

आरोपी के तीन बच्चे महिमा (10), राज (07) व रिवांश 09 माह है। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी सौरभ सामंत, एसओ तरुण पटेल मौके पर पहुंचे। सीओ ने बताया कि आरोपी पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त है। हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव का पंचायतनामा कर आगे की कार्यवाही कराई जा रही है।

**रोमांचक** | आज सूर्य की तेज लपटों से गुजरेगा धूमकेतु, नासा और इएसए की दूरबीन सोहो की नजरें इस पर टिकी हुईं

# बच निकला तो दिन की रोशनी में नग्न आंखों से नजर आएगा धूमकेतु एमएपीएस

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** धूमकेतु सी/2026 ए1 (एमएपीएस) शनिवार को सूर्य की लपटों के बीच से गुजरने जा रहा है। यह बचेगा या खत्म हो जाएगा, इसका पता कुछ समय बाद चलेगा। जिंदा रहा तो दिन में भी नग्न आंखों से देखा जा सकेगा। इस धूमकेतु पर दुनियाभर के खगोलविदों के साथ नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोलविद भी नजर बनाए रखे हैं। इस धूमकेतु का 4 अप्रैल को सूर्य के निकट (पेरिहेलियन) पहुंचना संभव है।

दरअसल, धूमकेतुओं की दुनिया में 'धूमकेतु एमएपीएस' इन दिनों छाया हुआ है। एक ओर नासा और इएसए की दूरबीन सोहो की नजरें इस पर टिकी हुई हैं तो वहीं, एरीज से स्थापित जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से भी इस पर नजर रखी जा रही है। इस धूमकेतु को दुर्लभ माना जा रहा है। आकार में काफी बड़ा होने के कारण उम्मीद जताई जा रही है कि यह जीवित बच निकलेगा और जीवित रहा तो दिन के उजाले में भी देखा जा सजेगा, जबकि रातों को कुछ अलग अंदाज में चमक बिखेरेगा।

गणना है कि यह धूमकेतु सूरज की सतह से लगभग 1.63 लाख किलोमीटर दूर से गुजरने वाला है। इतनी कम दूरी का मतलब सूरज की भयानक तपिश में डूब जाना है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सूर्य की तेज गर्मी के साथ सूरज का अत्यधिक गुरुत्वाकर्षण से इसके अंदर के बर्फ और गैस उबलकर फट सकती है। पूर्व में धूमकेतुओं को इस तरह से फटते हुए देखा जा चुका है। जिस कारण इसके सुरक्षित बच निकलने की संभावना कम है। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आकार में बड़ा होने के कारण यह बच निकलेगा। जिस कारण यह धूमकेतु वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस धूमकेतु को सीधा देखने की कोशिश कतई नहीं करें। जिससे आंखों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। नासा सोहो अंतरिक्ष दूरबीन से इसका सीधा प्रसारण दिखा रहा है।



### इतिहास रचने को तैयार

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार बहुचर्चित धूमकेतु एमएपीएस बच निकला इतिहास बना जाएगा। सभी को इसके सूर्य के करीब पहुंचने का इंतजार है। अगर यह बच निकला तो सूर्य की तेज रोशनी से बाहर आते ही कुछ दिन बाद चमक बिखेरने लगेगा। बहरहाल अभी इसके भविष्य को लेकर कहना मुश्किल है।

### अंतरिक्ष एजेंसी संयुक्त मिशन पर

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी), नासा, ईएसए और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी का एक संयुक्त मिशन है। इसके माध्यम से 2021 से अंतरिक्ष के रहस्यों को उजागर किया जा रहा है। नैनीताल स्थित एरीज संस्थान सौर मंडल से बाहर के एक दुर्लभ धूमकेतु (3I/एटलस) के अध्ययन में भी अंतर्राष्ट्रीय खगोलविदों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल चलो अभियान की आज वाराणसी से शुरुआत करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ करेंगे। नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए चलाए जा रहे इस अभियान का पहला चरण 1 से 15 अप्रैल तक और दूसरा चरण 1 से 15 जुलाई तक आयोजित होगा। अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने, बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें और बैग वितरित करने तथा जन जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर रहेगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के साथ ही सभी जिलों में जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजन होंगे, जिनमें जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक और छात्र भाग लेंगे। विद्यालयों में रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित कर इसे जन आंदोलन का रूप देने का प्रयास किया जाएगा।

### सराफा डकैती कांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ जिले में सराफा व्यवसायी से गन प्वाइंट पर हुई डकैती के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शुभम सिंह को हजरतगंज स्थित चिड़ियाघर के पास से पकड़ा गया। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इस मामले में पुलिस पहले ही नौ आरोपियों को जेल भेज चुकी है। डीएसपी एसटीएफ शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक, 13 जनवरी को मऊ के पिढ़बल क्षेत्र में दुकान बंद कर घर लौट रहे व्यापारी जितेंद्र वर्मा को कोपागंज के टड़ियाव इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर लूट लिया था। बदमाश बैग में रखे करीब 5 किलोग्राम चांदी और 150 ग्राम सोने के जेवर लेकर फरार हो गए थे। एसटीएफ की कार्रवाई में 3 अप्रैल को शुभम सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वारदात को उसने अपने साथी विशाल के साथ मिलकर अंजाम दिया था। लूट के बाद मोनू यादव ने जेवर बेचकर उसे रकम दी थी।



### 50 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने डकैती और लूट के मामलों में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश शिवम सिंह उर्फ आर्यन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बस्ती के छावनी क्षेत्र से अमौनी नहर के पास घेराबंदी कर दबोचा गया। उसे अयोध्या के बीकापुर थाने में दर्ज मामले में कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के अनुसार, शिवम सिंह बस्ती के परशुरामपुर का रहने वाला है और लंबे समय से फरार चल रहा था। सूचना मिलने पर टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका एक संगठित गिरोह है, जो अपहरण, फिरौती, डकैती और लूट जैसी वारदातों को अंजाम देता है। उसने स्वीकार किया कि वर्ष 2022 में गोंडा के छपिया क्षेत्र में एक व्यापारी के अपहरण में वह शामिल था। इस मामले में वह पहले जेल भी जा चुका है। एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी ने सितंबर 2025 में अयोध्या के बीकापुर क्षेत्र में एक बाइक सवार से लूट की वारदात भी की थी, जिसके बाद से वह लगातार ठिकाने बदलकर फरार चल रहा था।



### सरकार की पहल से बदली कीर्ति की जिंदगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार की योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं। हमीरपुर की कीर्ति सिंह इसकी सशक्त मिसाल हैं। वर्ष 2018 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ना उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बना, जिसके बाद उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह पकड़ ली। अगस्त 2025 में कीर्ति ने 10 महिलाओं के साथ मिलकर दरियापुर स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में "प्रेरणा कैंटीन" की शुरुआत की। करीब 11 लाख रुपये के निवेश से शुरू हुआ यह प्रयास आज 1.25 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाला सफल मॉडल बन चुका है। वर्तमान में 8 महिलाओं को इससे रोजगार मिला है और प्रत्येक को लगभग 8,000 रुपये मासिक आय प्राप्त हो रही है। कैंटीन में 300 से अधिक बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# राजकीय महाविद्यालयों को प्रदेश सरकार ने भेजे 7,938 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 73 महाविद्यालयों के लिए वित्तीय स्वीकृति, 31 मार्च 2027 तक धनराशि खर्च करने के निर्देश
- उच्च शिक्षा को बड़ा बजट बूस्ट वेतन से इंफ्रास्ट्रक्चर तक खर्च की पूरी व्यवस्था

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को बड़ा वित्तीय संबल देते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 73 राजकीय महाविद्यालयों के लिए 7,938.89 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि वेतन से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक पर खर्च की जाएगी।

उच्च शिक्षा के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृत धनराशि निदेशक, उच्च शिक्षा के नियंत्रण में रहेगी। सबसे अधिक 4,456 करोड़ रुपये वेतन मद में दिए गए हैं, जबकि 2,896 करोड़ रुपये महंगाई भत्ते के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा बिजली, अनुरक्षण, चिकित्सा, कार्यालय व्यय और कंप्यूटर समेत अन्य आवश्यक मदों के लिए भी अलग-अलग बजट का प्रावधान किया गया है।

सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस राशि का उपयोग 31 मार्च 2027 तक अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। खर्च वित्तीय नियमों और शासनादेशों के अनुरूप ही किया जाएगा। शासनादेश में यह भी कहा गया है कि धनराशि का आहरण आवश्यकता के अनुसार हर माह किया जाएगा, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा न आए।

# 'गेट' पैटर्न पर होगी यूपीपीसीबी भर्ती परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27 अप्रैल को 15 शहरों में होगी सीबीटी, आईआईटी कानपुर कराएगा परीक्षा
- बायोमेट्रिक सुरक्षा के साथ 40 पदों पर भर्ती, 70 अंकों का होगा साक्षात्कार



**इन शहरों में परीक्षा**

परीक्षा लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, आगरा, झांसी, मेरठ, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, अयोध्या और मुरादाबाद समेत 15 शहरों में आयोजित की जाएगी।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने भर्ती प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए इसे गेट की तर्ज पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) से कराने का फैसला किया है। इस परीक्षा का आयोजन आईआईटी कानपुर द्वारा 27 अप्रैल को प्रदेश के 15 शहरों में किया जाएगा।

यह परीक्षा पर्यावरण अभियंता और सहायक वैज्ञानिक अधिकारी के कुल 40 पदों के लिए होगी। दो घंटे की इस परीक्षा में कुल 400 अंक निर्धारित किए गए हैं। इसके लिए करीब 6500 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। बोर्ड पहली बार लिखित परीक्षा के माध्यम से भर्ती कर रहा है, जबकि पहले केवल साक्षात्कार के आधार पर चयन होता था। नई चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में सीबीटी होगी और इसके बाद 70 अंकों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। अंतिम मेरिट सूची 470 अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, जिससे चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक पहचान की जाएगी, जिसमें फिंगरप्रिंट स्कैन और लाइव फोटो कैप्चर शामिल है। इन आंकड़ों का मिलान एडमिट कार्ड और आवेदन पत्र से किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा रोका जा सके।

बोर्ड ने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा में वही पहचान पत्र लेकर आएं, जो उन्होंने आवेदन के समय इस्तेमाल किया था, ताकि सत्यापन में किसी तरह की दिक्कत न हो।

# खाद की कालाबाजारी रोकने को योजना तैयार, होगी कड़ी निगरानी

## उर्वरकों की कमी रोकने के लिए योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूरिया, डीएपी और एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता पर जोर



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल 2026 से विस्तृत योजना तैयार की गई है। इसका उद्देश्य प्रदेश में उर्वरकों की कमी को रोकना और कृषि कार्यों को निर्बाध बनाए रखना है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गैर-कृषि क्षेत्रों में उर्वरकों के दुरुपयोग और डायवर्जन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

सरकार की रणनीति के तहत यूरिया, डीएपी और एनपीके जैसे प्रमुख उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक जिले में मांग के अनुसार अग्रिम आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि बुवाई और फसल वृद्धि के दौरान किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। खाद वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समितियां गठित की जाएंगी, जिनमें कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। प्रदेश के समस्त उर्वरक बिक्री केंद्रों पर कार्मिकों की ड्यूटी लगाकर पारदर्शिता के साथ वितरण कराया जाएगा। उर्वरकों की जमाखोरी कर कृत्रिम अभाव करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई होगी। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि गैर कृषि क्षेत्रों में उर्वरकों के डायवर्जन यथा-प्लाईवुड इंडस्ट्रियल, पशु आहार निर्मित इकाइयों पर सघन निगरानी रखी जाए। फसल में संस्तुति व संतुलित मात्रा में (अधिकतम यूरिया 7 बोरी एवं डीएपी-5 बोरी प्रति हेक्टेयर) उर्वरकों का प्रयोग करने के साथ-साथ उर्वरकों का अग्रिम भंडारण न करने के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाए। अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की सघन निगरानी रखी जाए।

### सहकारी संस्थाओं से भी खाद वितरण का निर्णय

इस योजना में सहकारी समितियों की भूमिका को और मजबूत करने की बात कही गई है। सरकार ने सहकारी संस्थाओं के माध्यम से खाद वितरण की हिस्सेदारी बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिससे पारदर्शिता और सुगमता दोनों में सुधार होगा। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी को संतुलित रखते हुए उन्हें लगभग 35 प्रतिशत कोटा देने का प्रस्ताव भी रखा गया है, ताकि सप्लाई चेन प्रभावी बनी रहे।

### जिला स्तर पर होंगी नियमित समीक्षा बैठकें

खाद वितरण की निगरानी के लिए सरकार ने सख्त मॉनीटरिंग व्यवस्था लागू की है। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, रियल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से खाद की उपलब्धता और वितरण पर नजर रखी जाएगी। इस सुनियोजित रणनीति से किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होगी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। यह पहल राज्य के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



वाराणसी के सर्किट हाउस में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### खनन राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, मार्च में 780 करोड़ की आय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के भूतत्त्व एवं खनिकर्म विभाग ने राजस्व संग्रह में मार्च माह में निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक आय प्राप्त की है। विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि मार्च के लिए तय 600 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 780 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व अर्जित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी उपलब्धि है।

सचिव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 7150 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग ने सख्त रणनीति अपनाई है और सभी जनपदीय व क्षेत्रीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व संग्रह को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्रोत स्तर पर ही निगरानी बढ़ाई जाए।

# हेल्पलाइन पर कर्मियों की शिकायत पर सीएम सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वेतन वृद्धि पर बनी सहमति, कंपनी को दिए कड़े निर्देश
- कार्यस्थल सुविधाओं में भी होगा सुधार, कर्मियों में खुशी की लहर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम हेल्पलाइन 1076 से जुड़े कर्मचारियों की शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल समाधान के निर्देश दिए। कर्मचारियों ने वी-विन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ वेतन और कार्यस्थल से जुड़ी समस्याएं उठाई थीं, जिस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपीडेस्को की प्रबंध निदेशक नेहा जैन को पूरे मामले की समीक्षा कर कंपनी स्तर पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने को कहा गया। इसके बाद कंपनी प्रबंधन के साथ उच्चस्तरीय वार्ता हुई, जिसमें कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनी। कंपनी ने कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करने पर सहमति जताई है। साथ ही कार्यस्थल की सुविधाओं को बेहतर बनाने का भी आश्वासन दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी समस्याएं न हों, इसके लिए निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाएगी। त्वरित हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हो गई है और कर्मचारी वापस काम पर लौट आए हैं। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित वेतन संबंधी समस्याओं का समाधान संभव हो सका है।

**प्रतिक्रिया**

- सीएम ने गंभीरता से सुनकर तुरंत समाधान कराया- हिमांशु विक्रम
- त्वरित हस्तक्षेप से समस्याएं खत्म, काम पर लौटे- विकास यादव
- वेतन वृद्धि से राहत, माहौल बेहतर हुआ- अंकित शुक्ला

# सात ब्लड सेंटरों पर तत्काल रोक, बड़ी अनियमितताएं उजागर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में संचालित ब्लड बैंकों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की छापेमारी में 36 ब्लड सेंटरों की जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इसके बाद सात ब्लड सेंटरों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई, जबकि अन्य सभी को नोटिस जारी किया गया है।

एफएसडीए की टीम ने मुज़फ्फरनगर, बरेली, इटावा, रायबरेली, मुरादाबाद, कुशीनगर, आगरा, जौनपुर, अमरोहा, बलरामपुर, बागपत और मैनपुरी सहित कई जिलों में संचालित चैरिटेबल ब्लड सेंटरों की जांच की। जांच में ब्लड स्टोरेज के लिए निर्धारित तापमान का पालन न करना, अनिवार्य एलाइसा टेस्ट का अभाव, कोल्ड चेन में गड़बड़ी, स्टाफ की कमी और बिना परीक्षण रिकॉर्ड के रक्त का ट्रांसफर जैसी गंभीर खामियां पाई गईं।

कार्रवाई के तहत इटावा के दो, मुज़फ्फरनगर के चार और बरेली के एक ब्लड सेंटर पर तत्काल रोक लगाते हुए वहां रक्त संचालन से जुड़ी सभी गतिविधियां बंद करा दी गई हैं।

विभाग ने अन्य केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, जिन केंद्रों का संचालन रोका गया है, वहां मौजूद रक्त और रक्त घटकों के सुरक्षित निस्तारण के लिए अलग से एडवाइजरी भी जारी की गई है।

# समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक मामले में एक और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ ने वाराणसी के अखरी बाईपास से दबोचा, दो वर्ष से चल रहा था फरार



आरोपी कृष्णा पांडेय

**अमृत विचारः** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में यूपी एसटीएफ ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। वाराणसी के रोहनिया स्थित अखरी बाईपास से गुरुवार देर शाम पकड़ा गया आरोपी कृष्णा पांडेय दो साल से फरार चल रहा था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था। उसे प्रयागराज में दर्ज मामले में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह के अनुसार, 11 फरवरी 2024 को हुई परीक्षा का प्रश्नपत्र पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसके बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर जांच एसटीएफ को सौंपी थी। जांच में एक संगठित गिरोह का खुलासा हुआ, जो मोटी रकम लेकर अभ्यर्थियों को पेपर उपलब्ध कराता था। पूछताछ में कृष्णा ने बताया कि उसने अपने साले आलोक मिश्रा के साथ अमरजीत शर्मा से संपर्क किया था, जिसने 12-12 लाख रुपये में पेपर देने की डील की थी। एडवांस के रूप में 3-3 लाख रुपये लिए गए और शैक्षिक प्रमाणपत्र व बैंक के ब्लैंक चेक गिरोह ने रख लिए। परीक्षा से पहले भोपाल में होटल में अभ्यर्थियों को लीक पेपर और उत्तर रटवाए गए। बाद में परीक्षा में वही प्रश्न आने से लीक की पुष्टि हुई। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत कई लोग पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# सास-ससुर ने मेरे निजी जीवन को बना दिया नारकीय

कुंडा (प्रतापगढ़)

- मुंदीपुर गांव के युवक ने सुसाइड नोट लिखकर दे दी जान



पवन कुमार सोनी की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** पति- पत्नी के विवाद में मायके वालों की दखल से आहत एक युवक को आत्महत्या करने पर विवश कर दिया। युवक ने सुसाइड नोट में लिखा कि सास-ससुर ने उसके निजी जीवन को नारकीय बना दिया है। जेल भेजवाने की धमकी दे रहे हैं, इसलिए जान देनी पड़ रही है। इसके बाद मानिकपुर के मुंदीपुर गांव के युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

मुंदीपुर गांव के 22 वर्षीय पवन कुमार सोनी पुत्र राम कृपा ज्वेलरी का काम करते थे। उनकी शादी पिछले साल नवंबर में प्रयागराज के सहसों के पास रामापुर गांव की युवती के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही महीने बाद पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातों पर तकरार होने लगी। पहले यह बात उन दोनों के बीच रही, फिर पत्नी ने अपनी मां को बताया। उसके पिता को भी पता चला। आरोप के अनुसार इसके बाद यह दोनों बेटी का आंख मूंदकर समर्थन करने लगे। ससुराल वालों से न दबने की सीख देने लगे। इस प्रोत्साहन से पति-पत्नी में विवाद और बढ़ गया। सुसाइड नोट में पवन ने लिखा है कि पत्नी अपनी मां के बहकावे में रहती थी। एक दिन मामूली विवाद में पत्नी ने उसे मारा। इस पर उसने दो तमाचा जड़ दिया। उसने अपने पिता को यह बात बताई। एक अप्रैल को पत्नी के पिता कुछ लोगों को लेकर पहुंचे। दामाद व घरवालों को अनाप-शनाप बोला। इसके बाद वह बेटी को लेकर चले गए। पत्नी के मायके जाने के बाद पवन मानसिक रूप से और परेशान रहने लगा। उसने ससुर से फोन किया तो उसकी बात नहीं सुनी गई। इसके बाद पवन एकदम टूट गया। उसने गुरुवार रात अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उसने पत्नी को निर्दोष बताया है। थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है। उसके आधार पर जांच की जा रही है। केस दर्ज किया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**कुंडा (प्रतापगढ़) :** मानिकपुर थाना क्षेत्र के जिरवाबाग कियावां गांव निवासी 55 वर्षीय वंशीलाल पटेल शुक्रवार सुबह घर से गांव के बाहर शौच के लिए गया था। इस दौरान प्रयागराज से ऊंचाहार की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। गांव के लोग उधर निकले तो उसका शव रेलवे ट्रैक पर देख ग्रामीणों को जानकारी दी। अधेड़ के मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल ने बताया कि मृतक को दो बेटे, दो बेटियां हैं। बेटों और एक बेटी की शादी हो चुकी है। छोटी बेटी की शादी तय है। 21 को फलदान के बाद 26 अप्रैल को उसकी बारात आनी है।

**सियासत** 2027 विधानसभा चुनाव का 'सेमीफाइनल' माना जा रहा उपचुनाव

# घोसी, दुद्धी और फरीदपुर में उपचुनाव की तैयारी तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा-सपा में सीधी टक्कर तीनों सीटों पर बढ़ा सियासी ताप
- मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद घोषित होगा चुनाव कार्यक्रम



**अमृत विचारः** प्रदेश की घोसी, दुद्धी और फरीदपुर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसी भी समय चुनाव कार्यक्रम घोषित होने की संभावना है। इन तीनों सीटों के उपचुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव का 'सेमीफाइनल' माना जा रहा है, जिसमें भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर तय मानी जा रही है।

दरअसल, 15 मार्च को चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के चुनावों की घोषणा की थी, लेकिन यूपी उपचुनाव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। इससे अटकलें लगीं कि चुनाव टल सकते हैं, हालांकि अब संकेत हैं कि अप्रैल माह में कार्यक्रम घोषित हो सकता है। तीनों सीटों पर राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। भाजपा जहां संगठनात्मक मजबूती और सरकारी योजनाओं के आधार पर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है, वहीं सपा सामाजिक समीकरण और सहानुभूति कार्ड के सहारे मुकाबला करने की तैयारी में है। सपा इन उपचुनावों को जल्दी कराने के पक्ष में है ताकि माहौल अपने पक्ष में बनाया जा सके।

घोसी सीट सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद खाली हुई है। यहां सपा ने उनके बेटे सुजीत सिंह को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है, जबकि भाजपा अभी प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है। दुद्धी सीट पर भी सपा विधायक विजय सिंह गोंड के निधन के बाद उपचुनाव हो रहा है। यहां सपा परिवार के सदस्य को टिकट देने की तैयारी में है, जबकि भाजपा श्रवण कुमार को मैदान में उतार सकती है, जो पिछले चुनाव में हार चुके थे।

फरीदपुर सीट भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन के कारण खाली हुई है। यहां भाजपा सहानुभूति के आधार पर उनके परिवार के किसी सदस्य को टिकट दे सकती है। उनके बेटे ईशान ग्वाल और अन्य दावेदार भी सक्रिय हैं। वहीं सपा पूर्व विधायक विजय पाल सिंह को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। बसपा फिलहाल इन सीटों पर सक्रिय नजर नहीं आ रही है, लेकिन अगर वह उम्मीदवार उतारती है तो मुकाबले के समीकरण बदल सकते हैं और इसका असर खासतौर पर सपा के वोट बैंक पर पड़ सकता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भले ही इन उपचुनावों का सीधा असर 2027 के विधानसभा चुनाव पर न पड़े, लेकिन यह चुनाव माहौल बनाने और बिगाड़ने में अहम भूमिका निभाएंगे। यही कारण है कि भाजपा और सपा दोनों इन सीटों पर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में हैं।

# 6 से 15 अप्रैल तक अभियान चलाकर की जाएगी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचारः** जनपद में शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने को लेकर छह से 15 अप्रैल तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें ग्राम प्रधानों का भी सहयोग लिया जाएगा। कृषि विभाग ने इसकी रणनीति तैयार कर ली है।



विनोद कुमार, उप कृषि निदेशक।

विनोद कुमार यादव, उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शत- प्रतिशत किसानों को डिजिटल आइडी से जोड़ना है, ताकि पारदर्शी तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे मिल सके। जिले में करीब चार लाख 59 हजार 642 किसान हैं। इनमें से तीन लाख 53 हजार 729 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री करा ली है। एक लाख छह हजार 13 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है। इसके लिए कैंप लगाकर अभियान चलाया जाना है। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त हो सकेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा विसंगति को भी इस दौरान दूर किया जा सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएसी परिसर से जवान की बाइक चोरी

**मसौली, बाराबंकी:** थाना मसौली क्षेत्र में एक पीएसी जवान की मोटरसाइकिल परिसर से चोरी कर ली गई। पीड़ित आरक्षी हृदेश कुमार 10वीं वाहिनी पीएसी में तैनात है। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च को ड्यूटी से लौटने के बाद उन्होंने अपनी सफेद रंग की अपाची बाइक अपने आवास के सामने खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब वह बाहर निकले तो बाइक वहां से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दिया, जिसकी पहचान ऋतिक कुमार के रूप में की गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त युवक ने ही उनकी मोटरसाइकिल चोरी की है।

### भाकियू नेता के पिता के निधन पर शोक

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** नगर पंचायत सुबेहा के पूरे तेजी वार्ड निवासी भाकियू (अंबावत गुट) के ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम के पिता विश्राम रावत का गुरुवार देर रात निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। शुक्रवार शाम उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें भाकियू पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर सभासद संघ अध्यक्ष रिजवान खान, जिला महासचिव दिनेश कुमार, जिला महामंत्री अयोध्या प्रसाद, युवा जिला अध्यक्ष मनीष दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# डबल डेकर बस पलटने से 18 से अधिक यात्री घायल

## कोतवाली क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 32वें किलोमीटर पर गुरुवार आधी रात के बाद एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से बिहार जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जबकि बस में लगभग छह दर्जन लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से बिहार जा रही डबल डेकर बस अचानक अनियंत्रित होकर पहले दाहिनी ओर झुकी और फिर बाईं ओर पलट गई। हादसे के समय अधिकांश यात्री नींद में थे, जिससे अफरा-तफरी व चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने पांच घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज सीएचसी में ही किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जयशंकर पांडे के अनुसार, गंभीर रूप से घायलों में मुजफ्फरपुर निवासी दुखिया देवी, मधुबन निवासी संतोष ठाकुर, दरभंगा निवासी रोशन कुमार, मुजफ्फरपुर निवासी निषाद चौधरी और अनीता देवी शामिल हैं। इसके अलावा अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की सूचना पर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



हाईवे पर पलटी डबल डेकर बस। अमृत विचार



घायलों की जानकारी लेते हैदरगढ़ थाना प्रभारी। अमृत विचार

### भोर हुए हादसे में किसान की गयी जान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार भोर हुए सड़क हादसे में 40 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुरजवापुर गांव निवासी रामप्रवेश उर्फ गुड्डू तड़के करीब चार बजे अपने मैथा के खेत में पानी लगाने के लिए घर से निकले थे। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पहुंचते ही उन्हें किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल रामप्रवेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी करीब दो घंटे बाद उधर से गुजर रहे ग्रामीणों को हुई। सड़क किनारे शव पड़ा देख लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## परिवार पर धारदार हथियार से हमला

**बाराबंकी, अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र के भट्ठा पुरवा मजरे गदिया में बुधवार शाम एक महिला और उसके बच्चों के साथ मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार ममता पत्नी रामबरन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि एक अप्रैल की शाम गांव के ही विपिन कुमार, सचिन व सोनी ने मिलकर उसे, उसकी बेटी मुस्कान और बेटे यश को गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने यश के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया।

# नुक्कड़ नाटक में चमके एसआरएमयू के छात्र

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के स्टूडेंट एक्सप्रेशन क्लब के छात्रों ने आईएमआरटी कॉलेज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिसमें विश्वविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट अभिनय और प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस पूरे कार्यक्रम की तैयारी यूनिवर्सिटी क्लब कोऑर्डिनेटर डॉ. वीना सिंह के मार्गदर्शन में की गई। उनके निर्देशन और निरंतर सहयोग से छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिला। छात्रों ने अपने सशक्त अभिनय और सामाजिक सरोकार से जुड़े संदेश को प्रभावी ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक और निर्णायक दोनों ही खासे प्रभावित हुए। इस उपलब्धि में प्रज्ज्वल सिंह, स्वर्दिमा सिंह, शीतल और तत्तर फातिमा की विशेष भूमिका रही। सभी छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के बल पर टीम को इस मुकाम तक पहुंचाने में योगदान दिया। विवि प्रशासन ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों की सराहना की और विश्वास जताया कि भविष्य में भी छात्र इसी प्रकार विभिन्न मंचों पर प्रतिभाग करते हुए संस्थान का नाम रोशन करते रहेंगे।



ट्रॉफी प्राप्त करते छात्र। अमृत विचार



प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

### श्रीराम कथा समापन पर झांकियों ने बांधा समां

**मसौली, बाराबंकी:** क्षेत्र के ग्राम न्योला चौराहा स्थित निहारिका पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के समापन अवसर पर भव्य रात्रि भक्ति झांकियों का आयोजन किया गया। लखनऊ से आए स्वारोही म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंच पर राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती, राम दरबार, गणेश जी, हनुमान जी, मां दुर्गा एवं मां काली के विकराल रूप सहित अनेक आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जिसे देख उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भक्ति गीतों पर आधारित नृत्य और कलाकारों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर डॉ. राघवेन्द्र वर्मा, संतोष कुमारी, आशुवेंद्र, वीरपाल सिंह, विरेंद्र कुमार वर्मा, आशीष वर्मा करपिया, अशोक कुमार, रामू वर्मा, दिलीप पटेल, उत्तम वर्मा आदि रहे।

### दुर्गा माता मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** विकास खंड हैदरगढ़ के इस्माइलपुर मजरे भटगवा गांव स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में गुरुवार को रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के समापन पर प्रधान प्रत्याशी हरिश्चंद्र रावत ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन-कीर्तन में कलाकारों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिसमें श्रद्धालु भावपूर्ण रूप से लीन दिखाई दिए। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति/जनजाति अध्यक्ष बैजनाथ रावत के पुत्र बृजेश रावत, भाजपा विधायक दिनेश रावत के भाई विमलेश रावत, पत्रकार नृपेंद्र तिवारी, रामानंद कनौजिया, इदरीश, एडवोकेट सुरेंद्र प्रताप सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, भल्ला रावत, रामबरन रावत, मंगल रावत, सुरेश, नवीन, विनोद कुमार, सरोज गुप्ता और पूर्व प्रधान केशव राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति के बाद भी जीवित रहती है पहचान




विदाई समारोह में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी:** रामनगर रोड स्थित मैरिज लॉन में उपनिबन्धक कार्यालय फतेहपुर में तैनात निबंधन सहायक राजेश द्विवेदी के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सहायक स्टाम्प आयुक्त नवीन कुमार सिंह ने कहा कि व्यक्ति का कार्य और व्यवहार उसकी सेवानिवृत्ति के बाद भी लोगों की स्मृतियों में जीवित रहता है। पूर्व एमएलसी हरिगोविन्द सिंह ने कहा कि राजेश द्विवेदी बचपन से ही मृदुभाषी और विचारशील व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। इस मौके पर उपनिबन्धक अवधेश कुमार मिश्रा, बार संघ अध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी, पूर्व अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा, महामंत्री मनीष कुमार श्रीवास्तव सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में ओमप्रकाश यादव, गणेश शंकर मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सब रजिस्ट्रार नवाबगंज हरीश चतुर्वेदी, कादम्बरी त्रिपाठी, नमिता श्रीवास्तव, रामलाल वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, ज्ञानू सिंह, मुकेश त्रिपाठी, एस.पी. सिंह, मनोज यादव, मो. राहिल, शहाबुद्दीन शेख, मो. अनवर, मो. कफील समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अधिक कीमत पर खाद बेचने का आरोप

**रामनगर, बाराबंकी:** तहसील क्षेत्र में प्राइवेट खाद विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बेचने का मामला सामने आने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। कस्बा रामनगर में संचालित एक खाद दुकान पर सिरौलीकला निवासी किसान आकाश वर्मा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि डीएपी खाद का रेट बोर्ड पर 1350 रुपये दर्शाया गया है, जबकि वास्तविक बिक्री 1650 रुपये में की जा रही है। वहीं यूरिया खाद, जिसका निर्धारित मूल्य 266 रुपये है, उसे 350 रुपये में बेचा जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह समस्या केवल एक स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि रानी बाजार, महादेवा, रानीगंज, गणेशपुर, त्रिलोकपुर, सुढ़ियामऊ और बिंदौरा सहित कई क्षेत्रों में खाद ऊंचे दामों पर बेची जा रही है।



रामनगर स्थित खाद की दुकान। अमृत विचार

डीएपी की कीमत 1550 से 1650 रुपये तक वसूली जा रही है, जबकि यूरिया भी निर्धारित दर से अधिक पर उपलब्ध है।

इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने बताया कि खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जांच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या

**रामनगर, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवती ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम भवानीगंज मजरे सीहामऊ निवासी अमीनुद्दीन ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय बहन अनीसा का शव घर की कच्ची कोठरी में धन्नी से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। यह दृश्य देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेते हुए कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।



सत्येंद्र, उनके पिता व भाई को सम्मानित करते प्रधानाचार्य संजय कुमार वर्मा। अमृत विचार

### डीएफएमओ बने सत्येंद्र का विद्यालय में हुआ सम्मान

**सूरतगंज, बाराबंकी:** यूपीपीसीएस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर डीएफएमओ (जिला खाद्य विपणन अधिकारी) बने छात्र सत्येंद्र प्रताप सिंह का बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज बरैय्या परिवार द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। सरसवां गांव निवासी सत्येंद्र प्रताप सिंह किसान योगेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र हैं। उनके बड़े भाई अपुल कुमार सिंह जिला निर्वाचन कार्यालय, पंचायत एवं नगरीय निकाय सुल्तानपुर में कार्यरत हैं। दोनों भाइयों ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज से प्राप्त की, जिसके बाद रामनगर पीजी कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षा में सफलता अर्जित की। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रधानाचार्य संजय कुमार वर्मा ने सत्येंद्र प्रताप सिंह, उनके भाई अपुल कुमार सिंह एवं उनके पिता को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सत्येंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य, गुरुजनों एवं कैपिटल आईआरएस गौरव शुक्ला को दिया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने मोबाइल से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

### लाइब्रेरी को उपलब्ध कराई प्रयोगात्मक पुस्तकें



पुस्तकों के साथ बच्चे। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी:** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कपूरथला लखनऊ के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार गौतम ने शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव स्थित लाइब्रेरी के बच्चों को एक दर्जन से अधिक प्रयोगात्मक पुस्तकें प्रदान कीं। बच्चों को लेखक नवीन शर्मा की जी एस निधि, एम. लक्ष्मी कान्त की भारत की राज व्यवस्था, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती, यूपी टेट, नेट, जेआरएफ सहित कई प्रतियोगी और ज्ञानवर्धक पुस्तकें दी गईं। अभिषेक कुमार गौतम ने बच्चों को पढ़ाई में मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति की महत्वता बताते हुए कहा कि सफलता की यात्रा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन समर्पण और प्रयास से लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, सुरज यादव, रामू यादव, मो. आरिफ शाह, अंगद कुमार गौतम, पप्पू गौतम, शौरभ यादव, अंकित कुमार, पूजा यादव और हर्षित कश्यप सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### मामूली विवाद में परिवार पर किया हमला, कई लोग घायल

**मसौली, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में खेत में पतंग उठाने गए एक बच्चे के साथ मारपीट के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने घर में घुसकर पूरे परिवार पर हमला कर दिया। घटना में कई लोग घायल हो गए। गांव वासी मो. साबिर के अनुसार, 9 मार्च को उनका भांजा अयान कटी हुई पतंग उठाने के लिए पड़ोसी नबी अहमद उर्फ नब्बी के खेत में चला गया, जहां दो पौधे टूट गए। इसी बात को लेकर नबी अहमद की पत्नी ने अयान की पिटाई कर दी। शोर सुनकर साबिर पहुंचे और माफी मांगते हुए घर लौट आए। आरोप है कि उसी दिन शाम नबी अहमद, शराफत, सद्दाम, वकील उर्फ हबीब, लियाकत, अमीन और सादाब लाठी-डंडा व लोहे की रॉड लेकर एकजुट होकर साबिर के घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। जान बचाने के लिए परिवार के लोग घर के अंदर भागे, लेकिन हमलावर अंदर घुसकर मारपीट करते रहे। आरोप है कि अमीन ने लोहे की रॉड से वार कर साबिर का बायां हाथ तोड़ दिया, जबकि शराफत ने उनकी भतीजी आसमीन के सिर पर लाठी से प्रहार किया। परिवार के अन्य सदस्यों को भी लात-घूंसों से पीटा गया। घटना के दौरान चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे।

### दो नए सामुदायिक केंद्रों को मंजूरी, 1.45 करोड़ रुपये से होगा निर्माण

**बाराबंकी, अमृत विचार:** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देते हुए राज्यमंत्री सतीश शर्मा के प्रयासों से विकासखंड बनीकोडर एवं पूरेडलई में दो सामुदायिक केंद्र (बारात घर) निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। इस निर्णय से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बनीकोडर के ग्राम सूरजपुर में 80 लाख रुपये की लागत से तथा विकासखंड पूरेडलई के ग्राम रहिमापुर में 65 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सामुदायिक केंद्रों का निर्माण कराया जाएगा। इन केंद्रों के बनने से क्षेत्र के गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष रूप से बेटियों के विवाह, बारात ठहराने और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए यह केंद्र अत्यंत उपयोगी साबित होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब उन्हें कार्यक्रमों के लिए महंगे निजी स्थलों या दूर-दराज क्षेत्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे उनका आर्थिक बोझ भी कम होगा। साथ ही, इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक सतीश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को इसी प्रकार गति दी जाती रहेगी। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी।

### मोबाइल व बाइक समेत हिस्ट्रीशीटर दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार:** थाना सतरिख पुलिस ने 'यक्ष ऐप' की मदद से एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार रामू गौतम निवासी रसूलपुर आलमपुर थाना सतरिख को झबरा ताल तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी थाना सतरिख का हिस्ट्रीशीटर है। इसके कब्जे से 5200 रुपये नकद, 8 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, जिनमें से 2 मंजीठा स्थित खाटू श्याम मंदिर और 6 लखनऊ के अर्जुनगंज क्षेत्र से चोरी किए गए थे तथा बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने सतरिख क्षेत्र के मंजीठा गांव स्थित खाटू श्याम मंदिर और लखनऊ में चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है। पुलिस टीम ने घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर संदिग्ध की पहचान 'यक्ष ऐप' के जरिए की, जिससे आरोपी की संलिप्तता की पुष्टि हुई।



फसल में लगी आग। अमृत विचार

### शार्ट सर्किट से लगी आग, 11 बीघा फसल जली

**रामनगर, बाराबंकी:** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्राम बिछलखा में ऊपर से गुजर रही 33 हजार केवी विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 11 बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार शेखर व शैलेंद्र पुत्र शरद दीक्षित के खेत में अचानक आग भड़क उठी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ग्रामीणों के पहुंचने से पहले ही लगभग 7 बीघा गेहूं की फसल जल गई। आग ने पास के खेत को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लालजी पुत्र राम हजारी की करीब 4 बीघा फसल भी जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास की अन्य फसल को बचाया जा सका।

### एमपी में मिला बाराबंकी के युवक का शव

**मसौली, बाराबंकी:** मध्य प्रदेश के कटनी में बाराबंकी निवासी एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी पूर्व प्रधान जगदीश यादव के 31 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार करीब एक वर्ष से कटनी में एक रेलवे ठेकेदार के साथ कार्य कर रहा था। परिजनों के अनुसार, वह 31 मार्च को चित्रकूट एक्सप्रेस से घर लौट रहा था। उसी रात उसकी आखिरी बार फोन पर बात हुई, जिसमें उसने अपनी जान को खतरा बताया। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया।

### एडीजी ने किया कोतवाली का निरीक्षण



निरीक्षण करते एडीजी लखनऊ जोन। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन द्वारा 9 वर्टिकल पायलट प्रोजेक्ट के तहत थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एडीजी लखनऊ जोन प्रवीण कुमार द्वारा 9 वर्टिकल पायलट प्रोजेक्ट के तहत थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण किया गया। यह प्रोजेक्ट ऑफिस मैनेजमेंट, साइबर पुलिसिंग, क्राइम मॉनिटरिंग, महिला सुरक्षा (मिशन शक्ति), ट्रैफिक और बीट ड्यूटी आदि क्षेत्रों को डिजिटल तरीके से सुव्यवस्थित करेगा। इस मौके पर अर्पित विजयवर्गीय, विकास चन्द्र त्रिपाठी, रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, सीओ रामकिशुन राणा, विजय शंकर यादव रहे।

# हर्षोल्लास से मना अरविंद सिंह 'गोप' का जन्मदिन

**बाराबंकी, अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप का जन्मदिवस शुक्रवार को जनपद समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिले की विभिन्न विधानसभाओं तथा प्रदेश के कई जनपदों से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, शुभचिंतक एवं विभिन्न दलों के नेता सिविल लाइन स्थित गोप के आवास पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। गोप के आवास पर दिनभर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने माला, फूल, अंगवस्त्र, गुलदस्ता और प्रतीक चिन्ह भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस मौके पर गोप ने सभी साथियों, मित्रों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, डॉक्टरों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं और सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामसागर रावत, डॉ. पी.एल. पुनिया, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, ज्ञान सिंह यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव 'राजू', पूर्व विधायक राम मगन रावत, रामगोपाल रावत, सरवर अली खां, पंडित रामचंद्र मिश्रा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह सहित तमाम नेता उपस्थित रहे। विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी गोप को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में सामाजिक संस्था सिटीजन फोरम ऑफ बाराबंकी द्वारा सफेदाबाद ग्राम भुहेरा स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भी गोप शामिल हुए। यहां उन्होंने वृद्धजनों के साथ केक काटकर उन्हें केक खिलाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



अरविंद सिंह 'गोप' का जन्मदिन मनाते समर्थक। अमृत विचार

### शोहदे से परेशान युवती ने दी आत्महत्या की चेतावनी

**संवाददाता, सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक गांव की रहने वाली युवती ने एक बार फिर एक शोहदे के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। उसकी हरकतों से आहत युवती ने अब आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। पीड़िता युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अमेठी जनपद के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवक पिछले करीब दो वर्षों से उसे लगातार परेशान कर रहा है, जिससे उसका सामान्य जीवन और आजीविका प्रभावित हो गई है। बताया कि आरोपी युवक द्वारा लगातार उत्पीड़न के चलते उसकी नौकरी भी छूट गई। इस संबंध में उसने पहले ही थाना सफदरगंज में मुकदमा दर्ज कराया था, हालांकि, अब तक मामले में चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है। युवती का आरोप है कि आरोपी उस पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है और लगातार धमकी दे रहा है, जिसके कारण उसका घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। उसने कहा कि इस उत्पीड़न से उसका सामाजिक और पारिवारिक जीवन पूरी तरह प्रभावित है और वह बेहद भयभीत है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

## फोन पर विवाद के बाद युवक लापता

**रामनगर, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र के ग्राम गर्री से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार हरीराम पुत्र सीताराम के बेटे मोहित का विवाह मोहम्मदपुर खाला निवासी वीरेंद्र की पुत्री गीता के साथ हुआ था। वर्तमान में गीता अपने मायके में रह रही है। बताया जा रहा है कि 28 से 30 मार्च के बीच मोहित और उसकी पत्नी के बीच फोन पर किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। परिवार के पूछने पर दोनों में से किसी ने भी विवाद की वजह नहीं बताई। इसी बीच 30 मार्च की सुबह मोहित बिना किसी को बताए घर से निकल गया।

### खौलते पानी से भरे भगोने में गिरा बालक

**देवा, बाराबंकी:** निकाह की तैयारियों के बीच उबलते पानी से भरे भगोने में एक मासूम जा गिरा। उसे गंभीर दशा में सीएचसी ले जाया गया पर डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हुसैनमऊ मजरे कोनगांव में निकाह कार्यक्रम को लेकर खाना बनाने की तैयारी चल रही थी। चावल पकाने के लिए बड़े भगोने में पानी उबाला जा रहा था, इसी बीच खेलते खेलते चार वर्षीय फैजान पुत्र शाहरुख निवासी हुसैनमऊ वहां जा पहुंचा और भगोने में जा गिरा।

**न्यूज ब्रीफ**

### फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के हिनौरा गांव निवासी रामलखन रावत (55) पुत्र स्व. हरीमोहन खेती करने के साथ अपना ऑटो भी चलाता था। उसकी पत्नी सावित्री की एक साल पहले मौत हो गई थी। बाद में रामलखन सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गया था। इसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। शुक्रवार दोपहर घर में वह प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। इससे उसकी मौत हो गई। परिजन शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा है। रामलखन के दो बेटों में विवेक (18) व अनुराग (25) रो-रोकर बेहाल रहे। वहीं चर्चा रही कि कर्ज से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

### मेले में बिछड़े बच्चे को परिजनों से मिलाया

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में कुशहरी देवी मंदिर में अजगैन पुलिस व मेला कमेटी की तत्परता से मेले में बिछड़े बच्चे को सकुशल परिजनों को सौंपा गया। मेला मालिक ज्योतिरादित्य प्रताप सिंह ने बताया कि मंदिर में चल रहे चैतवर मेले में शुक्रवार को मंदिर में श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आए थे। इसमें लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के देवपुर निवासी बेबी भी बेटे शिवराज के साथ आई थी। तभी भीड़ में बच्चा उन लोगों से बिछड़ गया। उसे रोता देख लोगों ने उसे मेला कमेटी कार्यालय पहुंचाया। जहां मौजूद अजगैन कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल संजीव कुमार व मेला कमेटी की तत्परता से उसे परिजनों से संपर्क कर सकुशल सुपुर्द किया गया।

# बाइकों को टक्कर मारकर पलटी स्कॉर्पियो, दो लोगों की मौत

## दुर्घटना में घायल तीन लोग जिला अस्पताल में भर्ती, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



मारूफ



बीरेंद्र सिंह



हादसे की सूचना मिलने पर रोते-बिलखते परिजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत लखनऊ मार्ग पर सुरसेनी के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो दो बाइकों को टक्कर मारते हुए पलट गई। इसमें बाइक सवार 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में मासूम बच्ची सहित 3 लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के पीखी गांव निवासी मारूफ अली (52) पुत्र मासूम अली अपनी पत्नी जरीना (50) व 8 वर्षीय बेटी इकरा के साथ रिश्तेदारी में सुरसेनी गए थे। लौटते समय लखनऊ रोड पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो उसकी व एक अन्य बाइक में टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। साथ ही दूसरी बाइक को भी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों में सवार लोग उछलकर दूर सड़क पर गिर गए। हादसे में मारूफ अली, जरीना, इकरा व दूसरी बाइक पर सवार वीरेंद्र (59) पुत्र जीत बहादुर निवासी कृष्ण नगर बांगरमऊ व उमेश (40) पुत्र श्रीराम निवासी गणेशगंज बांगरमऊ गंभीर घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मारूफ अली व वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं जरीना, इकरा व उमेश को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार घायल अवस्था में ही मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फरार कार चालक की तलाश शुरू की है। कोतवाली प्रभारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**उन्नाव :** उन्नाव-लालगंज हाईवे पर आकमपुर गांव के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ईंट भट्ठा श्रमिक की मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजा है। रायबरेली जिला के लालगंज थाना क्षेत्र के कुड़वल गांव निवासी सोनल (20) पुत्र रविंद्र पासवान कानपुर में एक ईंट भट्ठा में श्रमिक था। गुरुवार सुबह वह घर से ड्यूटी जाने को निकला था। तभी बिहार थानाक्षेत्र के उन्नाव-लालगंज मार्ग पर आकमपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से वह गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर हाईवे की एंबुलेंस उसे सुमेरपुर पीएचसी लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। बेटे की मौत से मां चंदवती व छोटी बहन प्रिया रो-रोकर बेहाल हो गईं। सूचना पर पहुंचे चचेरे बाबा नंदलाल ने बताया कि पिता असम व बड़ा भाई रोशन हरियाणा में मजदूरी करते हैं। घर पर केवल मां व बहन हैं। पिता व भाई ट्रेन में बैठ चुके हैं। शनिवार को उनके पहुंचने की उम्मीद है। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश चल रही है।

### बाइकों की टक्कर में ससुर व दामाद घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव :** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद निवासी राजेश यादव पुत्र मन्नालाल अपने दामाद दिलीप पुत्र रामदयाल निवासी मल्लावां हरदोई को इलाज के लिए शुक्रवार को बिल्हौर ले गए थे। लौटते समय कोतवाली क्षेत्र के भुड्डा चौराहा के पास अचानक सामने से आई दूसरी बाइक उनकी बाइक से टकरा गई। इसमें सड़क पर गिरकर ससुर व दामाद गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी बांगरमऊ लाया गया। जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया।

# संयुक्त टीम ने सुनी लोगों की समस्याएं

शुक्लागंज उन्नाव



मिश्र कॉलोनी में क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं सुनती टीम।

- **नए गंगा पुल से प्रभावित लोगों ने मुआवजे को लेकर जताई आपत्ति**

**अमृत विचार:** गंगा नदी पर बन रहे नए पुल निर्माण को लेकर मिश्र कॉलोनी व सीताराम कॉलोनी के 47 मकान अधिग्रहण की जद में आ रहे हैं। मुआवजे को लेकर असंतोष जता रहे लोगों की शिकायत पर शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी, राज्य सेतु निगम व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम पहुंची और प्रभावितों की समस्याएं सुनीं।

जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर दोपहर 1 बजे टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसमें पीडब्ल्यूडी एई अनिरुद्ध गुप्ता, जेई अखिल गंगवार, राज्य सेतु निगम के जूनियर इंजीनियर कुंदन, नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, कानूनगो मो. अमीन व लेखपाल प्रशांत अवस्थी, आशू श्रीवास्तव, अजय यादव व पंकज मिश्रा शामिल रहे। प्रभावित लोगों ने आरोप लगाया कि उनके मकानों का मूल्यांकन कम किया गया है और मुआवजा सर्किल रेट के अनुसार नहीं दिया जा रहा। उन्होंने मांग की कि उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही नए आवास के लिए भूमि आवंटन भी हो। प्रभावित लोगों ने अपनी मांगों को लिखित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। नायब तहसीलदार ने बताया कि नये सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा दिया जाये, रहने के लिये अलग से जमीन दी जाये। जिस पर उन्होंने कहा कि यदि कोई इस का प्रावधान होगा तो इस पर विचार किया जायेगा। इसकी रिपोर्ट एसडीएम सदर को सौंपी जायेगी।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** कानपुर-लखनऊ हाइवे पर सदर कोतवाली अंतर्गत डंपर की टक्कर से दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र सुमडन खेड़ा गांव निवासी मनीराम 37 अपनी पत्नी चांदनी 32 के साथ मजदूरी करता था। शुक्रवार को चांदनी की मां रामरती की तबियत अचानक बिगड़ गई। इस पर काम से लौटने के बाद मनीराम पत्नी चांदनी को लेकर उसकी बीमार मां को देखने सदर कोतवाली के दुर्गा खेड़ा गांव अपनी ससुराल जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के कानपुर- लखनऊ हाइवे पर शेखपुर नरी गांव के पास स्थित अनामिका ढाबा के सामने तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मनीराम की मौके पर मौत हो गई। वहीं चांदनी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

# टीईटी का विरोध करने शिक्षक दिल्ली रवाना

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



टीईटी अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली के लिए रवाना होते शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 4 अप्रैल को शिक्षकों का विशाल प्रदर्शन होना है। शुक्रवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अखिल भारतीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ व अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के हजारों शिक्षक विभिन्न माध्यम से दिल्ली रवाना हुए हैं।

- **नई दिल्ली के रामलीला मैदान में शिक्षकों का विशाल प्रदर्शन आज**

जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व (दिनेश शर्मा व योगेश त्यागी) के आह्वान पर जिले से हजारों शिक्षक सभी विकासखंडों से बसों, ट्रैवलर, चौपहिया वाहनों व ट्रेनों से दिल्ली कूच कर रहे हैं। जूनियर शिक्षक संघ के महामंत्री रामजन्म सिंह, कोषाध्यक्ष सरल कुमार, संरक्षक राघवेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, महामंत्री गजेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि हर विकासखंड से शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली रामलीला मैदान में धरना देने जा रहे हैं। कहा कि सभी विकासखंडों से बसों से शिक्षक दिल्ली पहुंच रहे हैं। कुछ आज सवेरे पहुंच गए हैं। शेष रात से कल सुबह तक पहुंचेंगे।

# धोखाधड़ी व गबन करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**उन्नाव, अमृत विचार :** दही थाना में दर्ज धोखाधड़ी व गबन के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक निजी फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर की तहरीर पर वर्ष-2025 में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इसमें शाखा कर्मियों पर महिलाओं से लोन की रकम वसूल कर गबन करने का आरोप लगा था। बता दें कि विकास पुत्र सुखवीर सिंह निवासी गांव टेनई कोरारी कला थाना माखी ने दही थाने में तहरीर दी थी कि वह भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड उन्नाव में ब्रांच मैनेजर है। बताया कि हमारी कंपनी में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में स्वरोजगार हेतु निर्धन महिलाओं को सूक्ष्म लोन देकर साप्ताहिक ऋण वसूली कर संगम मैनेजर बीसीएम के पास धनराशि जमा की जाती है। शाखा के ब्रांच कैडिट मैनेजर (बीसीएम) सुरेश पुत्र पूर्णमासी निवासी सेंहगो पश्चिम गांव रायबरेली ने ब्रांच के सेफ लॉकर में रखे 3,83,841 रुपए तत्कालीन शाखा प्रबंधक सनोज कुमार के साथ मिलकर निकाले थे। ऑडिट में पकड़ में आया कि सुरेश, सनोज व शीतला प्रसाद ने मिलकर महिलाओं से वसूला गया लोन का रुपया भी कंपनी में जमा नहीं कराया। ऑडिट में करीब 16.98 लाख के गबन का मामला सामने आया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर इसकी जांच शुरू की। इसके बाद शुक्रवार को दरोगा पंकज सोनकर ने फोर्स के साथ सुरेश कुमार को बछरावां पुल के नीचे से पकड़ लिया। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि एक आरोपी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया। अन्य की तलाश जारी है।

# भाजपाइयों ने बैठक कर बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाजपा जिला कार्यालय में आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों व पार्टी के 47वें स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लेकर उपस्थित पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां दी गईं।

बैठक में तय हुआ कि आगामी 4 व 5 अप्रैल को शेष बचे मंडलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इसके तहत सफीपुर विधानसभा के रसूलाबाद, मियागंज, हैदराबाद व उन्नाव सदर के गंगाघाट मंडल के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। 6 अप्रैल को पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर जिला स्तर से बूथ स्तर तक कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है। स्थापना दिवस पर हर बूथ कार्यकर्ता अपने घर पर भाजपा का झंडा फहराकर व सेल्फी लेकर 'सरल ऐप' व सोशल मीडिया पर अपलोड करेगा। जिला कार्यालय में हनुमान चालीसा पाठ, आतिशबाजी व नए पदाधिकारियों का अभिनंदन होगा। संगठन ने जनसंपर्क बढ़ाने के लिए हर विधानसभा की 50 चयनित ग्राम सभाओं में प्रवास की योजना बनाई है।

- **भाजपाइयों ने 47वें स्थापना दिवस को भव्य बनाने को लेकर की बैठक**

### इंद्रानगर में चलाया गया सफाई अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन के निर्देश पर वार्ड-3 इंद्रा नगर में विशेष सफाई अभियान चला। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देशन में सफाई कर्मियों की टीम ने क्षेत्र की सभी गलियों में व्यापक सफाई की। इस दौरान सड़कों पर झाड़ू लगाने के साथ नालियों की सफाई कर सिल्ट निकाल कर हटाई गई। संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत एंटी लार्वा दवा का छिड़काव भी कराया गया और चूने का भी प्रयोग किया गया। ताकि मच्छरों व गंदगी से होने वाली बीमारियां रोकी जा सकें। वहीं, शाम को कई वार्डों में फॉगिंग भी हुई। ईओ ने बताया कि यह अभियान पूरे माह जारी रहेगा और नगर के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। जिससे लोगों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिल सके।

### पूर्णिमा विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल घोषित

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** देवारा कलां स्थित पूर्णिमा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा फल घोषित हुआ। इसमें विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को रिजल्ट बांटा गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल व प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसमें विद्यालय संचालक राजेन्द्र मिश्रा, प्रधानाचार्य रविशंकर द्विवेदी व सह प्रधानाध्यापिका स्मृति अवस्थी ने बच्चों का पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्रों को आगे भी मेहनत व लगन से पढ़ाई करने को प्रेरित किया। इसमें अभिभावक भी उपस्थित रहे। जिन्होंने बच्चों की उपलब्धियों पर खुशी जताई। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर उन्हें निरंतर प्रगति करने का संदेश दिया।



परीक्षाफल व मेडल दिखाते पूर्णिमा के मेधावी। • अमृत विचार

### पाइप लाइन टेस्टिंग में बहा सैकड़ों लीटर पानी

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर में अमृत योजना के तहत डाली गई भूमिगत जल पाइप लाइनों की टेस्टिंग के दौरान पानी की भारी बर्बादी सामने आई है। शुक्रवार को इंद्रा नगर समेत आसपास के क्षेत्रों में जल निगम द्वारा पाइप लाइनों की जांच की गई। लेकिन इस दौरान कई स्थानों पर लापरवाही के चलते सैकड़ों लीटर पानी बह गया। जानकारी के अनुसार जल निगम टीम ने दोपहर में टेस्टिंग के लिए विभिन्न गलियों में बने चैंबरों से जलापूर्ति चालू की। हालांकि कई घरों में दिए गए कनेक्शन पर टोटियां नहीं लगी थीं। जिससे खुले पाइपों से पानी सड़कों पर बहने लगा। करीब 1 घंटे तक पानी बहता रहा और सड़कों पर जलभराव जैसी स्थिति बन गई। विभाग का कहना है कि टेस्टिंग का उद्देश्य पाइप लाइनों में लीकेज, क्रैक या अन्य तकनीकी खामियों की पहचान कर समय रहते मरम्मत करना है। जहां भी खामियां मिल रही हैं वहां खुदाई कर सुधार किया जा रहा है।

### 24 घंटे में 13 बच्चों में मिले डायरिया के लक्षण, भर्ती

**उन्नाव, अमृत विचार :** बदलता मौसम नौनिहालों पर भारी पड़ रहा है। उनमें उल्टी-दस्त के लक्षण बढ़ते जा रहे है। इसके चलते जिला अस्पताल में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। बीती रात से शुक्रवार तक 13 बच्चों को डायरिया के लक्षण मिलने पर इमरजेंसी में भर्ती किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, भर्ती बच्चों में उल्टी, दस्त, कमजोरी व डिहाइड्रेशन के लक्षण मिले हैं। सभी को तत्काल उपचार देते हुए ओआरएस घोल, दवाएं व ड्रिप चढ़ाई जा रही है। बाल रोग विशेषज्ञों के मुताबिक गर्मी बढ़ने से खाद्य पदार्थ जल्दी खराब हो जाते हैं। दूषित पानी व खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन डायरिया का प्रमुख कारण बन रहा है। इसकी चपेट में बच्चे पहले आ जाते हैं।



जिला अस्पताल में भर्ती बच्चा। • अमृत विचार

# छह घंटे बिजली गुल रहने से लोग परेशान

शुक्लागंज उन्नाव



कुंदन रोड सब स्टेशन में होता कार्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** शुक्रवार को कुंदन रोड स्थित 132 केवी सब स्टेशन में नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के चलते करीब 6 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की सप्लाई बंद रहने से लाखों उपभोक्ता गर्मी में परेशान रहे।

बता दें कि शुक्रवार को विद्युत विभाग द्वारा 40 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया गया। इसके चलते पूरे क्षेत्र की आपूर्ति बंद करनी पड़ी। अचानक आपूर्ति ठप होने से लोगों ने विभाग से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। गर्मी के बीच बिजली न होने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। इससे पेयजल संकट गहरा गया और लोगों को परेशानी हुई। कटौती का असर बाजारों पर भी पड़ा। छोटे दुकानदारों व व्यापारियों को बिना बिजली के काम प्रभावित होने से नुकसान उठाना पड़ा। शाम करीब 6 बजे कार्य पूरा होने पर आपूर्ति बहाल हुई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। विभाग के अनुसार नया ट्रांसफार्मर लगने से गर्मी में ओवरलोड की समस्या कम होगी और अघोषित कटौती से राहत मिलेगी। विभाग ने दावा किया कि अब केवल तय रोस्टिंग के अनुसार ही बिजली कटौती की जाएगी।

# 154वें रामोत्सव की तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



कार्यक्रम की जानकारी देते संस्था अध्यक्ष संजय राठी व अन्य पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** श्री रामलीला कमेटी अपने 154वें वार्षिकोत्सव पर शनिवार को शहर में भव्य रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भक्ति व उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

अध्यक्ष संजय राठी ने बताया कि शनिवार शाम 6 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। इसमें पंडित विनय तिवारी के सानिध्य में भक्त सुंदरकांड पाठ का आनंद लेंगे। आध्यात्मिक शांति के लिए गंगा आरती व उत्सव के रंग में सराबोर होने के लिए फूलों की होली खेली जाएगी। समापन पर विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। महामंत्री प्रेम सिंह सेंगर ने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर प्रभु श्री राम के इस उत्सव का आनंद लें और प्रसाद ग्रहण करें। कार्यक्रम संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी ने इसे जिले का अनूठा व पहला कार्यक्रम बताया। जो सामाजिक समरसता व भक्ति को बढ़ावा देगा।

- **आज होगा भव्य सुंदरकांड व फूलों की होली का आयोजन**

बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष उमानिवास बाजपेई, मनीष सिंह सेंगर, प्रभात सिन्हा, दीप मिश्रा, योगेंद्र प्रताप सिंह, मोतीलाल गुप्ता, कौशल किशोर यादव, प्रेम मिश्रा, इंदु प्रकाश अवस्थी, विग्नेश, एसपी गुप्ता, रितेश जायसवाल, राजा गुप्ता, महेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा के पंखों से उड़ान भरने का लिया संकल्प

**उन्नाव, अमृत विचार :** सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा कंपोजिट में शिक्षकों व अभिभावकों द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। इसमें बच्चों की वर्ष भर की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए उड़ान वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर व पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा, ग्राम प्रधान अनिल कुमार व एसएमसी अध्यक्ष विनोद कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। रितिका ने सरस्वती वंदना, सरोजिनी व राधिका ने अतिथियों व कक्षा 8 के बच्चों का रोली लगाकर स्वागत किया। बच्चों द्वारा टन-टन टन-टन घंटी बजी, स्कूल तुमको पुकारे पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र गगन ने संस्कृत में गणेश वंदना प्रस्तुत की। शिक्षिका डॉ. रचना सिंह ने बताया कि कक्षा 8 की छात्राएं पुष्पा, पायल व अंशिका राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता की विजेता हैं। पुष्पा ने इस वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है। मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की व सफल बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसमें इंचार्ज शिक्षिका किरन अग्निहोत्री, सहायक शिक्षिका रेखा सिंह, शोभना मिश्रा, अंकिता अवस्थी, अगम सिंह, अनीता निषाद, कहकशां खातून व रवि द्विवेदी मौजूद रहे।



पुरस्कृत बच्चों के साथ अतिथि व शिक्षक। • अमृत विचार

**रेलवे का मेगा ब्लाक** | शुक्रवार को मेगा ब्लॉक के दौरान रेल कर्मियों ने 42 एचबीम स्लीपर डालने का कार्य पूरा किया

# दूसरे दिन रेलवे पुल पर 38 एचबीम स्लीपर डाले गए, तेजी से जारी कार्य

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव



रेलवे पुल पर एचबीम स्लीपर डालने का होता कार्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगा रेलवे ब्रिज की डाउन लाइन पर पुराने स्टील ट्रफ व स्लीपर हटाकर नए एचबीम चैनल स्लीपर डालने का कार्य दूसरे दिन भी युद्धस्तर पर हुआ। रेलवे द्वारा 38 दिनों तक रोह 8 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर यह कार्य पूरा किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह 9:50 से शाम 5:50 बजे तक चले मेगा ब्लॉक के दौरान रेल कर्मियों ने 42 एचबीम स्लीपर डालने का कार्य पूरा किया।

बता दें कि रेलवे द्वारा यह कार्य 2 अप्रैल से शुरू हुआ है। इसमें करीब 200 कर्मचारियों की टीम लगी है। लखनऊ मंडल के टीआई अनिलेश कुमार, एक्सक्लूसिव इंजीनियर रामलखन सचान, सीनियर डीईएन राहुल सिंह, डीईएन-5 प्रवीण सिंह, डिप्टी ब्रिज नितिन, एसएससी ब्रिज नवनीत यादव, जेई ब्रिज रविंद्र शर्मा व अखिलेश पाठक आदि अधिकारियों की निगरानी में कार्य हो रहा है। दूसरे दिन तक कुल 76 एचबीम स्लीपर डाले जा चुके हैं। मेगा ब्लॉक समाप्त होने के बाद डाउन लाइन पर ट्रेनों को 15 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुल से गुजारा गया। वहीं कार्य को लेकर पूरे पुल में 4 कैमरे भी लगवाये गये हैं।

### कार्य में तेजी लाने की तैयारी

रेलवे अफसरों के अनुसार एक दिन में करीब 50 एचबीम स्लीपर डालने का लक्ष्य निर्धारित है। हालांकि दूसरे दिन कार्य अपेक्षा से कुछ धीमा रहा। लेकिन आने वाले दिनों में गति बढ़ाकर तय समय में कार्य पूरा करने की योजना है।

### अप व डाउन लाइन पर गति सीमा लागू

डाउन लाइन पर कार्य के चलते रेलवे ने सुरक्षा के मद्देनजर अप लाइन पर भी सावधानी बरती जा रही है। अप लाइन की ट्रेनों के लिए 75 किमी प्रति घंटा की सामान्य गति घटाकर 30 किमी प्रति घंटा कर दी गई है। जबकि डाउन लाइन पर मेगा ब्लॉक समाप्त होने के बाद 15 किमी प्रति घंटा की सीमा लागू है।

### गैस कटर की चिंगारी से लगी आग

कार्य के दौरान गैस कटर मशीन से पुराने स्लीपर काटते समय निकली चिंगारी से पास में रखी बोरियों में आग लग गई। इससे वहां कुछ देर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि कर्मचारियों ने तुरंत बोरियों को नीचे फेंककर आग पर काबू पा लिया। इसके बाद कार्य पुन: शुरू कर दिया गया।

### मजदूरों को उपलब्ध कराई गई सुरक्षा किट

भीषण गर्मी व लोहे के ढांचे के अत्यधिक गर्म होने को देखते हुए कार्य में लगे करीब 100 मजदूरों को सेफ्टी किट दी गई। इसमें जूते, ग्लव्स व दस्ताने शामिल हैं। इससे वे सुरक्षित रहकर तेजी से कार्य कर सकें।

न्यूज ब्रीफ

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। 1 अप्रैल को पुलिस ने सूचना के आधार पर ग्राम हैबतपुर निवासी सोनू वर्मा वर्मा को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अदद 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ। इस मामले में थाना बिलग्राम पर मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई जारी है।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ छेड़छाड़, गाली-गलौज और मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को पीड़िता की दादी ने थाना बिलग्राम में तहरीर देकर बताया कि ग्राम बिरौरी निवासी राजपाल ने उसकी नाबालिग पोती के साथ छेड़छाड़ की, विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट भी की। पुलिस ने तत्काल धारा पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस टीम ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### अग्निपीड़ितों को बांटी गई राहत सामग्री

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के गांव मलहन पुरवा में बीते दिनों हुए भीषण अग्निकांड ने कई परिवारों को गहरा आघात पहुंचाया है। इस घटना में अनेक घर जलकर खाक हो गए थे। जिससे पीड़ित परिवारों के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया। इसकी जानकारी होने पर पूर्व सांसद व जिला प्रशासन ने पीड़ितों को राहत देने का काम किया है। समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव व जिले की पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों का हाल जाना और प्रभावितों को अनाज, कपड़े, बर्तन, तिरपाल सहित अन्य जरूरी सामग्री बांटी। ताकि वे जीवन दोबारा शुरू कर सकें। उन्होंने पीड़ितों को सांत्वना दी।

# वीडियो बनाने के बाद युवक ने कीटनाशक निगलकर दी जान

## कानपुर से आकर उन्नाव के बक्सर में गंगातट पर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर के बर्रा निवासी युवक का शव बक्सर घाट के गंगातट पर पड़ा मिला। कार के नंबर से पुलिस ने उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें उसके कीटनाशक निगलने से मौत होने की पुष्टि हुई। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया। युवक ने खुदकुशी से पहले एक वीडियो बनाकर अपने पिता को भेजा। जिसमें उसने पत्नी व उसके भाइयों पर आरोप लगाए।

बारासगवर थानाक्षेत्र के बक्सर स्थित नमामि गंगे घाट पर एक युवक का शुक्रवार सुबह शव पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जांच में कुछ दूर पर एक लावारिश कार भी खड़ी मिली। जिसके नंबर से पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। इस पर कानपुर के बर्रा थानाक्षेत्र के मोहल्ला बर्रा-2 निवासी पिता राकेश भाटिया ने शव की पहचान इकलौते बेटे आशुतोष (35) के रूप में की। पिता ने बताया कि उनका कार रिपेयरिंग का गैराज व ऑटो पार्ट्स की दुकान है। बेटा उनके काम में हाथ बंटाता था। लेकिन बीते 6 माह से वह गैराज नहीं जाता था। उसका पत्नी यामिनी से अक्सर विवाद होता था। करीब 15 दिन पहले आशुतोष बहु व 6 साल की बेटी प्रियांशी को कल्याणपुर निवासी बहु के रिश्तेदार के घर छोड़ आया था। वह सुबह 11 बजे घर से निकला था। उसके बाद घर के शाम को घर आया लेकिन उसके बाद रात में उसका वीडियो संदेश आया जिसमें उसने अपने फरीदाबाद निवासी दो सालों व पत्नी के अवैध संबंध का जिक्र करते हुए खुदकुशी करने की बात कही। लेकिन वह रात में वीडियो संदेश देख नहीं पाया। बाद में उसने कीटनाशक निगल लिया तो सुबह उन्हें पुलिस से सूचना मिली। पुलिस की जांच में पता चला कि आशुतोष दोपहर से ही कार से वहीं आसपास घूम रहा था। उसने कई बार पानी की बोतल खरीदने पर आनलाइन पेमेंट भी किया। वहीं लोगों में चर्चा रही कि आशुतोष शराब पीकर पत्नी से मारपीट करता था। उसने पत्नी का फोन भी अपने पास रखा था। एसओ धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। कीटनाशक निगलने से मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजन तहरीर देंगे तो जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



आशुतोष की फाइल फोटो।

# दिल्ली में महारैली के लिए हरदोई से सैकड़ों शिक्षक रवाना, भरेंगे हुंकार



मांगों को लेकर नारेबाजी करते शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने जनपद के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से अपील कि शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली को सफल बनायें। जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने कहा कि शनिवार को रामलीला मैदान, दिल्ली में होने वाली यह रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हमारे स्वाभिमान, हमारे अधिकार और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की लड़ाई है। यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति, एक जिले या एक संगठन की नहीं है, यह पूरे शिक्षक समाज के सम्मान की लड़ाई है। बता दें कि टीईटी की अनिवार्यता को लेकर देश भर में शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं।

# एंटी रोमियो टीम ने बताया गुड टच, बैड टच में फर्क

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति-5.0 अभियान के दूसरे चरण में मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम ने गांव-गांव में चौपाल लगाकर वहां एकत्र हुई महिलाओं व बालिकाओं को गुड टच-बैड टच के बारे में बताया। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 108, 102 के अलावा साइबर क्राइम से बचने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी व जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

मिशन शक्ति के दूसरे चरण में एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें आत्म रक्षा के टिप्स दिए। सुरसा थाने के मन्नापुरवा में एसआई सुरेखा शर्मा ने तमाम जानकारियां दी। मल्लावां कस्बे में कांस्टेबिल ज्योति शुक्ला, पूनम वर्मा, मंजेश राजा ने हेल्प लाइन नंबरों के बारे में बताया। अरवल थाने के करनपुर में लगाई गई चौपाल में हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं को पर्चे वितरित किए गए। बिलग्राम कोतवाली के मंशानाथ मंदिर में हेड कांस्टेबिल रंजीत कुमार, महिला कांस्टेबिल शक्ति चौहान व सीमा ने महिलाओं को जागरूक किया। बेनीगंज कोतवाली के प्रतापपुर में चौपाल का आयोजन कर एसआई उत्तम कुमार व महिला कांस्टेबिल पूजा त्यागी और पुष्पा यादव ने महिलाओं व बालिकाओं को आत्म रक्षा के टिप्स दिए और साइबर क्राइम से बचने के बारे में जानकारी दी। पाली थाने के असमधा में लगाई गई चौपाल एसआई घनश्याम बिंद व महिला कांस्टेबिल संगीता चौहाना और प्रियंका उपाध्याय ने हेल्प लाइन नंबर, गुड टच- बैड टच और आत्मरक्षा के टिप्स दिए।

वहीं कछौना थाना की एंटी रोमियो टीम ने कस्बे में एक व्यापक चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया। उपनिरीक्षक समीक्षा कटियार और महिला कांस्टेबल रीता वर्मा के नेतृत्व में टीम ने कस्बे के विभिन्न भीड़-भाड़ वाले इलाकों और गलियों में गश्त की। छात्राओं और महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



बेनीगंज में महिलाओं को जागरूक करती मिशन शक्ति की टीम।

# सड़क हादसे में मारे गए चेयरमैन पति की गाड़ी से मिले रुपये पुलिस ने उनके बेटे को सौंपे

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** बुलंदशहर से लखनऊ जाते समय बीती 27 मार्च 2026 को आगरा-लखनऊ रोड पर हुए हादसे में पहासू की चेयरमैन ताबीर अजमल के पति छोटे अजमल की मौत हो गई। जबकि चालक को नींद आने से उनकी गाड़ी हाईवे पर काम करने वाली ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई थी। पुलिस के अनुसार, आगरा से आ रही कार के चालक मो. राज को अचानक नींद आ गई थी। इससे उनकी गाड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा घुसी थी। यह हादसा किमी संख्या-265 पर हुआ था। जहां यूपीडा की ट्रैक्टर-ट्राली डिवाइडर पर लगी घास लेबरों के साथ साफ कर रही थी। हादसे में पीछे बैठे छोटे अजमल पुत्र रसीद निवासी पठान टोला पहासू थाना पहासू जिला बुलंदशहर की मौके पर मौत हो गई थी। छोटे अजमल पहासू चेयरमैन ताबीर अजमल के पति थे और उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे थे। एसओ औरास संजीव कुशवाहा ने बताया कि उनकी कार से 1 लाख 24 हजार रुपये बरामद हुए थे। जो अब उनके बेटे तलहा को सुपुर्द कर दिए गए हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिग्नल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या:** 24 वर्ष 2026; **कार्य का विवरण:** STP स्टेशन पर मौजूदा ट्रैक सर्किट के अतिरिक्त MSDAC की व्यवस्था। **अनुमानित लागत(₹):** ₹5,57,67,275.89; **बयाना राशि:** ₹11,15,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹00.00; **कार्य समापन अवधि:** 06 माह; **निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय:** 23.04.2026 को 15:00 बजे। **नोट:** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

मुजाधि/सिग्नल–03 वमसिदूई, लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल (वर्ष 2019–2020 रोल नंबर 1905206) का अंकपत्र वास्तव में खो गए हैं। मैंने राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज बाबा बाजार भवानी पुर रूदौली अयोध्या से हाईस्कूल उत्तीर्ण किया है। **आकाश त्रिपाठी पुत्र बंशी लाल त्रिपाठी ग्राम पूरे पंडित कटरा इस्लामपुर सुबेहा जिला– बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा इण्टरमीडिएट (वर्ष 2019 –2020 रोल नंबर 1533536) का अंकपत्र वास्तव में खो गए हैं। मैंने राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज बाबा बाजार भवानी पुर रूदौली अयोध्या से इन्टर मीडिएट उत्तीर्ण किया है। **महिमा त्रिपाठी पुत्री बंशी लाल त्रिपाठी ग्राम पूरे पंडित कटरा इस्लामपुर सुबेहा जिला–बाराबंकी।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली निविदा" आमंत्रित करते हैं:– **क्रम सं.-1,** कार्य का नाम: समइं/पश्चिम/मऊ कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत 47 अदद समपार पर आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिये फिजिबिलिटी अध्ययन सर्वेक्षण और डीपीआर को तैयार करना। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2026-01, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 2,72,40,115/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 5,44,800/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 28-04-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का नाम: समइं/लाइन/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत 84 अदद समपार पर आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिये फिजिबिलिटी अध्ययन सर्वेक्षण और डीपीआर को तैयार करना। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2026-02, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 4,86,84,461/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 9,73,700/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 28-04-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का नाम: समइं/पूर्व/मऊ कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत 43 अदद समपार पर आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिये फिजिबिलिटी अध्ययन सर्वेक्षण और डीपीआर को तैयार करना। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2026-03, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 2,49,21,808/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 4,98,400/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 28-04-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 09 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-01 से एनईआर-बीएसबी-2026-03 दिनांक 28-04-2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-03

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# विश्व स्वलीनता दिवस पर विशेष : ऑटिज्म को समझें, अपनाएं व जागरूक बनें

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** हर वर्ष दो अप्रैल को विश्व स्वलीनता जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को ऑटिज़्म के प्रति जागरूक करना और ऐसे बच्चों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। आज भी समाज में इस स्थिति को लेकर कई भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करना बेहद जरूरी है। स्वलीनता स्पेक्ट्रम विकार एक न्यूरो-डेवलपमेंटल अवस्था है, जो बच्चे के व्यवहार, संचार और सामाजिक जुड़ाव को प्रभावित करती है। ऐसे बच्चे सामान्य बच्चों से अलग तरीके से दुनिया को समझते और प्रतिक्रिया देते हैं। यह कोई संक्रामक या मानसिक बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क के विकास से जुड़ी एक विशेष स्थिति है। इससे जुड़े कुछ प्रमुख संकेतों में बोलने में देरी, नाम पुकारने पर प्रतिक्रिया न देना, आंखों से संपर्क कम करना और अकेले रहना शामिल हैं। कई बच्चे एक ही गतिविधि को बार-बार दोहराते हैं और अपनी दिनचर्या में बदलाव से असहज हो जाते हैं। छोटे बदलाव भी उन्हें परेशान कर सकते हैं, जिससे वे चिड़चिड़े या आक्रामक हो सकते हैं।

आमतौर पर इसके लक्षण डेढ़ से तीन साल की उम्र के बीच दिखाई देने लगते हैं। ऐसे में यदि माता-पिता को बच्चे के व्यवहार या विकास में कुछ अलग नजर आए, तो विशेषज्ञ से परामर्श लेना जरूरी है। समय पर पहचान होने से बच्चे के विकास में काफी सुधार संभव है।

विशेषज्ञों के अनुसार, ऑटिज़्म का कारण परवरिश नहीं, बल्कि आनुवंशिक और मस्तिष्कीय विकास से जुड़े कारक होते हैं। इसका पूर्ण इलाज संभव नहीं है, लेकिन स्पीच थेरेपी, व्यवहार प्रशिक्षण और विशेष शिक्षा के माध्यम से बच्चों की क्षमताओं को बेहतर बनाया जा सकता है।

समाज को ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। उन्हें समझना, अपनाना और आगे बढ़ने के अवसर देना ही सच्ची जागरूकता है।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अवनी जायसवाल था जो बादल करके आराधना जायसवाल हो गया है भविष्य में अब मुझे इसी नाम से जाना जाए, –सलेमपुर पतोरा मोहन रोड लखनऊ

**आवश्यकता है**

बस वैन चालकों, म्यूजिक शिक्षको की। वायोडाटा शैक्षिक अंकपत्रो के साथ शीघ्र सम्पर्क करें। **प्रधानाचार्या, बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी, बेलीगारद, सेक्टर–पी अलीगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं **प्रदीप कुमार अवस्थी (सपत्नीक) पुत्र स्व. करुणा शंकर अवस्थी, निवासी– M.E. 280 मिनी एमआईजी हेमन्त विहार बर्रा–2, कानपुर,** मैं अपने पुत्र अभिषेक दीप अवस्थी एवं पुत्रवधू शिवानी अवस्थी के आचरण एवं गलत व्यवहार के कारण सभी प्रकार से सम्बन्ध/विच्छेद करता हूँ। भविष्य में उनके लेन/देन/किसी कुकृत्य से हमारा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

मैने अपना नाम Nida Juned Kamar Sayyad से बदलकर Sayyeda Nida Fatima कर लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Nida Juned Kamar Sayyad W/O Aashiqur Rahman, R/O 655A/2/1536, Adil Nagar, Near Presidency Public School, Vikas Nagar, District - Lucknow, Uttar Pradesh-226022-

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड पैन कार्ड सहित हाई स्कूल से लेकर सभी शिक्षण अभिलेखों में मेरा नाम राम मोहन सिंह दर्ज है लेकिन किसी त्रुटिवश पासपोर्ट में मेरा नाम राम मोहन चौहान दर्ज हो गया है। मुझे मेरे सही नाम राम मोहन सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए। **राम मोहन सिंह पुत्र बलराम सिंह चौहान निवासी डी.एस.सी.एल शुगर लोनी आंझी शाहाबाद हरदोई**

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 218505743 में त्रुटिवश श्रेय सोनी व जन्म तिथि 04–09–2008 दर्ज है। जबकि आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में शौर्य सोनी व जन्म तिथि 04–09–2010 दर्ज है, जो सही है। अब मेरे पुत्र को शौर्य सोनी व जन्म तिथि 04–09–2010 के नाम से जाना पहचाना व भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में दर्ज किया जाए। **सुरेश कुमार सोनी पुत्र देव नारायण निवासी ग्राम व पोस्ट खीरो, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मीसम अब्बास व पुत्रवधू साईमा जैदी के गलत आचरण व अपराधिक कृत्यों के चलते दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में दोनों के कृत्यों या लेन देन से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा। **अजादार हुसैन जैदी पुत्र अबरार हुसैन जैदी निवासी – मोहल्ला कोट कला करबा पिहानी हरदोई**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ALTAF था अब मैंने बदलकर अपना नाम MO ALTAF रख लिया है अब भविष्य में मुझे MO ALTAF के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- BARKAT ALI R/O- 226/84, BAGH MOULVI ANWAR, POST-CHOWK, THANA WAZIRGANJ, LUCKNOW

**सूचना**

पहले मेरा नाम HINA WAZID था अब मैंने बदलकर अपना नाम HINA WAJID रख लिया है अब भविष्य में मुझे HINA WAJID के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- WAZID HASAN R/O- E-5/134, AVAS VIKAS COLONY, RAJAJIPURAM, LUCKNOW


# नहाते समय गंगा में डूबा लखनऊ का युवक

**उन्नाव, अमृत विचार।** बक्सर घाट पर दोस्तों के साथ गंगा नहाते समय एक युवक गहरे पानी में चला गया। शोर सुन नाविकों ने पानी में छलांग लगा उसे बचाने की कोशिश की लेकिन बहाव तेज होने से वह सफल नहीं हुए। एसडीएम ने गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश शुरू कराई है। लेकिन अभी उसका पता नहीं चला है।

बता दें कि लखनऊ के इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी आदित्य नारायण (46) पुत्र सूर्य नारायण एक निजी फार्मा कंपनी में नौकरी करता हैं। शुक्रवार को वह दोस्तों नीलेश, शुभम शुक्ला व आशीष अवस्थी के साथ कार से बारासगवर के बक्सर धाम स्थित मां चंद्रिका देवी के दर्शन करने आए थे। दर्शन से पूर्व शोभन आश्रम में बने हनुमान मंदिर के पीछे गंगा स्नान कर रहे थे। तभी अचानक आदित्य गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों की चीख सुन नाविकों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन इससे पहले वह तेज बहाव में फंसकर ओझल हो गया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बक्सर राजेंद्र मिश्रा ने गोताखोरों को बुलाकर युवक की तलाश शुरू कराई। लेकिन उसका पता नहीं चला। एसडीएम रणवीर सिंह, सीओ मधुपनाथ मिश्रा, एसओ धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने भी सर्च अभियान का जायजा लिया। एसडीएम ने गंगाघाट से गोताखोरों को भी बुलाया। लेकिन उन्हें भी फिलहाल सफलता नहीं मिली है। पुलिस ने आदित्य की पत्नी अनुराधा को सूचना दी है। इसकी खबर मिलने से पत्नी व इकलौती बेटी स्वाति बक्सर के लिए निकली है। सीओ ने बताया कि तलाश कराई जा रही है। अभी युवक का पता नहीं चला है।



मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी।


**कार्यालय-मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बाराबंकी।**

पत्रांक 16/लेखा/टेण्डर/2026–27 दिनाँक: 03.04.2026

**ई–टेण्डर नोटिस**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जनपद बाराबंकी के अन्तर्गत बृहद गोसंरक्षण केन्द्र एवं विभिन्न विकास खण्डों में स्थापित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर संरक्षित पशुओं तथा दैवीय आपदा (बाढ/सूखा) के समय बाढ/सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के भरण–पोषण हेतु चारे की व्यवस्था अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में (निविदा प्रकिया पूर्ण होने की तिथि से दिनाँक 31–03–2027 तक) भूसे (गेहूँ) की आपूर्ति हेतु प्रति कुन्तल की दर अनुबन्ध में एकरूपता बनाये रखने एवं न्यूनतम दर वाली फर्म के चयन हेतु विभिन्न फर्मो/एजेन्सियों से आनलाइन ई–निविदा उ0प्र0 की वेबसाइट (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता द्वारा निविदा की समस्त नियम व शर्ते उक्त वेबसाइट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। दिनाँक 04–04–2026 से निविदा प्रस्तुत किया जा सकता है। निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 16–04–2026 (अपरान्ह 12.00 बजे तक) होगी तथा निविदा उसी दिन दिनाँक 16–04–2026 (अपरान्ह 2.00 बजे) को खोली जायेगी।

(डा0 विनोद कुमार)
मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,
बाराबंकी।

**कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बाराबंकी**

पत्रांक– 15/लेखा/भूसा टेण्डर/2025–26/ दिनाँक–03.04.2026

**कार्यालय आदेश**

इस कार्यालय के आदेश संख्य 2516/लेखा/भूसा टेण्डर/2025–26/दिनाँक–12.03.2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में जनपद बाराबंकी के अन्तर्गत बृहद गोसंरक्षण केन्द्र एवं विभिन्न विकास खण्डों में स्थापित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर संरक्षित पशुओं तथा दैवीय आपदा (बाढ/सूखा) के समय बाढ/सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के भरण–पोषण हेतु चारे की व्यवस्था अन्तर्गत दिनाँक 01–04–2026 से 31–03–2027 तक भूसा (गेहूँ) की आपूर्ति हेतु प्रति कुन्तल की दर अनुबन्ध में एकरूपता बनाये रखने एवं न्यूनतम दर वाली फर्म के चयन हेतु विभिन्न फर्मो/एजेन्सियों से आनलाइन ई–निविदा उ0प्र0 की वेबसाइट (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से टेण्डर आई संख्या **2026_UPAHD_1124674_1 Dt 13-03-2026** के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित करते हुए समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उक्त ई–निविदा प्रकिया दिनाँक 24 व 25.03.2026 को सम्पन्न हुयी थी, जिसे कतिपय अपरिहार्य कारणों से तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

(डा0 विनोद कुमार)
मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,
बाराबंकी।


# महादेव व बालाजी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर में बीते गुरुवार को मोहल्ला भटपुरी व खत्रियाना स्थित मंदिरों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भजनों की धुनों व महाआरती के स्वर से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

मोहल्ला भटपुरी स्थित श्री पंचेश्वर महादेव व बालाजी दरबार में प्रमुख सेवादार रवि शंकर दीक्षित के सानिध्य में विशेष अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रातः काल विधिविधान से हवन व महाआरती हुई। इसके बाद बाबा का दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद विशाल भंडारा हुआ। जो देररात तक चलता रहा। लखनऊ से आई जागरण पार्टी ने पूरी रात शिव व राम-भक्ति के भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, मोहल्ला खत्रियाना स्थित श्रृंगार गौरी बालाजी सेवा संस्थान के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मना। सुबह से मंदिर में भक्तों की कतारें लगी रहीं। पूजन के बाद कन्याभोज आयोजित हुआ। रात में पावन ज्योति प्रज्वलित कर भक्ति संध्या का शुभारंभ हुआ। बिल्हौर के अतुल सांवरिया ग्रुप व कानपुर की सौम्या शर्मा एंड पार्टी ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। सिया राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में जैसे भजनों पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता, शरद अग्रवाल, बालाराव गुप्ता, विवेक पटेल, नूतन रस्तोगी, इशांत मिश्रा व मुख्य सेविका रीना रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



मंदिर में आयोजित जागरण में मौजूद श्रद्धालु।

## जागरण में भक्तिपूर्ण भजनों ने मोहा श्रोताओं का मन

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** सदर तहसील क्षेत्र के मरौंदा गांव में कानशेर बाबा विकास सेवा समिति द्वारा विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता, दिलप्रीत सिंह लखनऊ भाजपा नेता, कैप्टन राहुल तिवारी भारतीय वायु सेना कानपुर व स्थानीय निवासी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में गणेश जी की आरती के साथ की सुंदर झांकियां सजाई गईं और देररात तक भक्तिपूर्ण भजनों के साथ जागरण चलता रहा। आयोजन में स्थानीय युवा समिति, सामाजिक कार्यकर्ता व आसपास के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रसिद्ध कलाकार मेडी महाकाल ग्रुप लखनऊ, अंकुश ब्रजवाशी कानपुर, कानशेर बाबा विकास सेवा समिति से डॉ. अनुराग राठौर, श्रीकांत तिवारी, लालता प्रसाद सविता, आलोक तिवारी प्रधान, दिनेश महाराज, गुड्डू लाला, मनोज गुप्ता, छोटेलाल कोटेदार, मनमोहन राठौर, अभिषेक, सूरज राठौर, कुलदीप, शिवांक, उदन नेता, योगेंद्र सिंह व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने और हिंदू देवी-देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक को कछौना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाने के पकरिया ऊसर मजरा लोन्हारा निवासी राजकुमार पुत्र गुरुबख्श ने सोशल मीडिया अकाउंट से हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की थी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस ने नामजद अभियुक्त राजकुमार को उसके निवास क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया।



### मेडिकल कॉलेज से दीवान की बाइक चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस दीवान की बाइक मेडिकल कालेज के अंदर से चोरी हो गई। दरअसल बात एक्स-रे यूनिट के बाहर की है, एक युवक पुलिस दीवान की बाइक से बेटी की दवा लेने पहुंचा युवक बाइक खड़ी कर एक्स-रे यूनिट के अंदर पहुंचा, लेकिन जब बाहर निकला तो वहां से बाइक गायब थी। यूपी-112 पर कॉल करने पर पहुंची पीआरवी टीम ने वहां लगे सीसीटीवी खंगाले। जिसमें चोर को चोरी करते हुए देखा गया है। टड़ियावां निवासी नफीस बाइक मैकेनिक है, शनिवार को उसकी बेटी बीमार पड़ गई। नफीस पुलिस लाइन में रह रहे पुलिस दीवान रामकृष्ण मिश्रा की बाइक से बेटी को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचा, वहां डाक्टरों ने एक्स-रे की सलाह दी। नफीस ने बताया कि वह बाइक खड़ी कर एक्स-रे यूनिट के अंदर गया और जब बाहर निकला तो वहां से बाइक गायब थी। उसने एक पल भी देर किए बगैर यूपी-112 पर काल की, वहां पहुंची पीआरवी टीम छानबीन करते हुए सीसीटीवी खंगालने लगी। कैमरे के फुटेज में एक युवक बाइक को ले जा रहा है।

# परिवार की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

## शिकायत लेकर थाने जाने पर नहीं हुई कार्रवाई, आरोपियों ने भूमि पर खड़ी कर दी दीवार

संवाददाता, पाली, हरदोई



पीड़ित बुजुर्ग दंपति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुजुर्ग महिला ने दबंगों पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस पर भी आरोपियों का साथ देने और कार्रवाई न करने का गंभीर आरोप लगाया है। पाली थाना क्षेत्र के रतनापुर गांव निवासी जयदेवी पत्नी रामकिशन ने बताया कि गांव के कुछ दबंग लोग काफी समय से उसकी जमीन पर कब्जा करने की फिराक में थे। आरोप है कि बीती 31 मार्च की सुबह आरोपी लाठी-डंडों से लेकर पहुंचे और उसकी जमीन पर नींव खोदकर कब्जा शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी दबंगों का कब्जा जारी रहा, जिससे पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब पीड़िता शिकायत लेकर थाने पहुंची तो पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसे और उसके परिजनों को पूरे दिन थाने में बैठाए रखा। शाम को यह कहकर टाल दिया गया कि हरदोई जाकर कप्तान से आदेश लाओ, तभी मुकदमा लिखा जाएगा। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में ही दबंगों ने उसकी पक्की नींव को तोड़ दिया और करीब एक हजार ईंटें उखाड़ लीं। इतना ही नहीं शाम तक उसकी जमीन पर करीब 10 फीट ऊंची दीवार खड़ी करा दी। जमीन पर लगा नल, पशुओं की चरनी और एक पेड़ भी कब्जे में ले लिया गया, अब पीड़िता को पीने के पानी तक के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### नायब तहसीलदार ने किया कब्जा दिलाने का वादा



प्रदर्शनकारियों से बात करते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र के गांव कुरसठ बुजुर्ग देहात में तत्कालीन ग्राम प्रधान लगभग 40 वर्ष पूर्व व कुछ 2004 में पट्टे गरीब परिवारों को दिये गये। 101 पट्टों की जमीन पर राजेंद्र, देवेंद्र अवस्थी निवासी ग्राम परौली ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। धरना कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि कृषि भूमि फसल की बुवाई कर फसलें उनके द्वारा काट ली जाती है। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता संदीप पाण्डेय, समाजसेवी अभिषेक पटेल के नेतृत्व में दर्जनों किसान धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं। चौथे दिन प्रदर्शनकारियों से मिलने पहुंचे नायब तहसीलदार अनेक सिंह, कानून गो, हल्का लेखपाल जमाल अहमद व थानाध्यक्ष विजय कुमार ने किसानों को कब्जा दिलाने की बात कही है।

## कागजों में लिपट गया प्लास्टिक पर पाबंदी लगाए जाने का आदेश

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** कछौना कस्बा में अंधाधुंध सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए जन सरोकार मंच के पदाधिकारियों ने प्रशासन को पत्र लिखकर बंद करने की मांग की है।

नगर पंचायत कछौना पतसेनी में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। दुकानदार फेरी वाले, पटरी दुकानदार, चाय, मिष्ठान दुकानदार, देशी अंग्रेजी शराब की दुकानों के नजदीक के कैंटीन दुकानदार धड़ल्ले से प्लास्टिक डिस्पोजल का प्रयोग हो रहा है। इसके ढ़ेर में आग लगा देते हैं, जो पर्यावरण के साथ मानव जीवन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। पर्यावरण को बेहतर रखने के लिए हाई कोर्ट तक को हस्तक्षेप करना पड़ता है। हाई कोर्ट के सख्त निर्देश है कि पूरे प्रदेश में सिंगल यूज-प्लास्टिक का प्रयोग न हो, इसके प्रयोग को रोकने के लिए अभियान चलाया जाए। उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशिक कूड़ा, कचरा विनियमन अधिनियम 2000 एवं अधिसूचना 15 जुलाई 2018 के साथ प्लास्टिक को पूर्ण प्रतिबंध किया गया है। अमूमन लोग बाजार में समान सब्जी किराना सामग्री खरीदने को बाजार जाते हैं, थैला न ले जाने के कारण दुकानदार प्लास्टिक की थैलियों में सौदा देते हैं। जिसके कारण इसका प्रयोग (चलन) बढ़ा है। इसमें जहरीले पदार्थ मिले होते हैं, जो मानव स्वास्थ्य को खराब करते हैं। बाजार पर प्लास्टिक की निर्भरता बढ़ती जा रही है। इन्हें प्रयोग के बाद लोग सार्वजनिक स्थानों पर फेंक देते हैं। इधर-उधर पड़ी होने के कारण नालियों में पहुंच जाती हैं। ढेर लगने के कारण नालियां चोक कर जाती हैं, जिससे जल निकासी की समस्या खड़ी हो जाती है। प्लास्टिक की वस्तुएं जमीन में सड़ती नहीं है।

## तीन दिन में सीज किए गए 24 वाहन

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई






वाहन को सीज करती ट्रैफिक पुलिस व बाइक पर सवार तीन युवक।

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में यातायात नियमों के सख्त अनुपालन को लेकर इन दिनों प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। बिना आवश्यक कागजात के वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है और लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।

यातायात प्रभारी टीएसआई रामसजीवन के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एक अप्रैल को 10 वाहनों को सीज किया गया, जबकि दो अप्रैल को 11 वाहनों पर कार्रवाई हुई। वहीं 3 अप्रैल को दोपहर तक 3 और वाहन सीज किए गए। इस तरह महज तीन दिनों में कुल 24 वाहनों को सीज किया जा चुका है। कार्रवाई के दौरान बिना वैध कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस का अभाव, फिटनेस प्रमाण पत्र न होना, नंबर प्लेट की कमी और क्षमता से अधिक सवारी बैठाने जैसे मामलों में वाहन सीज किए गए। प्रशासन का कहना है कि यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### रिश्वत लेने में एसआई व कांस्टेबल निलंबित

**हरदोई, अमृत विचार।** पाली में तैनात एसआई और हमराही कांस्टेबिल का रिश्वत लेने की बात का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही एक्शन में आए एसपी अशोक कुमार मीणा ने दोनों को निलंबित कर जांच शुरु करने के कड़े आदेश जारी किए है। बताया गया है कि पाली थाने में तैनात एसआई अवधेश कुमार सिंह व हमराही कांस्टेबिल टीकम सिंह का रिश्वत लेने का आडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एसपी श्री मीणा ने कड़ा एक्शन लेते हुए एसआई अवधेश कुमार सिंह व कांस्टेबिल टीकम सिंह को तुरंत निलंबित करते हुए जांच के आदेश जारी किए है। एसपी के एक्शन से पुलिस महकमें चर्चा शुरु हो गई है।

# शहर से बाहर होंगे सभी बस स्टैंड

संवाददाता, हरदोई

- डीएम ने दिखाई सख्ती, निजी बसों के ऑपरेटर पर जिम्मेदारी तय

**अमृत विचार।** शहर तार-तार हो चुकी यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए डीएम अनुनय झा ने कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने निजी बसों का संचालन शहर से बाहर करने का आदेश दिया। कहा कि 15 अप्रैल से इस पर अमल लाना जरूरी है। वरना बस आपरेटर पर जवाबदेही तय होगी।

डीएम ने बैठक के दौरान कहा था कि किसी भी हालत में शहर के अंदर निजी बसों का संचालन नहीं होगा। 15 अप्रैल से लागू की गई नई व्यवस्था के तहत शहर के बाहर से बसों का संचालन शुरू होगा। उन्होंने बताया कि ऐसा होने से शहर की यातायात व्यवस्था बहाल होगी। साथ ही लोगों को जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। डीएम ने कलर कोडिंग व बार कोड से संचालन होगा। अलग-अलग रूट पर चलने वाली बसों का रंग अलग-अलग निर्धारित होगा, जिससे बसों की पहचान हो सके। बस पर एक विशिष्ट बार कोड भी लगाया जाएगा, जिससे कि बसों की गलत आवाजाही पर रोक लग सकेगी। डीएम के आदेश के तहत बस पर उसके मालिक और चालक का नाम, मोबाइल नंबर लिखा होना जरूरी होगा। अगर सही जानकारी नहीं मिलती है तो आपरेटर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। नियम कानून तोड़ने वालों पर भी सख्ती की जाएगी।

### मील का पत्थर साबित होगा बाईपास

**हरदोई।** शहर में पिहानी चुंगी से सिनेमा चौराहा होते हुए बनने वाले बाईपास से काफी सहूलियत मिलेगी। हरदोई-पलिया हाई-वे के चैनेज 158.500 से किमी 169.00 तक फोर लेन चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की मंजूरी मिल गई है। लगभग 6797.86 लाख की लागत से बनने वाले बाईपास की पहली किस्त 332.97 लाख रुपये जारी कर दी गई है। पिहानी चुंगी से सिनेमा चौराहे होते हुए बनने वाला बाईपास यातायात की व्यवस्था को बहाल रखने में मील का पत्थर साबित होगा।

# हेल्पर की मौत के बाद पुलिस को गुमराह करता रहा ड्राइवर

संवाददाता, हरदोई



राज रस्तोगी की फाइल फोटो।

- मेडिकल कॉलेज में भाई बताकर कराया था भर्ती
- युवक की मौत के बाद पुलिस को शिनाख्त करने में लग गए चार दिन

**अमृत विचार।** ट्रक हेल्पर की संदिग्ध हालत में मौत होने से पहले उसे मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे ड्राइवर ने अपने भाई के नाम से हेल्पर को भर्ती कराया। उसी रात हेल्पर की मौत हो गई थी। पुलिस की पड़ताल में दर्ज कराया गया मोबाइल नंबर स्विच ऑफ था। छानबीन कर रही पुलिस ने गुरुवार को शव की शिनाख्त होने के बाद राहत की सांस ली है। उसने गुमराह करने वाले ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लेते हुए पूछताछ शुरु कर दी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

बहेड़ी ज़िला बरेली के मोहल्ला कानून गोयान निवासी मुकेश रस्तोगी की दो बेटियों में 19 वर्षीय राज रस्तोगी इकलौता बेटा था, वह शाहजहांपुर निवासी लालू यादव जोकि पेशे से ट्रक ड्राइवर है, उसी के साथ हेल्पर था। 30 मार्च की रात लालू यादव ने कोतवाली देहात के मन्नापुरवा में ट्रक रोक दिया। उसी रात राज रस्तोगी की अचानक तबियत बिगड़ गई। बताते है कि लालू यादव राज रस्तोगी को मेडिकल कालेज उठा ले गया, उसने वहां भर्ती के दौरान राज रस्तोगी की जगह अपने भाई छोटे अनूप का नाम, पता व मोबाइल नंबर दर्ज कराया। उसी रात को राज रस्तोगी की मौत होने पर पुलिस ने दर्ज कराए गए मोबाइल नंबर पर फोन किया गया, लेकिन वह स्विच ऑफ था। उसके बाद पुलिस लालू यादव को हिरासत में लेते हुए उससे सारी सच्चाई उगवा दी। गुरुवार को राज रस्तोगी की मां रजनी रस्तोगी मेडिकल कालेज पहुंची। उसने शव की शिनाख्त की। उसके बाद 4 दिनों से ताले में बंद रहे शव को कब्जे लेते शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया। अब पुलिस जांच कर रही है कि आखिर ट्रक ड्राइवर ने हेल्पर का सही नाम, पता व मोबाइल नंबर क्यों नहीं दर्ज कराया। पुलिस ने तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

### पुलिस ने खोजा तो खेत काटता मिला अनूप

**हरदोई।** ट्रक चालक लालू यादव ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराते समय हेल्पर राज रस्तोगी का नाम अपने छोटे भाई अनूप बताया था। पुलिस ने जब मोबाइल नंबर से अनूप की खोजबीन शुरू की तो अनूप अपने खेत पर गेंहू काटते हुए मिला। पुलिस ने जब दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो अनूप से बात हुई, उसने बताया कि वह तो खेत पर गेंहू काट रहा है। उसके बाद पुलिस प्रधान की मदद से राज रस्तोगी के घर तक पहुंची, तब कही उसकी शिनाख्त हो सकी।



दीप्ति को सम्मानित करते विधायक आशीष सिंह आशू। अमृत विचार

### प्रदेश में 6वीं रैंक पाने दीप्ती वर्मा हुईं सम्मानित

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** विधायक आशीष सिंह आशू ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रदेश में 6 वीं रैंक पाने दीप्ती वर्मा को उनकी उपलब्धि के लिए सराहा और दूसरों के लिए प्रेरणादायक बताया। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में छठवीं रैंक पाने वाली होनहार दीप्ती वर्मा वर्मा पुत्री देवेंद्र वर्मा के लखनऊ स्थित आवास पर सम्मानित किया।

### ट्रेन में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** जीआरपी हरदोई ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जीआरपी के घटना के अनुसार, 27 जनवरी को ट्रेन संख्या 15909 अवध-आसाम एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री का मोबाइल फोन हरदोई रेलवे स्टेशन पर चोरी हो गया था। पीड़ित राजेन्द्र गोस्वामी, जो कोटा (राजस्थान) के निवासी हैं, ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में 5 फरवरी 2026 को संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। आरोपी की पहचान देवकरन (28) निवासी जयपुर, राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

## विवाहिता ने ससुराल में लगाई फांसी, दहेज हत्या का आरोप

संवाददाता, सांडी, हरदोई



मृतका मोनी की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के छितरा मऊ गांव निवासी मोनू सिंह की शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व ग्राम दुलार पुर थाना सवायजपुर निवासी सुरेश की पुत्री मोनी से हुई थी, उसके तीन बच्चे भी है बुधवार को उसका अपने पति से कुछ विवाद हो गया था। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे जव सव घर वाले खेतों की तरफ गये थे, तभी उसने घर के अन्दर बने कमरे में कुण्डे के सहारे साड़ी का फन्दा बनाकर फांसी लगा ली।

मृतका के पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बेटी से पांच बीघा खेत खरीदने के लिये उससे रुपये मांगने का दवाव बनाते हुए लगभग दो वर्ष से मारपीट की जा रही थी मांग पूरी न हो ते देख आज दामाद उसकी मां चाचा और बुआ ने मिलकर उसकी हत्या कर दी है। थानाध्यक्ष वसंत राम ने बताया पोस्टमार्टम कराया जा रहा है उसके वाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

संवाददाता, हरदोई




सम्मानित शिक्षकों के साथ अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुरसा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैरमैर के प्रधानाध्यापक तारक चंद्र के सेवानिवृत्त होने पर उनके सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लाक प्रमुख डीएल राणा एवं दिलीप शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की।

विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को सांस्कृतिक रंग दिया। सहायक अध्यापक राकेश चंद्र ने अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया। इसके बाद राकेश चंद्र ने प्रधानाध्यापक तारक चंद सहित पूर्व में सेवानिवृत्त शिक्षकों में राम रहीश यादव, रूपन लाल, राम सिंह और राजीव लोचन अनुरागी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में बीईओ सुरसा ने तारक चंद्र को माला और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों और अतिथियों ने उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान तारक चंद की धर्मपत्नी का भी विद्यालय परिवार ने सम्मान किया। इस बीच मौजूद शिक्षकों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। तारक चंद ने भी अपने लंबे शिक्षण कार्यकाल और विभिन्न विद्यालयों में दिए गए योगदान को साझा किया। विदाई के दौरान माहौल भावुक हो गया और शिक्षक, अभिभावक व बच्चों की आंखें नम हो गईं। आखिर में उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की कामना के साथ समाज सेवा में उनकी सक्रिय भूमिका की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम का संचालन राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डा.लाल बहादुर गौतम ने किया, जबकि राकेश चंद्र ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

### जन्मदिन पर कराया यज्ञ अनुष्ठान

**हरदोई, अमृत विचार।** गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच एकांश अभिजीत कुशवाहा का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र की विधिवत आहुतियों के साथ हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं एवं परिजनों ने यज्ञ में आहुति देकर अभिजीत के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। समारोह में साधना कपूर, मृदुल कपूर, दिनेश गुप्ता, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा**

**प्रपत्र-4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशक का स्थान | : लखनऊ |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : त्रिनाथ शुक्ला |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 364, शक्तिनगर, इन्दिरा नगर, कर्न्वेशन सेंटर, लखनऊ (उ.प्र.) |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : त्रिनाथ शुक्ला |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 364, शक्तिनगर, इन्दिरा नगर, कर्न्वेशन सेंटर, लखनऊ (उ.प्र.) |
| 5. | सम्पादक का नाम | : राजेश श्रीनेत |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 3/332, विश्वास खंड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)- 226010 |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : 1. डॉ. वरूण अग्रवाल 2. डॉ. अर्जुन अग्रवाल रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली |

मैं त्रिनाथ शुक्ला एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

तारीख : 4 अप्रैल 2026

हस्ताक्षर
त्रिनाथ शुक्ला
मुद्रक / प्रकाशक

आयोजन | श्यामपुर में साईं मंदिर के 17वें स्थापना दिवस पर मनाया गया वार्षिकोत्सव

# सांई पालकी पर बरसे फूल, गूंजे जयकारे

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई



साईं पालकी शोभायात्रा निकालते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के श्यामपुर में साईं मंदिर के 17वें वर्ष के स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में साईं भक्तों द्वारा धूमधाम से साईं पालकी को सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। गुरुवार को साईं नाथ का मंगल स्नान कराने के पश्चात विधि-विधान पूर्वक सामूहिक हवन का कार्यक्रम मंदिर के पुजारी आचार्य विकास तिवारी ने मुख्य यजमान मंदिर के संस्थापक महेश सिंह एवं मीनू सिंह अर्कवंशी दिल्ली के द्वारा संपन्न कराया। इसके पश्चात साईं बाबा की पालकी को सजाकर धूमधाम से शोभा यात्रा भक्तों द्वारा निकाली गई जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र गुप्ता एवं समाजसेवी विशाल जायसवाल ने किया। पालकी शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे फूल वर्षा एवं गुलाल उड़ाते हुए डीजे द्वारा बज रहे भजनों पर थिरकते एवं भजन गाते हुए चल रहे थे। भजनों में शिरडी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पर सवाली, शिरडी में उड़े रे गुलाल बाबा का जवाब नहीं, साईं नाथ तेरे हजारों हाथ आदि भजनों से पूरे नगर में भक्ति का माहौल छा गया। शोभायात्रा में महेश गुप्ता श्यामपुर, विजय त्रिपाठी बंदीपुर एवं, विपिन सोनी गौरव सोनी बड़ी बाजार, चौराहा पर समाजसेवी विशाल जायसवाल एवं रागिनी जायसवाल, छोटू पाल, आशीष गुप्ता, सत्यसील पांडे, सपा नेता बृजेश कुमार वर्मा उर्फ टिल्लू भैया आदि कई भक्तों ने बाबा का पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## सर्राफा व्यापारी के सिर पर तमंचे की बट मारकर लूटा

**टड़ियावा, हरदोई, अमृत विचार।** टड़ियावां थाना क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी को बदमाशों ने रोक कर तमंचे की बट सिर पर मारकर जेवरात से भरा बैग लूट लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है।



तहरीर देते पीड़ित कारोबारी।

थाना क्षेत्र के गोपामऊ कस्बा के मोहल्ला मिश्रण निवासी सर्वेश कुमार रस्तोगी कस्बा में ही सराफा की दुकान चलाते हैं। सर्वेश ने बताया कि शुक्रवार की शाम दुकान बंद कर अपने बड़े पुत्र गौरव के साथ बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे, इसी बीच बाजार पूर्व गांव के निकट दो बाइकों पर सवार छह लोगों ने पीछे से उनके सिर पर तमंचा की बट मार दिया, जिससे सर्राफा व्यापारी सर्वेश व उसका पुत्र गौरव बाइक से गिर गए। आरोप है कि बदमाशों ने उसकी बाइक की डिग्गी में रखा जेवरात बड़ा झोला जिसमें सोने व चांदी के कुछ आभूषण के अलावा डेढ़ लाख की नगरी थी उसे लेकर फरार हो गए।

# संचारी रोग अभियान को ठेंगा: गंदगी के अंबार से ग्रामीण हलकान

## मच्छरों के प्रकोप से घर-घर पसरी बीमारियां, नालियां चोक, पांच साल से नहीं हुआ दवाओं का छिड़काव

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,**

**अमृत विचार:** जनपद में पहली अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज तो हो गया है, लेकिन धरातल पर सफाई व्यवस्था की तस्वीर कुछ अलग दिख रही है। विकास खण्ड परसेंडी और खैराबाद की ग्राम पंचायतों की बात करें तो ग्रामीणों के दावे सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ लोगों की ये भी मानना है कि सफाईकर्मियों की कमीं भी हालातों को बिगाड़ रही है। ऐसे में गांव में वायरल फीवर, डेंगू और मलेरिया पनप रहा है।

परसेंडी की ग्राम पंचायत बिरैचा के ग्रामीण सियाराम, बबलू और अमित बताते हैं कि गांव में सफाई नियमित नहीं होती। कई बार दिहाड़ी मजूदर सफाई करते हुए देखे गए हैं।

उधर, सफाईकर्मी रामनरेश का तर्क है कि चार गांव की जिम्मेदारी है, ऐसे में नियमित सफाई हो पाना मुश्किल है। पनपती गंदगी के कारण गांव के हंसनू (60), रामखेलावन (50) और बुलाकी (62) सहित कुछ अन्य बुखार से पीड़ित हैं।


बद्री मंसूरपुर में पंचायत भवन के पास कूड़े से पटी नाली। अमृत विचार


बिरैचा में मुख्य मार्ग के किनारे चोक नाली और पड़ा हुआ कचरा।


सियाराम


सुरिंद

### एंटी लार्वा के छिड़काव न होने से पनपे मच्छर

सुरेपारा के उमाशंकर, अंकित, सुशील, शिवकुमार, रोहित, दीपक और रवि के अलावा बद्रीपुर मंसूरपुर के गुड्डू, मोबीन, रामचन्द्र, राकेश आदि का दावा है कि काफी समय से गांव में एण्टी लार्वा का छिड़काव नहीं हुआ है। शिकायतों के बाद समस्या के निस्तारण न होने से परिषदीय विद्यालयों और सामुदायिक शौचालयों सहित अन्य स्थानों पर संक्रमण बढ़ रहा है।

### शोपीस बना ई-रिक्शा, गांव में लगा कूड़े का ढेर

भवानीपुर और महासिंहपुर के ग्रामीण सुरिन्द्र, विजय, शुभम, अमित, वेदप्रकाश का दावा है कि गांव में कूड़ा उठाने का ई रिक्शा नियमित चले तो कूड़े के ढेर से निजात मिले, अक्सर इसे एक ही स्थान पर खड़े देखा जा सकता है। प्रधान देशराज का तर्क है कि प्रशासन ने केयर टेकर के लिए बजट नहीं दिया, तो वे अपनी जेब से पैसा क्यों दें, उधर सफाईकर्मी रामनरेश का कहना है कि रिक्शा चलाना उसका काम नहीं है।

> छुट्टी होने के कारण ये बता पाना मुश्किल है कि जनपद में कितने सफाईकर्मी हैं और किसके पास कितने गांव हैं। जहां पर सफाई व्यवस्था की कमीं पाई जा रही है, निरीक्षण कराकर समस्याओं का निस्तारण कराया जा रहा है। **-निरीश चन्द्र साहू, जिला पंचायत राज अधिकारी**

## न्यूज ब्रीफ

### सदरपुर बाजार में गैस रिफलिंग में केस दर्ज

**सीतापुर।** महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के सदरपुर बाजार में गैर रिफलिंग करते दुकानदार पकड़ा गया, जिसको लेकर विभागीय और विधिक दोनों कार्रवाई की गई है। जिला पूर्ति अधिकारी के मुताबिक, वे लोग महमूदाबाद एसडीएम के साथ सदरपुर बाजार पहुंचे। यहां प्रमोद की दुकान पर गैस चूल्हा और गैस रिफलिंग का कार्य करता हुआ पाया गया। दो सिलेण्डर बड़े और कई छोटे सिलेण्डर भी मिले, इन्हें जब्त करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की गई है।

### बाइक की टक्कर से सफाई कर्मी गंभीर

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरा के पास एक सड़क हादसे में ड्यूटी से लौट रहे सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में सफाईकर्मी की हालत गंभीर है। ग्राम दारापुर मरसंडा निवासी रामादेवी के मुताबिक, उनके पति रामपाल ग्राम पंचायत बसंतापुर के बम्भैला में सफाई कर्मी हैं। उमरा गांव के पास सड़क किनारे खड़े होने के दौरान परसिया अढमलमपुर निवासी गोलू वर्मा ने अपनी तेज रफ्तार बाइक से उनके पति को जोरदार टक्कर मार दी। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### पीसीएस बनीं पूर्णिमा का ननिहाल में स्वागत

**सीतापुर।** पहला विकास खंड के मोहम्मदपुर कलां की बेटी पूर्णिमा सिंह यादव ने यूपीपीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। चयन के बाद पहली बार अपने ननिहाल फिरोजपुर पहुंची, पूर्णिमा का ग्रामीणों और परिजनों ने बैंड-बाजे व फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। समारोह में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा, ब्लॉक प्रमुख राघवेंद्र सिंह व उपेंद्र सिंह यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### एसजीएसटी टीम ने सरिया लदी गाड़ी पकड़ी

**महमूदाबाद।** राज्य वस्तु एवं सेवा कर की टीम ने बृहस्पतिवार शाम कलुवापुर नहर के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए सरिया से लदी एक गाड़ी को पकड़ा है। शाम करीब 6 बजे टीम ने एक दुकान के सामने खड़ी गाड़ी को कब्जे में लिया। वाहन में लगभग 700 किलो सरिया लदा था। एसजीएसटी टीम ने सरिया लदे वाहन को महमूदाबाद कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया है। वाहन चालक की पहचान सुहेल के रूप में हुई है।

### आंगनबाड़ी भर्ती सूचना न मिलने पर मुख्यमंत्री से शिकायत

**सीतापुर।** रेउसा विकास खंड के ग्राम मंगलपुरवा के राजपुर क्योंटाना की निवासी मैना देवी ने आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता न होने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता मैना देवी पत्नी अभिषेक के अनुसार, उन्होंने बीते वर्ष 16 नवंबर को रिक्त पद के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में अच्छे अंक होने तथा सभी पात्रता शर्तें पूरी करने के बावजूद उन्हें चयन प्रक्रिया से संबंधित कोई सूचना नहीं दी गई, जबकि अन्य आवेदकों को जानकारी मिल चुकी है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**लहरपुर।** श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल पारा सराय के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम खानपुर सादात में एक दिवसीय निशुल्क मेडिकल हेल्थ एजुकेशन कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने कुल 168 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। इस दौरान डॉ. एसए मीर (एमडी), डॉ. अनुज वर्मा, डॉ. एहतेशाम खान, डॉ. मधुलिका राय (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. हर्षित जैन एवं डॉ. मुस्कान ने मरीजों को चिकित्सीय परामर्श दिया।

### पहले रोका-टोका फिर फायर किया

**सीतापुर।** पुराने शहर में इन दिनों दबंगई जोरो पर हैं। इलाके के मोहल्ला मिरदही टोला में बैठे युवाओं के झुण्ड पर हमला हुआ। रोक-टोक के बीच हुई मारपीट में फायर झोंके जाने का आरोप है। कोतवाली नगर के मोहल्ला मिरदही टोला निवासी नाम्वर पुत्र बब्बू के मुताबिक, वो दिल्ली में चप्पल कारखाने में काम करता है। पिछले दिनों ही घर लौटा था, सायंकाल पूर्व अपने साथी अमन सहित अन्य लोगों के साथ मैदान में बैठा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान सद्दाम, मुजम्मिल गाजी सहित अन्य लोग आ गए, रोक-टोक के बीच गाली-गलौज की। आरोपियों ने मारपीट करते हुए फायरिंग कर दी। बाद में पीड़ित पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर दी।

# बिसवां बार चुनाव : नामांकन प्रक्रिया शुरू, दिग्गजों ने भरे पर्चे

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** बिसवां बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का बिगुल विधिवत रूप से फूंक दिया गया। निर्वाचन अधिकारी ब्रजेश नारायण गुप्ता, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एवं राजेश वर्मा की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ।

चुनाव के पहले दिन प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किए। अध्यक्ष पद के लिए राजकिशोर यादव व पुत्ती लाल वर्मा, जबकि सचिव पद के लिए नीरज श्रीवास्तव व इन्द्रपाल वर्मा ने पर्चा भरा। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए संतोष कठेरिया, उपाध्यक्ष पद हेतु इंतखाब आलम और संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए विपिन कुमार यादव ने अपनी दावेदारी पेश की। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. सिंह, वर्तमान अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव, अशोक वर्मा, सूर्य प्रसाद यादव मौजूद रहे।


पर्चा भरने जाते अधिवक्ता।

# हादसों में दो मासूमों समेत 4 की मौत

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार:** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 24 घंटों के भीतर हुए सड़क हादसों में दो बच्चों सहित चार लोगों की जान चली गई, जबकि एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार चालकों की तलाश शुरू कर दी है।

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के सहादतनगर गांव के पास देर शाम सड़क पार कर रही 5 वर्षीय मासूम अनन्या को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे के समय वह अपनी मां के साथ खेत से लौट रही थी। अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। चालक कार समेत फरार है।

**ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत :** रामकोट थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक और बाइक चलाने वाला व्यक्ति दोनों मौके से फरार हो गए। पुलिस महिला की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

**अनियंत्रित ऑटो पलटा, दंपती व बेटा घायल :** पिसावां थाना क्षेत्र के मूड़ा खुर्द के पास एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में शादी समारोह में जा रहे मेंहदी हसन, उनकी पत्नी वासिदा और 8 वर्षीय बेटा घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

- **चार राहगीरों ने तोड़ा दम, महिला सहित तीन की हालत गंभीर**

### छोटा हाथी व ट्रैक्टर की भिड़ंत, चालक की मौत

रामपुर मथुरा के कोठवल गांव के पास पिकअप और ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप चालक आकाश (22) का हाथ कट गया और सिर में गंभीर चोट आई। लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### मिलेट्स प्रसंस्करण से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं



खेती-किसानी की जानकारी लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया में महिला किसानों के लिए मिलेट्स प्रोसेसिंग एवं वैल्यू एडेड उत्पादों पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कसमंडा और मिश्रिख विकास खंड की 26 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया एस. श्रीवास्तव ने कहा कि मिलेट्स पोषण का प्रमुख स्रोत हैं। इनके प्रसंस्करण प्रोसेसिंग से महिलाएं अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती हैं। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रीमा द्वारा महिलाओं को मिलेट्स के स्वास्थ्य लाभ बताए और हैदराबाद द्वारा प्रदत्त मशीनों से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने की तकनीक सिखाई गई। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने मिलेट्स को पशु स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी बताया। सरोज कुमारी, बबली और रेनू देवी ने अपने अनुभव साझा किए।

### पद यात्रा के साथ किये नैमिषाण्य के दर्शन

**नैमिषारण्य / मिश्रिख।** पीलीभीत के माधोटांडा गोमती नदी उदगम स्थल से लखनऊ के लिए निकली गोमती दर्शन यात्रा नैमिषारण्य तीर्थ पहुंचकर प्रात: गोमती नदी में स्नान कर पूजन किया। फिर मंदिर में दर्शन के पश्चात यात्रा पुन: प्रारम्भ होकर सीतापुर की ओर प्रस्थान कर गई। गोमती राजघाट पर बने सत्संग हाल में संगोष्ठी की गई जिसके मुख्य अतिथि स्वात रंजन जी रहे, यात्रा के दौरान मां गोमती को पुन: जलयुक्त एवं अविरल बनाने के लिए विभिन्न सुझाव रखे गए, जिनमें उद्गम स्थलों पर जल संरक्षण, नालों का शोधन, सीवर व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण एवं नदी में गिरने वाले प्रदूषित जल को रोकने की बात प्रमुख रही। साथ ही आमजन को प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पदयात्रा का आयोजन गोमती दर्शन के संयोजक अनुराग पांडे के नेतृत्व एवं अध्यक्ष श्वेता सिंह द्वारा किया गया।

### चौकी से 500 मीटर दूर शातिरों का तांडव, सामान चुराया

**खैराबाद।** खैराबाद कस्बे में डीजे कॉलेज पुलिस चौकी से महज 500 दूर चोरो ने एक फार्म हाउस पर धावा बोला सामान चुरा लिया। घटना को लेकर प्रगतिशील किसान ने पुलिस को सूचना दी, मामले में जांच पड़ताल हो रही है। खैराबाद-लहरपुर मार्ग पर उमर हयात फार्म हाउस है। चौकी से महज 500 मीटर दूर शातिरों ने देर रात धावा बोला। प्रगतिशील किसान उमर हयात दराज खान के मुताबिक, फार्म हाउस में बने कमरे की खिड़की तोड़कर हजारों के बिजली उपकरण और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। बताया कि कमरे में पंखे और कीमती इलेक्ट्रिक उपकरण रखे हुए थे, जो सुबह गायब मिले। घटना की जानकारी पाकर चौकी प्रभारी ने मौका मुआएना किया। तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### तीन शातिर चोरों पर लगा गैंगेस्टर एक्ट

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चोरी और नकबजनी जैसी घटनाओं में संलिप्त तीन शातिर अपराधियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, शाहमहोली निवासी गैंगलीडर लुकमान, पीरपुर निवासी प्रशांत उर्फ डाकू और शाहमहोली निवासी दीनदयाल ने मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह बना रखा था। यह गिरोह आर्थिक लाभ के लिए जनपद में सक्रिय रूप से चोरी और नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। गिरोह के सरगना लुकमान पर पूर्व में हत्या के प्रयास, चोरी और आर्म्स एक्ट जैसे 8 गंभीर मामले दर्ज हैं और वह थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

# मौजी इलेवन ने मलिक गारमेंट्स को हराया

**संवाददाता, लहरपुर।**

**अमृत विचार :** लहरपुर प्रीमियर लीग सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट में मौजी इलेवन ने मलिक गारमेंट्स को हराया। नगर के मोहल्ला छावनी स्थित कटहली ग्राउंड पर चल रहे टूर्नामेंट का आयोजन मोनू, सुहेल, चांद पहलवान, काशिफ, रवि शाक्य, शादाब और अनस के द्वारा कराया जा रहा है।

मौजी इलेवन और मलिक गारमेंट्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर मौजी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 2 विकेट जल्दी गिर गए। फैज और रबी राजा का प्रदर्शन कुछ अच्छा नही रहा और वह जल्दी आउट हो गए, ओपनर बल्लेबाज लल्ला ने शानदार पारी खेलते हुए मात्र 30 गेंदों में 5 चौका और 9 छक्कों की मदद से 77 रन बनाए। दमदार बल्लेबाजी के चलते मौजी इलेवन ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 112 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मलिक गारमेंट्स की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही, मौजी इलेवन के गेंदबाज आफताब और सुमित की घातक गेंदबाजी के आगे पूरी टीम 10 ओवर भी नही खेल पाई और 69 रनों पर आल आउट हो गई, पिछले सीजन की फाइनल विजेता टीम को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए लल्ला को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मैदान पर मौजूद रहे।


ट्रॉफी लेता खिलाड़ी। अमृत विचार

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा, युवक की मौत

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के गुरदपा-कटिया मार्ग पर सड़क हादसे में 32 वर्षीय युवक की जान चली गई। बताते हैं कि एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। ट्रॉली में कुल चार लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन की गति अत्यधिक होने के कारण चालक उस पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे में दिलीप (32) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रॉली पर सवार तीन अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया। स्थिति खतरे से बाहर है।

### दरोगा पर अभद्रता का आरोप, बजरंग दल ने घेरी कोतवाली


कोतवाली का घेराव करते बजरंग दल के समर्थक। अमृत विचार

**लहरपुर।** कोतवाली में तैनात एक उपनिरीक्षक द्वारा कार्यकर्ताओं से अभद्रता किए जाने का आरोप है। इसको लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव किया। जिला अध्यक्ष सीनू मिश्रा बजरंगी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उपनिरीक्षक ने उनके साथ गाली-गलौज और अमर्यादित व्यवहार किया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने संबंधित दरोगा पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



शिक्षकों को सम्मानित करते विधायक रामकृष्ण भार्गव। अमृत विचार

### कोई न छूटे इस बार, शिक्षा है सबका अधिकार

**सांडा/मछरेहटा।** जनपद के विभिन्न विकासखंडों में नवीन सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। सकरन के प्राथमिक विद्यालय जमलापुर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा व शिक्षक प्रमोद वर्मा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। यहाँ छात्र-छात्राओं ने गांव में रैली निकालकर कोई न छूटे इस बार शिक्षा है सबका अधिकार जैसे नारों से अभिभावकों को प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूल के जर्जर मार्ग व अधूरे कायाकल्प पर चिंता भी जताई। दूसरी ओर, मछरेहटा में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में भव्य रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक रामकृष्ण भार्गव ने नामांकन रथ और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली बीहट-बीरम से शुरू होकर अक्कलपुर, मिरचैडी और जटपुरवा होते हुए मछरेहटा पहुंची। विधायक ने पात्र बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन की अपील की।

### खिड़की की ईंटें हटाकर चोरी

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में देर रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने अनिल कुमार पुत्र मूलचंद के घर को निशाना बनाते हुए 43 हजार रुपये नकद और करीब पांच लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित के मुताबिक, घर की एक खिड़की दरवाजे के अभाव में ईंटों से बंद की गई थी। चोरों ने बड़ी चालाकी से उन ईंटों को हटाया और अंदर दाखिल हो गए। घर में रखे बक्से को तोड़कर चोरों ने नकदी समेत सोने की झुमकी, पायल और 17 चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। थानाध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 180 क्विंटल सरकारी राशन डकारने वाले कोटेदार पर केस

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार:** विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत बहिया बहरामपुर में सरकारी राशन की कालाबाजारी का बड़ा खेल उजागर हुआ है। जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर हुई जांच में कोटेदार राम सिंह द्वारा लगभग 180 क्विंटल खाद्यान्न खुर्द-बुर्द करने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी कोटेदार के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्रामीणों ने आईजीआरएस पोर्टल पर लगातार शिकायतें की थीं कि कोटेदार राम सिंह ई-पॉश मशीन पर अंगूठा तो लगवा लेता था, लेकिन कार्डधारकों को महीनों तक राशन के लिए दौड़ाता था। वहीं, जांच टीम ने जब दुकान का भौतिक सत्यापन किया, तो रिकॉर्ड के अनुसार मौजूद रहने वाला 67.264 क्विंटल गेहूं, 113.792 क्विंटल चावल और 66.16 किग्रा चीनी मौके से नदारद मिली। कोटेदार रजिस्टर भी पेश नहीं कर सका।

> कोटेदार की दुकान का अनुबंध तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। विभाग अब गबन किए गए खाद्यान्न की रिकवरी की प्रक्रिया भी शुरू कर रहा है। **- अखिलेश श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी**

### बदले मौसम से गेहूं की फसल को हो सकता है नुकसान


दया श्रीवास्तव
कृषि वैज्ञानिक

**सीतापुर।** मौसम में आए बदलाव और पश्चिमी विक्षोभ वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की सक्रियता के कारण बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं की संभावना ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. दया श्रीवास्तव के अनुसार, यह मौसम गेहूं की फसल के लिए बेहद संवेदनशील है। तेज हवा के कारण फसल गिरने लॉजिंग से पैदावार घट सकती है। अधिक नमी से दानों की चमक खोने, दाने काले पड़ने और 'पीला रतुआ' जैसे फफूंद रोगों का खतरा रहता है। साथ ही खेतों में नमी बढ़ने से कटाई में भी देरी हो सकती है। इससे बचाव के लिए ये मुख्य उपाय अपनाएं। मौसम खराब होने की चेतावनी मिलते ही खेतों में पानी न लगाएं। गीली मिट्टी में फसल जल्दी गिरती है। यदि खेत में पानी भर जाए, तो उसे तुरंत निकालने का प्रबंध करें। जो फसल पक चुकी है, उसकी कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखें और तिरपाल से ढक दें। बारिश के बाद धूप निकलने पर फसल का निरीक्षण करें। रतुआ दिखने पर विशेषज्ञ की सलाह से प्रोपिकोनाजोल का छिड़काव करें।

# घटिया निर्माण पर भड़के डीएम, उखड़वाई इंटरलॉकिंग

**संवाददाता मिश्रिख/ मछरेहटा**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मिश्रिख और मछरेहटा क्षेत्र में निर्माणाधीन परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। सदना के अंतर्गत कैलाश आश्रम पुलिस चौकी के निर्माण में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर ही निर्माण कार्य को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस चौकी परिसर में लगाई गई इंटरलॉकिंग की जांच की गई। डीएम ने जब इंटरलॉकिंग उखड़वाई, तो नीचे बजरी गायब मिली। इस लापरवाही पर उन्होंने ठेकेदार के भुगतान में कटौती करने और नोटिस जारी करने के आदेश दिए। साथ ही, निरीक्षण में ढिलाई बरतने वाले जेई को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि पूरी इंटरलॉकिंग दोबारा मानक के अनुरूप बिछाई जाए। वहीं, कैलाश आश्रम चौकी में निर्माणाधीन हवालात का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शौचालय और अन्य फिनिशिंग कार्यों में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य न केवल दिखने में अच्छा हो, बल्कि टिकाऊ भी होना चाहिए।


इंटरलॉकिंग उखड़वाकर जांच करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### ग्रामीण स्टेडियम के निरीक्षण पर सख्त निर्देश

जिलाधिकारी विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत अनोगी पहुंचे। ग्रामीण स्टेडियम के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि खेल मैदान और स्टेडियम का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीण युवाओं को जल्द इसका लाभ मिल सके।

> विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानक विहीन सामग्री का उपयोग करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। **- डॉ. राजागणपति आर., जिलाधिकारी**

### नशे में चूर सगे भाई को मारीं कई गोलियां, गंभीर

**महोली/ सीतापुर।** नशे की लत और मामूली विवाद में शुक्रवार देर शाम एक कसाई दिल बड़े भाई ने अपने ही सगे भाई के खून से हाथ रंग लिए। मामला महोली कोतवाली क्षेत्र के गांव कैम्हरा रघुबर दयाल का है। यहाँ दिल्ली से गार्गी देवी की पूजा में शामिल होने आए 34 वर्षीय चुम्मन पर उसके बड़े भाई कौशल उर्फ नन्हे ने शराब के नशे में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। परिजनों के अनुसार, चुम्मन तीन दिन पहले ही घर आया था। शुक्रवार देर शाम आरोपी कौशल नशे में धुत होकर घर पहुँचा और छोटे भाई से गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर कौशल ने तमंचा निकाला और चुम्मन पर एक के बाद एक कई गोलियां दाग दीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नशे में धुत ई-रिक्शा चालक ने सवारियों की जान जोखिम में डाल दी

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में देर रात विवाद हुए। पहली घटना कोतवाली देहात की है, जहां एक नशे में धुत ई-रिक्शा चालक ने सवारियों की जान जोखिम में डाल दी। नशे की हालत में उसने पहले ट्रैक्टर को टक्कर मारी और फिर चीखती-चिल्लाती महिलाओं व बच्चों की परवाह किए बिना वाहन दौड़ाता रहा। गुस्साई भीड़ ने करीब एक किमी पीछा कर उसे पकड़ा और जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है। दूसरी घटना इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र की है, यहां कचनार स्थित एक पेट्रोल पंप पर पहले तेल भरवाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दबंगों ने युवक योगेंद्र सिंह को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पीट दिया। पुलिस ने इस मामले में वायरल वीडियो के आधार पर 6 नामजद और 2 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे ने ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही पर उठाए सवाल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के बस स्टॉप के सामने बीते गुरुवार को एक अज्ञात बस की चपेट में आने के बाद बाइक सवार दंपति दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में पत्नी की मौत हो गई। यह घटना कस्बे के मुख्य चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर गई। पुलिस चौकी मौजूद होने के बावजूद रोडवेज बसें हाईवे मार्ग पर खड़ी रहती हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। स्थानीय थाना प्रभारी के आदेश के बाद भी फल व्यवसायियों ने हाईवे किनारे अपने ठेले सजा दिए, जिससे वाहन बाधित हो रहे हैं। हादसे के बाद पुलिस ने सतर्कता दिखाई और कई वाहनों के चालान काटे। फिर भी लोगों में यह सवाल बना हुआ है कि अवैध अतिक्रमण और बसों की अनुशासनहीनता पर प्रशासन कब तक प्रभावी कार्रवाई करेगा, और क्या कस्बे के मुख्य चौराहे पर यातायात सुचारु होगा।

### दो बाइकों में टक्कर चार लोग घायल

**सलोन :** सलोन मानिकपुर मार्ग टेढ़वा पुल के समीप दो बाइक सवारों की आपस में जोरदार टक्कर से चार लोग घायल हुए है। घायलों में पति पत्नी और एक बच्ची शामिल है। जिसमें एक को घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शुक्रवार की दोपहर संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के निवासी जावेद अहमद अपनी पत्नी शाहीन बानो और 5 वर्षीय बच्ची अलीजा के साथ सलोन भवानीपुर निमंत्रण के लिए आ रहे थे। टेढ़वापुल के समीप धरई निवासी बाइक सवार गौस मोहम्मद से उनकी सीधी टक्कर हो गई। जिसमें पति पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां जावेद की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि पत्नी और मासूम बच्ची को मामूली खरोंच आने पर घर भेज दिया गया है।

### भगवान के 24 अवतारों का किया गया वर्णन

**जगतपुर :** क्षेत्र के खालेहार गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को भागवत महापुराण के महत्व एवं विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन सुनाया गया। कथा के दौरान धुंधकारी को प्राप्त प्रेत योनि और उसके उद्धार के लिए गोकर्ण द्वारा कराई गई भागवत कथा का विस्तार से उल्लेख करते हुए वक्ता ने भागवत श्रवण की महिमा पर प्रकाश डाला। कथावाचक गणेश शंकर शास्त्री ने भगवान के 24 अवतारों का वर्णन करते हुए कहा कि धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए प्रभु समय-समय पर अवतार लेते हैं। इसके पश्चात महर्षि व्यास के जीवन प्रसंग का वर्णन किया गया, जिसमें वेदों के संकलन और महाभारत की रचना के बावजूद उनके असंतोष तथा नारद मुनि के उपदेश से भागवत ग्रंथ की रचना का प्रसंग सुनाया गया। कथा में आगे व्यास जी द्वारा अपने पुत्र शुकदेव को श्रीमद् भागवत महापुराण का उपदेश देने का प्रसंग भी सुनाया गया। अंत में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारका गमन तक की कथा का वर्णन किया गया। इस मौके पर ईला देवी, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, धीरेन्द्र कुमार रहे।

### प्रेशर हॉर्न मिलने पर किया गया चालान

**रायबरेली :** शहर क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर अभियान चलाकर यातायात पुलिस ने भारी वाहनों की जांच की। यातायात प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि शहर के सभी मुख्य चौराहों पर भारी वाहनों को रोककर वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न की जांच की जा रही है। वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न मिलने पर वाहनों का चालान किया जा रहा है। लगभग 50 वाहनों का चालान किया गया है।

# मोहम्मद जावेद हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड में पेश करेंगे एआई इनोवेशन

**सरेनी (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** विकासखंड सरेनी के लखनापुर निवासी और मोहम्मद जावेद एमजेएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर आगामी दिनों में जयपुर में आयोजित हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड के मंच पर अपने कंप्यूटर आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इनोवेशन और रिसर्च प्रोजेक्ट को प्रस्तुत करेंगे। जावेद का यह प्रोजेक्ट खासतौर पर शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला है। उनका उद्देश्य ग्रामीण और छोटे शहरों के छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे आधुनिक तकनीक और एआई से जुड़कर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।



डायरेक्टर मोहम्मद जावेद।

एमजेएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन जिसकी स्थापना 14 अप्रैल 2021 को हुई, वर्तमान में हजारों छात्रों को कंप्यूटर कोर्स में प्रशिक्षित कर रहा है। अल्प समय में ही संस्था ने शिक्षा जगत में अपनी अलग पहचान बना ली है। मोहम्मद जावेद को वर्ष 2025 में बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड और राज्य गौरव सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उनकी यह नई उपलब्धि संस्था और छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।

# विधायक बोले, इनको हटाओ ये तो विधायक को विधायक ही नहीं समझते

**सलोन (रायबरेली)**

**दो टूक**

- विधायक ने बिजली विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर लगाई फटकार

**अमृत विचार।** बीजेपी विधायक अशोक कोरी ने बिजली विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में विधायक बिजली विभाग के घूसखोर अफसरों को लेकर बुरी तरह भड़के हुए हैं। छतोह के एसडीओ और विजिलेंस टीम की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध विधायक का पारा ऐसा चढ़ा कि उन्होंने सरेआम अधिकारियों की क्लास लगा दी। दो टूक शब्दों में कहा कि हमे ऐसे अधिकारी अपनी क्षेत्र में नहीं चाहिए जो घूसखोरी करके नरक मचा दें।

दरसअल दो दिन पूर्व सलोन ब्लाक सभागार में मेगा कैम्प में जनता की शिकायते सुन रहे सलोन विधायक अशोक कुमार का सामना अवैध वसूली और भ्रष्टाचार की शिकायतों से हुआ तो मौके पर ही अधिकारियों की क्लास लगा दी। ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई की एसडीओ छतोह घूसखोर है। जबकि विजिलेंस की टीम जबरन लोगों से वसूली करती है। एसडीएम सलोन चन्द्र प्रकाश और मुख्य अभियंता रवि चन्द्र श्रीवास्तव की मौजूदगी में विधायक ने छतोह के एसडीओ को जमकर फटकार लगा दी। उन्होंने उसे घूसखोर बताया और अपने क्षेत्र



समाधान कैम्प में मुख्य अभियंता से बातचीत करते विधायक अशोक कुमार।

हटाने को भी कह दिया।

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में विधायक अशोक कोरी एसडीओ और विजलेंश कि टीम को आड़े हाथों ले रहे है। वायरल हो रहे वीडियो में अशोक कोरी मुख्य अभियंता से शिकायत करते हुए एसडीओ को खरी खोटी सुनाते हुए दिख रहे हैं। विधायक ने एसडीएम से कहा कि इनकी इतनी शिकायतें हैं एक तो इनका व्यवहार ही सही नहीं है, इनको हमारे क्षेत्र से हटाओ ये तो विधायक को विधायक ही नहीं समझते है, कहा कि इतनी घूसखोरी हो रही है की नरक मचा दिया है। वायरल वीडियो में विधायक कह रहे है कि ये इस तरह के अधिकारी सरकार की मंशा के विपरीत काम कर रहे हैं। वहीम उन्होंने विजिलेंस की टीम को भी जमकर फटकारा है।

उन्होंने कहा है कि चेकिंग के नाम पर गरीबों का उत्पीड़न अब बर्दश्त नही होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यहां अवैध वसूली का खेल बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सुधार नहीं हुआ, तो इसकी शिकायत सीधे शासन स्तर पर की जाएगी।

# गुमनामी व गंदगी में सिसक रहा रेवती राम तालाब

## गंदगी, नगण्य सुविधाएं व उजड़ी हरियाली से बिगड़ी तस्वीर, लगभग 350 साल पुरानी धरोहर उपेक्षा का शिकार

**जिम्मेदार अंजान**

**शशांक सिंह/केके ओझा, रायबरेली**

**अमृत विचार।** कभी लोगों की चहल-पहल, आस्था और सामाजिक जीवन का केंद्र रहा रेवती राम तालाब आज खामोशी की चादर ओढ़े अपनी पहचान को तरस रहा है। यहां पर कभी सुबह-शाम स्नान, पूजा-अर्चना और मेल-मिलाप की रौनक रहती थी, वहीं अब जिम्मेदारों की बेरुखी से सन्नाटा और बदहाली नजर आ रही है। एक बार फिर नगरवासियों की जुबां पर इसकी चर्चाएं तेज हो गई हैं। फिलहाल तमाम बार सौंदर्यीकरण व इस परिसर को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए प्रशासन तक आवाज पहुंचाई गई, लेकिन महकमे की ओर से अब तक न तो कोई कारगर कदम उठाए गए और न ही मौके का स्थलीय निरीक्षण ही कराया गया।

जनपद का ऐतिहासिक धरोहर रेवती राम तालाब आज उपेक्षा और अव्यवस्था के कारण अपनी पहचान खोता जा रहा है। यह तालाब कभी



रायपुर के पास स्थित बदहाल ऐतिहासिक धरोहर रेवती राम तालाब। अमृत विचार

शहर की शान और प्रमुख आकर्षण हुआ करता था, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इतिहासकारों और स्थानीय लोगों के अनुसार इस तालाब का निर्माण वर्ष 1670 ई. में दीवान लाला रेवती राम श्रीवास्तव ने इस स्थान पर तालाब खुदवाने का आदेश दिया गया था। खुदाई के दौरान मिले खजाने से ही तालाब का निर्माण पूरा कराया गया। बताया जाता है कि रेवती राम ने शेष धन का उपयोग गरीब कन्याओं के विवाह में भी किया, जिससे उन्हें समाज में विशेष सम्मान प्राप्त हुआ और तालाब का नाम उनके नाम पर पड़ा।

करीब 4 एकड़ में फैला यह तालाब चौकोर आकार में बना है, जिसकी पक्की सीढ़ियां और घाट नवाबी स्थापत्य कला की झलक प्रस्तुत करते हैं। तालाब के चारों ओर स्थित छोटे मंदिर और पुरानी संरचनाएं इसे धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व प्रदान करती हैं। एक समय यह स्थान स्नान, पूजा-अर्चना और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। हालांकि, वर्तमान में तालाब की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। चारों ओर गंदगी का अंबार, टूटी स्ट्रीट लाइट्स, खराब झूले और उजड़ी हरियाली इसकी बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से इसकी साफ-सफाई और रखरखाव की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वर्ष 2012 में तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी द्वारा इसके सुंदरीकरण के प्रयास किए गए थे, लेकिन वह योजनाएं भी अधूरी ही रह गईं। हाल के वर्षों में भी कई बार इस मुद्दे को उठाया गया, परंतु जमीनी स्तर पर कोई सुधार देखने को नहीं मिला है।

### सौंदर्यीकरण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग



रामखेलावन बारी।



कमरुद्दीन आसिफ।



जय प्रकाश वर्मा।



पुष्पा यादव।

वार्ड नंबर 32 सत्यनगर के सभासद राम खेलावन बारी, वार्ड नंबर 14 गोरा बाजार के सभासद कमरुद्दीन आसिफ, वार्ड नंबर 03 देवानंदपुर के सभासद जय प्रकाश वर्मा व महानंदपुर की सभासद पुष्पा यादव ने प्रशासन से मांग की है कि इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि यदि सही ढंग से विकास किया जाए, तो यह तालाब न केवल शहर की पहचान को पुनर्जीवित करेगा, बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में भी नई संभावनाएं खोल सकता है।

> अमृत विचार के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही टीम गठित कर स्थलीय व भौतिक सत्यापन कराकर सौंदर्यीकरण और लाइटिंग कराई जाएगी। परिसर को सुंदर और पर्यटकों की भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
>
> **-स्वर्ण सिंह, ईओ, नगर पालिका परिषद रायबरेली।**

### ट्रेन की चपेट मे आने से युवक की मौत

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल के निकट ट्रेन की चपेट मे आने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के नयापुरवा निराला नगर निवासी अल्लन (40) पुत्र सकूर, मेराज (27) पुत्र इदरीश दोनों सिविल लाइन की तरफ जाने के लिए ओवर ब्रिज के नीचे पैदल रेलवे लाइन पार कर रहे थे। तभी अचानक वंदे भारत ट्रेन के आ जाने से वह दोनों इसकी चपेट में आ गए। जिसमें टक्कर के बाद दुर्घटनास्थल पर अल्लन की मौत हो गई। जबकि मौके पर मौजूद लोगों द्वारा घायल को आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। डॉक्टर के अनुसार जिला अस्पताल से घायल को एम्स रेफर कर दिया गया। मौत की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



युवक की मौत के बाद ट्रैक पर मौजूद लोग।

### गुड फ्राइडे पर कार्यक्रम आयोजित

**लालगंज (रायबरेली)।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में गुड फ्राइडे के अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और उनके उपदेशों को स्मरण किया गया। प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने प्रभु यीशु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भजन, विचार प्रस्तुति तथा लघु नाटिका के माध्यम से प्रभु यीशु के जीवन और उनके संदेशों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मौन धारण कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।



स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

### जयंती पर पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को किया गया याद, दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में की गई। कांग्रेस जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती की पूर्व संध्या पर चार अप्रैल को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता व जयंती के अवसर पर पांच अप्रैल को विचार गोष्ठी का आयोजन किए जाने पर विशेष चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बाबू जगजीवन राम की जयंती पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों के आयोजन पर पदाधिकारियों से चर्चा कर कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित की, और स्थानीय जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उसके निवारण के लिए जनता का सहयोग करने की बात कहीं। मासिक बैठक में नवनियुक्त कांग्रेस शिक्षक विभाग के जिलाध्यक्ष केसी शुक्ला, रेशमा बानो एडवोकेट को शहर कांग्रेस सूचना अधिकार प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाए जाने पर उपस्थित कांग्रेसजनों द्वारा फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में पूर्व प्रत्याशी विधानसभा ऊंचाहार अतुल सिंह, सईदुल हसन, पद्मधर सिंह, प्रमेन्द्र पाल सिंह, महेश प्रसाद शर्मा, संतोष त्रिवेदी, मो .इलियास, अनवार खान, अजीत सिंह, शिवानंद मौर्या, राहुल बाजपेयी, लालआशकिरन प्रताप सिंह, सतगुरूदेव लोधी, सुमित्रा रावत, संजय श्रीवास्तव, मो .जफरूल, आकर्षण द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, आलोक विक्रम सिंह, आर .के .सिंह, यशपाल भारती, कृपाशंकर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक



गदागंज क्षेत्र के महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** गदागंज थाना क्षेत्र के महाविद्यालय ग्राम चरूहार जियायक महामाया में महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे बताया गया। थाना प्रभारी दयानंद तिवारी ने महिलाओ बालिकाओ को टोल फ्री नंबरों 1090, 1930, 112, 108, 101, 181, 1076 पर किसी भी समय फोन कर सहायता ले सकते हैं। सूचना पर पुलिस आपकी सेवा में मदद के लिए लोकेशन को ट्रेस करते हुए पहुंच जाएगी। साथ ही सरकारी योजनाओं, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, नारी शक्ति वंदन अधिनियम साइबर क्राइम की जानकारी व साइबर क्राइम से बचने के उपाय व सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर एसएसआई मो . मुकरीम, अनामिका, रोहतास मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ और मां विंध्यवासिनी में टेका मत्था

**लालगंज (रायबरेली)।** ऑस मीडिया जर्नलिस्ट संगठन के प्रदेश महामंत्री देवेश अग्निहोत्री, आरएसएस धर्म जागरण के जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला, चंद्रशेखर शरण सिंह व संजय सिंह ने काशी पहुंचकर पतित पावनी मां गंगा मे स्नान किया। वहीं बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना भी किया। संघ कार्यकर्ता सुशील शुक्ला और देवेश अग्निहोत्री ने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से सरकार ने काशी विश्वनाथ और विंध्यवासिनी धाम को सजाने व संवारने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर पुष्कर पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# एसबीआई की पहल : पोषण पोटली से टीबी मरीजों को नई उम्मीद



पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बछरावां समेत पूरे जनपद में टीबी मरीजों के लिए एक नई पहल की गई है। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा "पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम" का शुभारंभ डीएम हर्षिता माथुर और सीडीओ अंजुलता ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की जाएगी, जिसमें चना, सत्तू, गुड़ और अन्य पौष्टिक सामग्री शामिल है।

जिला क्षय रोग विभाग के डॉ. अनुपम सिंह ने बताया कि यह पोषण मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और शीघ्र स्वस्थ होने में सहायक होगी। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक ब्रज भानु सिंह ने कहा कि बैंक सामाजिक दायित्व के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चरणबद्ध तरीके से यह वितरण करेगा। परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा ने कहा कि जनसहभागिता ही टीबी उन्मूलन को सफल बनाएगी। कार्यक्रम में विपणन अधिकारी राहुल देव शुक्ला की सक्रियता की भी सराहना की गई। करुणा शंकर मिश्र ने राज्यपाल के टीबी मुक्त प्रदेश के संकल्प को साकार करने में इस पहल की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# लटके तारों से लगती है आग, किसान हो जाते हैं दाने-दाने को मोहताज

**महराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** शॉर्ट सर्किट से हर वर्ष सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल स्वाहा हो जाती है। विभाग की जर्जर लाइनों को बदलने में महज खानापूर्ति ही हो रही है, जिससे से किसानों में आक्रोश है। क्षेत्र में बिजली विभाग की घोर लापरवाही किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर रही है।

कस्बे से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जाने वाली मुख्य लाइन में झूलते और जर्जर बिजली के तार आए दिन हादसों को दावत दे रहे हैं। आलम यह है कि पिछले एक सप्ताह के भीतर शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारियों ने क्षेत्र के कई किसानों की बीघे गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया है, जिससे क्षेत्र के किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। लापरवाही का आलम यह है कि बिजली विभाग का जमीनी स्तर पर काम शून्य है। अलीपुर निवासी किसान अतुल सिंह, रवींद्र



महराजगंज क्षेत्र के खेत में गेहूं की फसल के ऊपर लटकते विद्युत तार।

- जर्जर लाइनों को बदलने में महज हो रही खानापूर्ति

सिंह, नमान सिंह, और तेजभान सिंह सहित दर्जनों किसानों ने अपना दुख साझा करते हुए बताया कि शिवगढ़ उपखंड के कसना फीडर से उन्हें विद्युत आपूर्ति होती है। जैसे-तैसे छुट्टा जानवरों और नीलगायों से रात-दिन जागकर फसल बचाई थी, लेकिन अब बिजली विभाग की लापरवाही ने उन्हें बर्बाद कर दिया है। कुबना गांव निवासी किसान शंकर बक्स सिंह, उमा बक्स सिंह, नारायनपुर के किसान श्यामलाल व समरजीत सिंह समेत अन्य क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि गर्मी के दिनों में विद्युत शार्ट सर्किट होने की वजह से खेतों में तैयार गेहूं की फसल आदि जलकर नष्ट हो जाती है। वहीं शिवगढ़ फीडर के जेई हरेंद्र कुमार सिंह और महराजगंज के जेई अवनीश कुमार ने बताया कि अधिकांश मुख्य लाइनें पुरानी हैं। जल्द ही ढीले तारों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया जाएगा।

**समस्या** | एजेंसी के बाहर भीड़ बढ़ने के साथ ही कई बार धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई

# गैस को लेकर मचा हाहाकार, घंटों धूप में खड़े रहे उपभोक्ता

**जगतपुर (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** कस्बे स्थित निशा गैस एजेंसी पर शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं और लोग चिलचिलाती धूप में घंटों खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। भीड़ बढ़ने के साथ ही कई बार धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालात काबू से बाहर होते देख एजेंसी प्रबंधन को बीच-बीच में शटर बंद करना पड़ा, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई। कर्मचारियों



गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लगी लाइन। अमृत विचार

ने व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ के दबाव के आगे इंतजाम नाकाफी साबित हुए।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से सामान्य स्थिति बनी हुई थी, लेकिन शुक्रवार को अचानक गैस की कमी की अफवाह फैलने से बड़ी संख्या में लोग एक साथ एजेंसी पहुंच गए। हालांकि एजेंसी प्रबंधन ने किसी भी तरह की कमी से इनकार करते हुए सभी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान रितेश, जितेंद्र, धर्मेंद्र, दिलीप, रामकुमार, बिताना, श्याम, शिवानी, धर्मावती और शकुंतला समेत कई उपभोक्ताओं को घंटों धूप में इंतजार करना पड़ा। जिला प्रशासन और एजेंसी प्रबंधन से इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है, ताकि ऐसे में गैस के लिए आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### गैस एजेंसी पर महिला का हंगामा, वीडियो वायरल

**बछरावां (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के सैदपुर बेहटा गांव स्थित एक गैस एजेंसी में एक महिला उपभोक्ता द्वारा हंगामा करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि महिला सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंची थी, जहां लोड उतरने की प्रक्रिया चल रही थी। एजेंसी संचालक रजनीश त्रिवेदी के अनुसार इंतजार करने को कहने पर महिला भड़क गई और सीधे गोदाम में पहुंचकर विवाद करने लगी। आरोप है कि उसने कर्मचारी का कॉलर पकड़कर बदसलूकी की और गाली-गलौज भी की। यहां तक कि मारपीट की कोशिश भी की गई। पूरी घटना का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल मामले को लेकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### वांछित इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**जगतपुर (रायबरेली)।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जगतपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शारदा नहर पुल के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इकबाल पुत्र अमीर अहमद उर्फ अमीर हुसैन निवासी ग्राम काशीपुर आंगा थाना गंज जनपद रामपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित गोवध निवारण अधिनियम व अन्य कई मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार के इनामिया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

न्यूज ब्रीफ

## खेत से पेड़ उठाने को लेकर हुई मारपीट

**सिंहपुर (अमेठी) :** इन्हौना थाना क्षेत्र के पूरे गोसाईं मजरे चिलौली निवासी राम नरेश ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि कि उनका सफेदा का पेड़ राम किशोर के खेत में गिर गया तथा उसे उठाने के लिए राम किशोर से कहा था किन्तु राम किशोर ने पेड़ उठाने मना कर दिया। इसी बात को लेकर पहले कहासुनी हो गई, जिसके बाद विपक्षी व 4-5 अज्ञात लोग लाठी डंडे से लैश होकर मेरे दरवाजे पर आकर मुझे पत्नी उर्मिला पुत्र सोनू, मोनू व मेरी बहु संगीता को लाठी डंडे व वेल्ट से मारा पीटा है। जिससे सब लोग चोटिल हो गए। जबकि मेरी बहु संगीता 8 माह की गर्भवती भी है, उसके साथ मारपीट करने से उसकी हालत गंभीर है। वहीं थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच के उपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

## गायत्री प्रसाद बने अवध प्रांत के अध्यक्ष



**अमेठी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिमालयन परिवार के अवध प्रांत का क्षेत्रीय अध्यक्ष गायत्री प्रसाद उपाध्याय को बनाया गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संयोजक इंद्रेश जी ने उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए उनके लंबे सामाजिक अनुभव और समर्पण की सराहना की। संग्रामपुर क्षेत्र के मिसरौली माफी गांव निवासी पं. गायत्री प्रसाद उपाध्याय पिछले चार दशकों से संघ की विचारधारा से जुड़े हुए हैं। उपाध्याय सामाजिक सरोकारों में भी लगातार अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। हर वर्ष ठंड के मौसम में वह बड़े पैमाने पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण कराते हैं, जिससे गरीब और असहाय लोगों को राहत मिलती है। इसके अलावा कन्या विवाह में आर्थिक सहयोग, जरूरतमंदों के इलाज में मदद तथा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग उनकी पहचान बन चुकी है।

## अंडे की दुकान से तीन हजार रुपये चोरी

**जगदीशपुर (अमेठी) :** कस्बा क्षेत्र में चोरों ने एक अंडे की दुकान को भी निशाना बनाते हुए गल्ला तोड़कर नकदी पार कर दी। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है। कस्बे में खान न्यूज एजेंसी के सामने सड़क किनारे स्थित अंडे की दुकान पर चोरों ने देर रात धावा बोल दिया। चोरों ने दुकान का गल्ला तोड़कर उसमें रखे करीब तीन हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। दुकान संचालक सब्बीर, निवासी निहालगढ़, को घटना की जानकारी गुरुवार सुबह उस समय हुई जब वह दुकान खोलने पहुंचे। गल्ला टूटा और नकदी गायब देख उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कस्बे के दुकानदारों में भी दहशत का माहौल है।

## चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**जगदीशपुर (अमेठी) :** कोतवाली क्षेत्र के शुक्लाबाजार मोड़ पर रविवार को दुकान के सामने टैक्सी खड़ी करने को लेकर हुए कहासुनी के दौरान एक टैक्सी चालक ने कस्बा निवासी दुकानदार अनीस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। घायल के परिजनों द्वारा पुलिस को लिखित शिकायत दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शिनाख्त के बाद पुलिस ने आरोपी टैक्सी चालक वहीउद्दीन निवासी इमलीगांव, थाना भालेसुल्तान को गिरफ्तार कर लिया इस सम्बन्ध मे कोतवाल डी.के. यादव ने बताया कि आरोपी के वाहन को सील कर दिया गया है।

# केवाईसी और सर्वर संकट से जूझे उपभोक्ता

### समस्या: गैस एजेंसियों के बाहर लगी लोगों की लंबीं कतारें, घंटों लाइन में लगकर भी लौटे खाली हाथ

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** घरेलू गैस उपभोक्ताओं की परेशानी थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को इंडेन और एचपी गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिलीं। सुबह से ही महिला, पुरुष और बुजुर्ग अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन अधिकांश को निराश होकर लौटना पड़ा। लोगों को सबसे अधिक समस्या केवाईसी प्रक्रिया और सर्वर ठप रहने से सामने आई।

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि एजेंसी पहुंचने पर कर्मचारियों ने सर्वर न चलने की बात कहकर वापस भेज दिया। इससे लोगों में नाराजगी भी स्पष्ट दिखी। घंटों इंतजार के बाद भी काम न होने से उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई। उपभोक्ता निर्मला ने बताया कि वह पिछले 15 दिनों से गैस बुकिंग से जुड़ी समस्या से जूझ रही हैं। सिलेंडर बुक कराने के बाद मोबाइल पर ओटीपी नहीं आया।



गैस एजेंसी के बाहर केवाईसी कराने के लिए लगी लोगों की कतार। अमृत विचार

जानकारी करने पर केवाईसी अधूरी होने की बात सामने आई। इसके बाद से वह लगातार एजेंसी के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं मिला। रामनरेश सुबह नौ बजे से लाइन में लगे रहे, लेकिन साढ़े ग्यारह बजे तक उनका नंबर नहीं आ सका। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले भी इसी तरह लाइन में खड़े रहे थे, फिर भी बिना काम लौटना पड़ा। ऐसे में रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। बुजुर्ग राम सनेही वर्मा ने भी अपनी समस्या बताई। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर बुक करने के बाद मोबाइल पर डिलीवरी का संदेश प्राप्त हुआ, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। एजेंसी पहुंचने पर बाद में देने की बात कह दी गई। इससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ी।लगातार बनी इस स्थिति से उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि व्यवस्था में तत्काल सुधार जरूरी है। केवाईसी प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और सर्वर व्यवस्था दुरुस्त हो, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार एजेंसी के चक्कर न लगाने पड़ें और समय की बर्बादी से राहत मिल सके।

### स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर उपभोक्ताओं ने जताई नाराजगी, प्रधानमंत्री को भेजी शिकायत

**अमेठी, अमृत विचार।** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में एक शिकायत पत्र अशोक सिंह हिटलर सदस्य दूरसंचार सलाहकार समिति भारत सरकार ने प्रधानमंत्री को भेजा है, जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि इन दिनों विद्युत विभाग की ओर से उपभोक्ताओं के घरों में पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर यह प्रक्रिया बिना सहमति के की जा रही है, जबकि पुराने मीटर में कोई तकनीकी समस्या भी नहीं थी। इससे उपभोक्ताओं में असहजता और नाराजगी बढ़ रही है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं को अपेक्षा से अधिक बिजली बिल प्राप्त हो रहे हैं। कुछ मामलों में बिल दोगुना या तिगुना आने की शिकायत सामने आई है। इसके अलावा समय पर भुगतान करने के बावजूद कनेक्शन बाधित होने जैसी समस्याएं भी बताई गई हैं, जिससे लोगों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने पर भी संतोषजनक समाधान नहीं मिल रहा है। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर समस्याओं को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया गया है। इससे आम जनता में असंतोष और आक्रोश की स्थिति बन रही है। पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए और उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, बिना सहमति मीटर बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग उठाई गई है। शिकायतकर्ता अशोक सिंह ने अपील की है कि आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाए और ऐसी व्यवस्था लागू की जाए, जिससे उपभोक्ताओं को पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं मिल सकें।

# कालिकन धाम के अमृत कुंड का पानी हुआ प्रदूषित

संग्रामपुर (अमेठी)

आस्था पर संकट

**अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध कालिकन धाम का पवित्र सगरा (अमृत कुंड) इन दिनों गंभीर प्रदूषण की चपेट में है। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र माना जाने वाला यह कुंड गंदगी से पट गया है, जिससे न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं, बल्कि पर्यावरण पर भी विपरीत असर पड़ रहा है।

गौरतलब है कि कालिकन धाम आने वाले श्रद्धालु इस कुंड के पानी को चरणामृत मानकर स्नान और जल ग्रहण करते हैं। लेकिन वर्तमान में कुंड का पानी प्लास्टिक की पन्नियों, जूठी पत्तलों और बिस्कुट के रैपर जैसी गंदगी से भर गया है, जिससे इसकी पवित्रता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार की 'नमामि गंगे' योजना के तहत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा कई बार साफ-सफाई कराई गई, लेकिन सगरा अधिक गहरा होने के कारण प्रभावी सफाई संभव नहीं हो पाई।कुंड में मौजूद हजारों मछलियों को श्रद्धालु भोजन के रूप में बिस्कुट खिलाते



अमृत कुंड के दूषित पानी से आचमन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

हैं,जिसके बाद फेंकी गई पन्नियां और कागज हवा के साथ पानी में गिरकर इसे और अधिक प्रदूषित कर देते हैं। साथ ही, जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बरसात के मौसम में ऑक्सीजन की कमी के कारण बड़ी संख्या में मछलियों की मौत भी हो जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि उचित रखरखाव और ठोस प्रबंधन के अभाव में कालिकन धाम का कुंड अपनी पहचान खोता जा रहा है। अगर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह पूरी तरह प्रदूषित हो जाएगा।

## ताला तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी पार

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** गुरुवार रात चोरों ने घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़कर सोने-चांदी के करीब 10 लाख रुपये के जेवर और 25 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह परिवार के जागने पर उन्हें कमरे में सामान बिखरा मिला। तब चोरी की घटना की जानकारी हुई। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कटेहटी गांव की है।

कटेहटी गांव निवासी जगन्नाथ उपाध्याय के घर चोरी की वारदात हुई। जगन्नाथ के मुताबिक, परिवार के लोग रात में भागवत कथा सुनकर लौटे थे। भोजन के बाद पुरुष घर के बाहर सो गए। जबकि, महिलाएं छत पर चली गईं। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर घर में प्रवेश किया। आशंका है कि पीछे की खिड़की या छत के रास्ते चोर अंदर आए। कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवर और नकदी निकाल ले



चोरी के बाद बिखरा पड़ा समान।

गए। सुबह करीब 4 बजे परिवार के सदस्य उठे तो कमरे का हाल देखकर चौंक गए। बक्सा खुला पड़ा था और सामान इधर-उधर फैला मिला। इसके बाद डायल 112 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई।

वहीं प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, क्योंकि घर के मुख्य दरवाजे और खिड़कियों पर किसी प्रकार का नुकसान नहीं मिला है।

## चाय की गुमटी में आग लगने और सिलेंडर फटने से मचा हड़कंप

जायस (अमेठी)

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद जायस कस्बे में प्राइमरी स्कूल के सामने शुक्रवार को एक चाय की गुमटी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और कुछ ही देर में पूरी गुमटी आग की चपेट में आ गई। वहीं गुमटी में रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। आगजनी के बीच घने धुएं को देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

लोगों की सूचना पर फायर टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। इस दौरान नगर पालिका के कर्मचारियों ने भी मौके पर पहुंचकर सहयोग किया। आसपास के लोग भी आग पर काबू पाने में जुटे रहे करीब काफी प्रयास के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया लेकिन तब तक लकड़ी से बनी गुमटी पूरी तरह जल चुकी थी। अंदर रखा चाय बनाने का सामान, बर्तन,



गुमटी में लगी आग को बुझाता फायर ब्रिगेड का कर्मचारी। अमृत विचार

हादसा

नकदी और अन्य जरूरी सामग्री भी आग में खाक हो गई। गुमटी संचालक को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आग लगने के दौरान गुमटी में रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया और दूर जा गिरा। धमाके की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद लोग सहम गए और इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि सिलिंडर फटने के बावजूद कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। समय रहते लोगों की सतर्कता और फायर टीम की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा है। थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया की फायर बिग्रेड के टीम व पुलिस ने मौके पर जाकर आग पर काबू पा लिया था।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



प्रगति पत्र लिए छात्र व मौजूद अभिभावक। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** विकास खण्ड शाहगढ़ के संदीपनि ज्ञान कुंज नन्दमहर में शुक्रवार को बच्चों का प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक रमापति पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमापति पाण्डेय ने एलकेजी से कक्षा आठ तक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही जिन विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही, उन्हें भी शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट न्यू रिपोर्टर 2025-26" का पुरस्कार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों सिद्धि शुक्ला और आराध्या पाण्डेय को प्रदान किया गया। वहीं कक्षा प्रमुख 2025-26" का अवार्ड लकी मौर्य और श्रेया सिंह को दिया गया, जिन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय के सभी कार्यक्रमों में सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय में साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या पूनम शुक्ला ने उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मित्र सोसाइटी के समन्वयक चन्द्र प्रकाश शुक्ला, राम कृष्णा ओझा, के. एल. शर्मा, आयुष पाण्डेय, दशरथ, संदीप, पूजा पाण्डेय, प्रतिमा, काजल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एनएसपीएस में मनाया गया गुड फ्राइडे

**रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में गुड फ्राइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक वातावरण में विद्यार्थियों ने अनुशासन और श्रद्धा के साथ इस दिन को स्मरण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गुड फ्राइडे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रभु यीशु मसीह के त्याग, प्रेम और मानवता के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि गुड फ्राइडे हमें निःस्वार्थ सेवा, क्षमा और मानवता की भावना को अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मौन रखकर प्रभु यीशु मसीह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## बिना नीलामी गायब हो रही सिल्ट

जिम्मेदार बेखबर

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शारदा सहायक नहर से निकली पारी रजबहा इन दिनों अवैध सिल्ट खनन का अड्डा बन गई है। गरीबों के पुरवा के सामने बिना किसी नीलामी प्रक्रिया के खुलेआम बड़े पैमाने पर सिल्ट का उठान किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह खेल लंबे समय से जारी होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग पूरी तरह अनजान बना हुआ है।

ग्रामीणों के मुताबिक दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों के जरिए सिल्ट ढोई जा रही है। आरोप है कि खनन माफिया न सिर्फ सरकारी संपत्ति को लूट रहे हैं, बल्कि रजबहा की पटरी को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे भविष्य में नहर व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा



जगतपुर में शारदा सहायक नहर से निकाली गई सिल्ट। अमृत विचार

बढ़ गया है। ग्रामीणों ने कई बार मौखिक शिकायतें भी कीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नियमों के तहत नहरों और रजबहों से निकली सिल्ट की नीलामी कर उसे वैध तरीके से उठाया जाता है और उससे प्राप्त राजस्व का उपयोग नहरों व माइनरों की मरम्मत व रखरखाव में किया जाता है। इसके विपरीत यहां बिना नीलामी हो रहा सिल्ट उठान सीधे-सीधे सरकारी खजाने को चूना लगाने का मामला बन गया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध खनन पर रोक नहीं लगी तो बरसात के मौसम में रजबहा की पटरी टूटने का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे किसानों की फसलें भी प्रभावित हो सकती हैं। फिलहाल यह जांच का विषय है।

इस संबंध में सहायक अभियंता बालचंद भारती ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अवैध सिल्ट उठान पर तत्काल रोक लगाने की बात कही है।

## गेहूं की बोरी चोरी होने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** मखदूमपुर कला गांव में किराना दुकानदार की दुकान के बाहर से गेहूं की दो बोरी चोरी होने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया गेहूं भी बरामद कर लिया। इसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया। मखदूमपुर कला निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 30 मार्च की रात करीब दो बजे उसकी दुकान से दो बोरी गेहूं अज्ञात चोर उठा ले गए। जानकारी मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

सीसीटीवी फुटेज में गांव और आसपास के ही तीन युवक गेहूं चोरी करते हुए दिखाई दिए। इसके आधार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ विवेक वर्मा ने बताया कि ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत गुरुवार रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल जाने आलम निवासी पूरे भरोसी मजरे शेखपुर भड़रा, चांद मोहम्मद निवासी पूरे मेढीलाल मजरे बदलगढ़ और मशरूफ निवासी बदलगढ़ को गेहूं की बोरी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में नए सत्र का शुभारंभ

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** एसएम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में दीप प्रज्जवलित कर नए सत्र का शंभारंभ किया गया। इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मेधावियों को रिपोर्ट कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबंधक बचोले सिंह व प्रधानाचार्य मंजय सिंह ने कहा कि बच्चों की सफलता में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी योगदान है। उन्होंने नए सत्र की आरंभ पर अभिभावकों से अपने पाल्यों को स्कूल भेजने व उनकी शैक्षिक गतिविधियों पर भी नजर रखने की अपील की है। इस मौके पर रिफत, शिवन्या, शिवम मिश्रा, आस्था श्रीवास्तव, जीना, सक्षम, आयुषी वाजपेई, अंशिका, नंदिनी, आयुषी तिवारी, शिव, आयुष, कीर्ति तिवारी, जय श्लोक तिवारी, सौम्या, दिव्यांश दीक्षित, आयुष, अवनीश तथा अन्य मंजय, महेंद्र अग्रवाल, जितेंद्र, रोशन, उपेंद्र, विकास, नीरज, शिवम, सचिन, पवन, योगेंद्र देव, गोविंद, दिलीप, विनोद, गायत्री, सावित्री सविता, सेजल ,अनामिका, प्रियांशी, आंचल, अंजलि, शिवांगी, कोमल, प्राची, राजकुमार, साक्षी आदि उपस्थित रहे।

## जूनियर शिक्षक संघ के शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान को रवाना, आज देंगे धरना

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** उच्चतम न्यायालय के एक निर्णय में आरटीई कानून से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के बाद जिले सहित देशभर के शिक्षकों में नाराजगी बढ़ गई है। शिक्षकों का कहना है कि टीईटी नहीं होने की स्थिति में सेवा से मुक्त करने की शर्त से देशभर के करीब 25 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। टेट के विरोध में चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग करने के लिए जूनियर शिक्षक संघ से जिले से लगभग एक हजार शिक्षक प्रतिभाग करने के लिए जा रहे है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षकों ने मांग की है कि केंद्र सरकार हस्तक्षेप कर 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत दे, क्योंकि एनसीटीई की 2010 की अधिसूचना में ऐसे शिक्षकों को छूट देने का प्रावधान है। इसी मुद्दे को लेकर टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय शिक्षक रैली आयोजित की जा रही है। इस दौरान जिला महामंत्री सियाराम सोनकर, संरक्षक समर बहादुर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, शिव कुमार सिंह, मेराज अहमद, रवि श्रीवास्तव, सुरेश सिंह, गौरव युवराज, सुनील यादव, राजेश यादव, उमाशंकर चौधरी, विक्रमादित्य सिंह, सुरेंद्र वर्मा, आशीष चौधरी, राकेश पटेल, धर्मेन्द्र शर्मा, रमेश, संजीव श्रीवास्तव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

कार्य जारी

### स्टेशन के दोनों भव्य गेट व लगभग 200 खंभों में लगाई गई एलईडी लाइटें

# बछरावां रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण लगभग पूरा, मिलेंगी सुविधाएं

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत बछरावां रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से हुए इस कार्य में स्टेशन के 5 एकड़ क्षेत्र का कायाकल्प किया गया है। प्लेटफार्म नंबर एक को पूरी तरह सुसज्जित किया गया है, जिसमें एसी वेटिंग हाल, ग्रेनाइट पत्थर से बनाए गए प्लेटफार्म, लंबा चौड़ा टीन सेट, पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय और दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप और विशेष आरक्षण काउंटर आदि शामिल हैं।

रेलवे ओवर ब्रिज पर ग्रेनाइट पत्थर लगाए गए हैं और स्टेशन के दोनों भव्य गेट व लगभग 200 खंभों में एलईडी लाइटें लगाई गई हैं। स्टेशन पूरी तरह दूधिया रोशनी में नहाएगा। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ चौकी और स्टेशन अधीक्षक कक्ष के बगल मॉनिटरिंग रूम तैयार किया जा रहा है। पेयजल सुविधा और हरियाली को भी बेहतर बनाया गया है, साथ ही कार और मोटरसाइकिल के लिए अलग-



बछरावां रेलवे स्टेशन पर कराया जा रहा सौंदर्यीकरण का कार्य। अमृत विचार

अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। लखनऊ-रायबरेली रेल खंड के बछरावां रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 25 ट्रेनों का आवागमन होता है, जिनमें 15 से अधिक ट्रेनें रुकती हैं। लगभग 2000 यात्री रोजाना स्टेशन का उपयोग करते हैं। सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से चल रहा है और शेष कार्यों को दिन-रात सैकड़ों मजदूर, इंजीनियर और स्टाफ पूरा कर रहे हैं।

स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार बाजपेई ने बताया कि स्टेशन का भव्य लोकार्पण वर्तमान माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। स्थानीय यात्रियों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब यह परियोजना पूरी तरह तैयार हो जाएगी, तो बछरावां रेलवे स्टेशन मॉडल स्टेशन के रूप में सामने आएगा, जिससे क्षेत्र की पहचान और सौंदर्य दोनों बढ़ेंगे।

# अमृत विचार

शनिवार, 4 अप्रैल 2026




मनुष्य ने ईश्वर को जो सबसे महान नाम दिया है, वह सत्य है।
–स्वामी विवेकानंद, दार्शनिक



## जेल नहीं बस जुर्माना

जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2026 राज्यसभा से पास होने के बाद कानून बनेगा। सरकार को यकीन है कि इस प्रस्तावित कानून के आने के बाद कारोबारी माहौल और सुगम, बेहतर तथा भयमुक्त होगा क्योंकि छोटे-मोटे अपराधों से जेल की सजा हटाकर उसे जुर्माने में बदला गया है और पहली बार कम गंभीर अपराध, छोटे मोटे अपराध, अपराध की श्रेणी से ही बाहर कर दिए गए हैं। इसे तर्क संगत तथा व्यावहारिक बनाने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 संशोधनों किए गए, जिसे संसद की मंजूरी मिल गई है। यह ठीक है कि सामान्य अपराध में किसी व्यवसायी को जेल में डालकर अनुत्पादक भीड़ बढाने से बेहतर है जुर्माने के तौर पर उनसे कुछ धन हासिल किया जाए, जो ज्यादा सार्थक और उत्पादक कृत्य होगा। देश की अदालतों में जो तकरीबन पांच करोड़ मामले लंबित हैं, इसमें से साढ़े करोड़ से ज्यादा मामले आपराधिक हैं। इनमें से बहुतायत संख्या अत्यंत साधारण किस्म के आपराधिक आरोपों के हैं। ऐसे में यह कानून आया तो वह अदालतों से आपराधिक मामलों का और जेल प्रशासन से कैदियों के देखरेख का बोझ हटाने में सफल हो जाएगी।

साधारण या अनजाने में किए अपराधों से संबंधित अदालत में लंबित लाखों मुकदमों का निपटारा आसानी से और त्वरित तौर पर संभव होगा तथा धन, समय, ऊर्जा, संसाधन के अपव्यय का कारण बनने वाले इन लंबित मुकदमों की संख्या भी आगे नहीं बढेगी। साधारण मामलों वाले इन खिंचते मुकदमों के चलते जनता, अदालतें, सरकार और कारोबारी तथा दूसरे वर्ग परेशान होते थे। कानून के प्रभावी होने से अदालतें बेवजह के कागज पत्र, कार्रवाइयों के बोझ से कम दबेंगी कोर्ट के कामकाज में फुर्ती आएगी। साधारण अपराध में जेल जाने वाला व्यक्ति देश, समाज, परिवार के लिए बोझ बन जाता है और रिहा होने के बाद भी कलंक नहीं छूटता। सो बेहतर है कि जुर्माना भरकर अथवा अदालत से बाहर एक दंड राशि चुकाकर दोनों पक्ष समझौता कर अपराध और मुकादमा मुक्त हो लें। मोदी सरकार ने लोगों रहन-सहन एवं व्यापार करने में सुगमता, सुविधा लाने के लिए पिछले दशक भर से लगभग 40 हजार कानूनी प्रावधानों को सरल बना चुकी है। इस बार की कारगुजारी को जोड़ लें तो उसने 1562 कानूनी प्रावधानों को कानून की किताब से हटाया है।

यह सही है कि देश में प्रचलित 1536 कानूनों के 70 हजार प्रावधानों में से अधिकतर छोटे कारोबारियों के विकास में बाधा बनते हैं। ऐसे में सामान्य और कामकाज के दौरान असावधानी के चलते हो जाने वाले अपराधों के लिए जेल चले जाने का भय व्यापार के पारिस्थितिकी तंत्र और व्यापारी, निर्माता के व्यक्तिगत आत्मविश्वास के विकास में बाधा डालने वाला एक प्रमुख कारक है। सरकार का यह प्रयास उचित है कि वह व्यवस्था की अड़चनें कम करने के लिए वर्तमान की स्थिति के मद्देनजर पुराने नियमों में बदलाव करे और जो कारोबारी छोटे-छोटे अपराधों के कारण जेल की सजा और जुर्माने से डरते हैं। वे व्यवसायी और सरकारी एजेंसियां सामान्य या तकनीकी रूप से सामान्य उल्लंघनों के लिए जेल जाने की चिंता से निर्भय हो अपना काम करें।

### प्रसंगवश

## युद्ध और महिलाएं: पीड़िता से नेतृत्वकर्ता तक

युद्ध आज इतिहास का कोई दूरस्थ अध्याय नहीं है। यह एक जीवंत और पीड़ादायक वास्तविकता है। सूडान, गाजा और यूक्रेन जैसे क्षेत्रों में चल रहे संघर्ष हमें यह दिखा रहे हैं कि मानवता हर दिन परीक्षा से गुजर रही है। इस कठिन समय में एक सत्य अत्यंत स्पष्ट रूप से सामने आता है कि महिलाएं युद्ध में गहराई से पीड़ित होती हैं, फिर भी वे और अधिक सशक्त होकर उभरती हैं। सूडान में महिलाएं असहनीय हिंसा और असुरक्षा का सामना कर रही हैं, फिर भी वे अपने परिवारों की संरक्षक और सहारा बनकर आगे आ रही हैं। गाजा में महिलाएं विनाश के बीच जीवन को संजोए हुए हैं, जब सब कुछ टूट रहा है, तब भी वे परिवारों को एकजुट रख रही हैं। यूक्रेन में महिलाएं मानवीय सहायता का नेतृत्व कर रही हैं, समुदायों का पुनर्निर्माण कर रही हैं और आशा को जीवित रख रही हैं।




डॉ. तनु जैन
सीईओ, बरेली छावनी


यह पीड़ा और शक्ति का द्वंद्व हमें हमारे याद दिलाता है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः।" जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है, लेकिन आज हमें स्वयं से एक प्रश्न पूछना होगा कि यदि महिलाएं सहनशीलता और शक्ति की प्रतीक हैं, तो वे निर्णय लेने के उच्चतम मंचों पर अभी भी अनुपस्थित क्यों हैं? युद्ध केवल भूमि का विनाश नहीं है। यह विनाश है परिवारों का, मूल्यों का तथा समाज के ताने-बाने का और इस ताने-बाने को पुनः स्थापित करने के लिए केवल शक्ति नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, धैर्य और दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है। ये वे गुण हैं, जिन्हें महिलाओं ने बार-बार सिद्ध किया है। आज के युद्ध अधिक जटिल, हिंसक और लंबे हो गए हैं। ये केवल हथियारों से नहीं, बल्कि विस्थापन, भूख, भय और मानसिक आघात से लड़े जा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में शांति केवल रणनीति से नहीं आ सकती। इसके लिए संवेदनशीलता और समावेशिता आवश्यक है और महिलाएं पहले से ही यह कार्य कर रही हैं। वे समुदायिक स्तर पर शांति स्थापित कर रही हैं, विश्वास को पुनः निर्मित कर रही हैं, बच्चों की शिक्षा को बनाए रख रही हैं और वहां सम्मान को पुनर्स्थापित कर रही हैं, जहां वह सबसे अधिक खो गया है। वे शांति का इंतजार नहीं कर रही हैं, वे शांति का निर्माण कर रही हैं। एक और प्राचीन विचार हमें मार्गदर्शन देता है कि "वसुधैव कुटुंबकम्" अर्थात यह संपूर्ण विश्व एक परिवार है। यदि यह विश्व वास्तव में एक परिवार है, तो महिला शक्ति के बिना शांति कैसे संभव है, जो परिवार को संजोकर रखती है?

आज हमारे सामने चुनौती केवल महिलाओं की पीड़ा को स्वीकार करने की नहीं है, बल्कि उनके नेतृत्व को पहचानने और उसे सशक्त करने की है। महिलाओं को आगे बढ़ना होगा। पीड़िता से शक्ति की ओर, मौन से नेतृत्व की ओर और बहिष्कार से सहभागिता की ओर, क्योंकि शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है। शांति गरिमा, संतुलन और सामंजस्य का संगम है। यह भाव हमारे प्राचीन श्लोक में अत्यंत सुंदर रूप से व्यक्त होता है- "सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।" अर्थात सभी सुखी हों, सभी निरोग हों, सभी शुभ देखें और कोई भी दुःख का भागी न बने। यदि यही हमारा लक्ष्य है, तो महिलाओं को केवल शांति प्रक्रिया में सहभागी नहीं बनाना होगा, बल्कि उन्हें उसका नेतृत्व सौंपना होगा। क्योंकि जब महिलाएं युद्ध के समय नेतृत्व करती हैं, तो शांति केवल अस्थायी नहीं रहती। वह स्थायी, सतत और मानवीय बन जाती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## सत्ता-व्यापार गठजोड़ पर बालेन सरकार का शिकंजा






यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार


नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णिम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है, क्योंकि यह परंपरा से थोड़ा हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है, तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी।

यद्यपि कि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही फिर भी जब बालेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त राजनेताओं और सफेदपोश अपराधियों पर लगाम कस रही है, तो इस मुलाकात के तरह-तरह के मायने निकाला जाना लाजिमी है। वह भी तब जब भ्रष्ट नेपाली नेताओं और भ्रष्ट अफसरों के तार भारत से जुड़े हुए हों। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव के बीच भारत ने नेपाल को भारतीय आठ सौ करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई है, इस पर भी चर्चा संभव है। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है, तो वह केवल के पी शर्मा ओली और रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व उर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं।

नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पीएम प्रचंड और पूर्व पीएम बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप है। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा सपत्नीक अभी भारत में थे अब उनके थायलैंड में होने की चर्चा है शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। जाहिर भ्रष्टाचार में लिप्त नेपाली नेताओं का सुरक्षित ठिकाना भारत हो सकता है। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है।

बालेन सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसाई की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट खसोट करने वाले सफेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसायी का जो बैकग्राउंड सामने आया है वह काफी चौंकाने वाला है और यह भी नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक है।

> एक से बढ़कर काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डॉ. बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वे प्रधानमंत्री थे।

नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा का रहने वाले दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं। एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डॉ. बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वे प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्ता रूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी, जब वे नेपाली कांग्रेस में थे। डॉ. बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे, लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इसी समय नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए।

44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली की लुटियंस जोन की तरह चर्चित राजनीतिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं। पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने बिगाड़ने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोपनीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए, तब दो अप्रैल को उसे काठमांडू के नक्सल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

सीबीआई के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ द्वारा उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते ही नेपाल के सफेदपोश अपराधियों में खलबली मच गई। दीपक भट्ट इस समय 'इन्फिनिटी होल्डिंग्स नामक एक के प्रमुख डायरेक्टर है। आरोप है कि वह सत्ता की गठजोड़ से इसी कंपनी के माध्यम से उसने जलविद्युत, हथियार, हेलिकॉप्टर समेत विभिन्न विदेशी कंपनियों के एजेंट के रूप में काम करते हुए अवैध कारोबार का विशाल साम्राज्य खड़ा कर लिया। दीपक भट्ट का नेपाल के ट्रैवल एजेंसी, होटल, रियल एस्टेट, कंसल्टेंसी, बीमा और लघु वित्त जैसे क्षेत्रों में भी सीधी और परोक्ष संलिप्तता बताई जाती है। सरकार ने उसके खिलाफ संपत्ति शुद्धीकरण मामले में विस्तृत जांच शुरू की थी, जिसके तहत अध्यागमन विभाग ने उसे काली सूची में डालते हुए उसके विदेश यात्रा पर रोक लगा दी थी। फिलहाल, भट्ट, उनकी कंपनी और उससे जुड़े सभी संपत्तियों की गहन जांच जारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



हमने खाड़ी में चल रहे संघर्ष के दौरान व्यक्तिगत रूप से फ्रांस से सैन्य सहायता का अनुरोध किया था, लेकिन पेरिस ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। हमें उनकी जरूरत नहीं थी, फिर भी मैंने उनसे पूछा। मैक्रों की पत्नी उनके साथ बेहद बुरा बर्ताव करती हैं। वह अभी भी अपने जबड़े पर लगे जोरदार वार से उबर रहे हैं।
–डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति अमेरिका

यह टिप्पणी न तो शालीन है और न ही उस स्तर की है, जिसकी उम्मीद किसी राष्ट्राध्यक्ष से की जाती है। हमें गंभीर होना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि हम आज कुछ कहें और अगले ही दिन उसके उलट बात करने लगें। दुनिया में जब इतने गंभीर संकट चल रहे हों, तब ऐसे बचकाने बयानों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।
–इमैनुएल मैक्रों, राष्ट्रपति, फ्रांस



## पश्चिम बंगाल में उच्च शिक्षा का बदलता परिदृश्य




डॉ. इंद्रनील बोस
शिक्षाविद


भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। नई शिक्षा नीति और वैश्वीकरण की दिशा में बढ़ते कदमों के चलते देश ने विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा अपने ही देश में उपलब्ध कराना, प्रतिभा पलायन को कम करना और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करना है। इस संदर्भ में कई प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों ने भारत के विभिन्न राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है, लेकिन इस बदलते परिदृश्य में कोलकाता और व्यापक रूप से पश्चिम बंगाल की स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है।

भारत के कई राज्य इस अवसर को तेजी से भुनाने में सफल रहे हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर जैसे क्षेत्रों ने विदेशी विश्वविद्यालयों को आकर्षित करने के लिए नीतिगत सुधार, निवेश अनुकूल वातावरण और बुनियादी ढांचे का विकास किया है। इन राज्यों में पहले से ही उद्योग, तकनीक और नवाचार का मजबूत आधार मौजूद है, जिससे विदेशी संस्थानों के लिए यह क्षेत्र स्वाभाविक रूप से आकर्षक बन जाते हैं।

> इस संदर्भ में कई प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों ने भारत के विभिन्न राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है, लेकिन इस बदलते परिदृश्य में कोलकाता और व्यापक रूप से पश्चिम बंगाल की स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है।

इन राज्यों की सरकारों ने न केवल नीतिगत समर्थन दिया है, बल्कि भूमि उपलब्धता, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सरलता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए स्पष्ट रोडमैप भी तैयार किया है। इसका परिणाम यह हुआ कि यूके, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों ने इन राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है। इससे स्थानीय छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा सुलभ हो रही है और रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। इसके विपरीत, कोलकाता, जो कभी भारत का बौद्धिक और शैक्षणिक केंद्र माना जाता था, आज इस दौड़ में पीछे छूटता नजर आता है।

पश्चिम बंगाल में किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय द्वारा परिसर स्थापित करने में रुचि न दिखाना कई गंभीर प्रश्न खड़े करता है। यह स्थिति केवल संयोग नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई गहरे कारण हैं। पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण है राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट और प्रभावी पहल का अभाव। जहां अन्य राज्य विदेशी निवेशकों और शैक्षणिक संस्थानों को आकर्षित करने के लिए सक्रिय हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में ऐसी कोई ठोस रणनीति दिखाई नहीं देती। नीतिगत अस्पष्टता और धीमी प्रशासनिक प्रक्रियाएं संभावित निवेशकों के लिए बाधा बनती हैं।

दूसरा कारण सामाजिक मानसिकता से जुड़ा हुआ है। मध्यम वर्गीय बंगाली समाज, जो ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और बौद्धिकता के लिए जाना जाता रहा है, आज भी कई मामलों में पारंपरिक और रूढ़िवादी सोच से प्रभावित है। परिवर्तन के प्रति झिझक और नई पहल के प्रति संदेह, आधुनिक शिक्षा मॉडल को अपनाने में बाधा उत्पन्न करते हैं। किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा का विकास उद्योग और आर्थिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ा होता है। जिन राज्यों में उद्योग, आईटी सेक्टर और स्टार्टअप इकोसिस्टम मजबूत है, वहां शिक्षा संस्थानों के लिए अवसर अधिक होते हैं।

दुर्भाग्यवश, पश्चिम बंगाल इस मामले में पिछड़ गया है। राज्य में लंबे समय से उद्योगों का पलायन, निवेश की कमी और रोजगार के सीमित अवसरों ने एक नकारात्मक चक्र बना दिया है। जब उद्योग नहीं होंगे, तो छात्रों के लिए रोजगार के अवसर कम होंगे और जब अवसर कम होंगे, तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान भी वहां आने में रुचि नहीं दिखाएंगे। यही कारण है कि विदेशी विश्वविद्यालय उन राज्यों को प्राथमिकता देते हैं, जहां उन्हें छात्रों के साथ-साथ उद्योगों से भी जुड़ने का अवसर मिलता है। कोलकाता कभी कलकत्ता विश्वविद्यालय और प्रेसीडेंसी कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के कारण शिक्षा का केंद्र था। यहां से कई महान विद्वान, वैज्ञानिक और विचारक निकले हैं, लेकिन वर्तमान में यह विरासत आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित नहीं हो पाई है।

आज की शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, इसमें शोध, नवाचार, उद्योग सहयोग और वैश्विक एक्सपोजर की आवश्यकता होती है। यदि कोई क्षेत्र इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता, तो वह धीरे-धीरे पीछे छूट जाता है। हालांकि स्थिति चुनौतीपूर्ण है, लेकिन असंभव नहीं। पश्चिम बंगाल यदि सही दिशा में कदम उठाए, तो वह फिर से अपनी शैक्षणिक पहचान को पुनर्स्थापित कर सकता है। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। पहला यह कि विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए स्पष्ट, पारदर्शी और आकर्षक नीतियां बनाई जाएं। दूसरा- आधुनिक कैंपस, रिसर्च सुविधाएं और टेक्नोलॉजी आधारित वातावरण तैयार किया जाए। तीसरा- निवेश को आकर्षित करने के लिए उद्योग अनुकूल नीतियां लागू की जाएं। चौथा- समाज में नवाचार और परिवर्तन को स्वीकार करने की प्रवृत्ति विकसित की जाए। पांचवां- वैश्विक संस्थानों के साथ साझेदारी को बढ़ावा दिया जाए। भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलाव एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करते हैं।

जहां कई राज्य इस अवसर का लाभ उठा रहे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। यदि सही कदम उठाए जाएं, तो पश्चिम बंगाल फिर से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बन सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## ईरान पर विपरीत रुख

अमेरिका और यूरोपीय देश दोनों ईरान के मुद्दे पर विपरीत रुख वाले दिख रहे हैं। नाटो पहली बार इस तरह विभाजित है। लग सकता है कि पश्चिम दोफाड़ है, पर यह भ्रम हो सकता है। पश्चिम की छवि उदारवाद के प्रवक्ता के रूप में बनाई गई है। एक हद तक यह सही है कि पश्चिम ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता, लोकतंत्र, बंधुत्व, समता, कानून के शासन आदि उच्च मूल्यों को प्रतिष्ठित किया, पर वह केवल अपने देशों के भीतर उदार था। सबको पता है कि उसी घड़ी वह उपनिवेशितों के प्रति अत्यंत कठोर, षड्यंत्री और नियंत्रणशील था। अमेरिका और यूरोपीय देश आज प्रति-ध्रुव की तरह दिखते हैं। नए दौर में सारे पश्चिमी देशों में ही 'अमेरिका फर्स्ट' की ही तरह 'नेशन फर्स्ट' ही मुख्य नारा बन रहा है।




शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता


अमेरिका सहित हर पश्चिमी देश में उदारवाद पर दक्षिणपंथ भारी हो चुका है। इसलिए यदि अमेरिका से यूरोपीय देश अपना स्वतंत्र रास्ता पकड़ रहे हैं, तो यह विश्व में 'बहुकेंद्रिक अंध-राष्ट्रवाद' से भिन्न कुछ नहीं है। बहुकेंद्रित अंध-राष्ट्रवाद वैश्विक स्तर पर समस्याओं के सामूहिक समाधान में विफलता का नतीजा है, जो सभ्यता के शिखर पर एक विस्मयजनक त्रासदी है। 'नेशन फर्स्ट' अंततः 'पॉपुलिज्म' की तरफ ले जाता है, 'पहचान की राजनीति' हर चीज पर भारी हो जाती है और तर्क तथा मानव हित आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था टूट जाती है। 'नेशन फर्स्ट' से अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है, दादागिरी बढ़ी है। इन सबका नतीजा है विश्व में सहयोग के स्थान पर नकारात्मक प्रतिस्पर्धा का बढ़ना और नैतिकता के स्थान पर ताकत की प्रधानता।

इससे विश्व में अराजकता, आर्थिक अस्थिरता और सामाजिक विभाजन बढ़ेगा। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ेगी। लोकतांत्रिक गिरावट पाताल छू लेगी। अतः मुझे लगता है कि अमेरिका और यूरोपीय देश की इस तात्कालिक प्रति-ध्रुवता पर ज्यादा प्रफुल्लित होने की जरूरत नहीं है। दरअसल यूरोपीय देश भी धीरे-धीरे अमेरिका की तरह होते जाएंगे। भारत में छोटे-छोटे अमेरिका बन ही चुके हैं, छोटे-छोटे ट्रंप पहले से हैं। क्या यह सब चिंताजनक नहीं है? वास्तविकता शायद इन दोनों के बीच है-संकट भी है और संभावनाएं भी। जहां तक भारत में "छोटे–छोटे ट्रंप" की बात है-यह एक तीखा रूपक है, लेकिन पूरी वास्तविकता नहीं हो सकती है। भारत जैसे समाज में विविधता इतनी गहरी है कि एकरूप राजनीतिक व्यवहार स्थायी नहीं हो सकता। यहां प्रतिरोध और वैकल्पिक विचारधाराएं भी साथ-साथ चलती हैं।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## विकास और विश्वास की नई विजयगाथा

भारत ने लंबे समय तक जिस आंतरिक चुनौती का सामना किया, वह नक्सलवाद के रूप में देश के अनेक हिस्सों में फैली रही। यह समस्या केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसने सामाजिक, आर्थिक और मानवीय जीवन को भी गहराई से प्रभावित किया। दशकों तक आदिवासी क्षेत्रों में भय, असुरक्षा और पिछड़ापन बना रहा। गांवों में विकास की रफ्तार थम गई और लोगों का भरोसा व्यवस्था से डगमगाने लगा। आज जब देश नक्सलवाद के अंत की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के पीछे की नीति, संकल्प और प्रयासों को समझा जाए।

गृह मंत्रालय के नेतृत्व में बीते वर्षों में जो रणनीति अपनाई गई, वह बहुआयामी रही। केवल सुरक्षा बलों की तैनाती तक सीमित न रहकर सरकार ने विकास और विश्वास दोनों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। यही कारण है कि जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां आज स्कूल खुल रहे हैं, सड़कें बन रही हैं और जीवन सामान्य हो रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि इसके पीछे वर्षों की योजनाबद्ध मेहनत और स्पष्ट नीति रही है। कई ऐसे क्षेत्र भी रहे, जहां आर्थिक स्थिति कमजोर थी, फिर भी वहां नक्सलवाद नहीं पनपा। इससे स्पष्ट होता है कि यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक और रणनीतिक चुनौती भी थी। वामपंथी उग्रवाद ने आदिवासी समाज को प्रभावित कर उन्हें मुख्यधारा से दूर करने का प्रयास किया। स्कूलों को जलाना, विकास कार्यों में बाधा डालना और भय का वातावरण बनाना इसी रणनीति का हिस्सा रहा। इन परिस्थितियों को समझते हुए गृह मंत्रालय ने अपनी नीति को सुदृढ़ बनाया। सुरक्षा बलों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया, खुफिया तंत्र को मजबूत किया गया और स्थानीय पुलिस को सशक्त किया गया। साथ ही आत्मसमर्पण नीति को प्रभावी रूप से लागू किया गया, जिससे बड़ी संख्या में नक्सली मुख्यधारा में लौटे। यह केवल सुरक्षा की सफलता नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्वास का भी उदाहरण है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में आया परिवर्तन इस नीति की सफलता का प्रमाण है, जहां कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी, वहां आज सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं। राशन, स्वास्थ्य और पहचान से जुड़ी सुविधाएं सीधे लोगों तक पहुंच रही हैं। इससे लोगों का विश्वास बढ़ा है और वे हिंसा से दूर होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।




कांतिलाल मांडोत
लेखक


सरकार ने यह संदेश दिया है कि हिंसा का मार्ग स्वीकार्य नहीं है, साथ ही भटके हुए लोगों को मुख्यधारा में लौटने का अवसर भी प्रदान किया गया है। इस संतुलित दृष्टिकोण के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हिंसा की घटनाओं में कमी आई है और आत्मसमर्पण की संख्या में वृद्धि हुई है। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन यह है कि अब आदिवासी समाज स्वयं इस बदलाव का सहभागी बन रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बढ़ती उपलब्धता ने नई पीढ़ी को नई दिशा दी है। अब वे हथियार नहीं, बल्कि विकास और अवसरों को अपना लक्ष्य बना रहे हैं। नक्सलवाद के अंत की यह यात्रा केवल सरकार की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा सफलता है। सुरक्षा बलों का साहस, प्रशासन की प्रतिबद्धता और आम नागरिकों का सहयोग इन सभी ने मिलकर यह परिवर्तन संभव किया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस उपलब्धि को स्थायी बनाया जाए। विकास की गति निरंतर बनी रहे और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी क्षेत्र पुनः पिछड़ेपन और असुरक्षा की ओर न लौटे। यही नक्सलवाद के स्थायी अंत की सच्ची गारंटी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

नौकरी से रिटायरमेंट अपने साथ अकेलापन लेकर आता है। कुछ लोग इसे स्वीकार कर लेते हैं और कुछ निकल पड़ते हैं खुशियां बिखेरने के लिए। बरेली के कुछ रिटायर 'नौजवानों' ने जिंदगी को जी भरकर जीने का फैसला किया। उन्होंने देशभर के ही नहीं, दुनिया के दूसरे देशों के लोगों को भी अपनी मंडली में शामिल किया और बनाया एक ऐसा अनूठा ग्रुप, जो हर संडे के तीसरे पहर सुरों की महफिल सजाते हैं। इंटरनेट के पंखों पर सवार यह 'सुरीले नौजवान' जूम के जरिए अपने-अपने घरों से जुड़ते हैं। मजेदार बात यह है कि हर प्रोग्राम की एक थीम होती है। कभी सिर्फ साहिर के लिखे गीत गाए जाते हैं, तो कभी सिर्फ मन्ना डे के गाए गीत। अहम यह भी है कि इस ग्रुप में आधी संख्या महिलाओं की है। ग्रुप में अमेरिका और आस्ट्रेलिया से भी मेंबर हैं। इस ग्रुप का नाम है गा लो-मुस्कुरा लो।

*-कुमार रहमान, बरेली*



## हर बार नया बैकग्राउंड

हर प्रोग्राम का एक नया बैक ग्राउंड होता है। इसे अरुण शर्मा खुद डिजाइन करते हैं। इसमें थीम के हिसाब से बैकग्राउंड होता है। ऊपर की तरफ थीम का नाम और नीचे उस दिन की तिथि और सन। जैसे साहिर लुधियानवी के स्पेशल प्रोग्राम की डिजाइन में उनकी एक तस्वीर थी और कुछ म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट। इसे रिकॉर्ड में भी रखा जाता है।

## यूट्यूब चैनल भी

ग्रुप का अपना यूट्यूब चैनल भी है। हर संडे को होने वाले प्रोग्राम की बाकायादा रिकॉर्डिंग और एडिटिंग की जाती है। उस वीडियो को सभी मेंबरों को भेजने के साथ ही यूट्यूब पर भी अपलोड किया जाता है।

## ऑफलाइन भी होता है प्रोग्राम

ग्रुप हर तीसरे महीने मंच पर भी प्रोग्राम का आयोजन करता है। इसमें ग्रुप से बाहर के लोग भी शिरकत करते हैं। यह काफी लोकप्रिय आयोजन है। इसे हर तीसरे महीने आयोजित किया जाता है। अब तक इसके 19 आयोजन हो चुके हैं।



## बरेली की नीरा जुड़ती हैं अमेरिका से

नीरा इस ग्रुप की एक्टिव मेंबर हैं। वह डेढ़ साल से इस ग्रुप से जुड़ी हैं। नीरा यहां बिहारीपुर में रहती थीं। उनके पिता दिवंगत रघुवीर नारायण मेहरोत्रा तिलक इंटर कॉलेज में टीचर थे। नीरा ने साहूराम स्वरूप महिला डिग्री कॉलेज से संगीत (गायन) में पीएचडी की है। शादी के बाद वह अमेरिका चली गईं। उन्होंने बताया कि उन्हें संडे का बेसब्री से इंतजार रहता है। उस वक्त अमेरिका में सुबह का वक्त रहता है। इस प्रोग्राम में शामिल होकर उनका पूरा दिन संगीतमय हो जाता है।

## आस्ट्रेलिया से जुड़ते हैं अरविंद

अरविंद वर्मा पटना के हैं। बरेली उनकी ससुराल है। वह बरेली में स्टेट बैंक में मैनेजर थे। बरेली में सात साल रहे। बाद में आस्ट्रेलिया जा बसे। उन्हें भी इस प्रोग्राम की प्रतीक्षा रहती है। वह एक साल से इस ग्रुप से जुड़े हैं। वह आमतौर पर मन्ना डे, किशोर कुमार, तलत महमूद और हेमंत कुमार को गाना पसंद करते हैं।



# जिंदगी को जी भरकर जीना है

## कब बना ग्रुप

वह 21 अप्रैल 2021 का दिन था। कोविड के खौफ भरे दिन। जिंदगी बचाने की जद्दोजहद के बीच अकेले और खामोश दिन। सभी अपने-अपने घरों में कैद। तनाव भरे इन पलों में अरुण कुमार शर्मा के जेहन में ख्याल आया कि क्यों न एक ग्रुप बनाया जाए, जिसमें सभी लोग ऑनलाइन जुड़ें और गीत-संगीत की महफिल सजाई जाए। उन्होंने यह विचार पत्नी कंचन शर्मा को बताया। वह तैयार हो गईं। अरुण शर्मा बैंक ऑफ बड़ौदा में चीफ मैनेजर थे और अब रिटायर हो गए हैं। फोन पर यह बात उन्होंने अपने दोस्त अशोक कुमार सक्सेना को बताई। अशोक कुमार डाकघर में प्रवर अधीक्षक थे और वह भी रिटायर हो गए हैं। उन्हें भी ख्याल जंच गया। उसी दिन सभी जूम ऐप के जरिए ऑनलाइन जुड़े और सजा ली संगीत संध्या। पहले प्रोग्राम में सात लोग थे, लेकिन दूसरा आयोजन अपने साथ निराशा लाया। सदस्यों की संख्या बढ़ने के बजाए घटकर दो रह गई। आज ग्रुप में 150 सदस्य हैं, जिनमें एक्टिव मेंबर 70 के आसपास हैं। ज्यादातर रिटायर्ड लोग हैं। बरेली के अलावा लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, मुंबई, बीकानेर, इंदौर के साथ ही अमेरिका और आस्ट्रेलिया से लोग शामिल होते हैं। बरेली से तकरीबन 25 लोग इस ग्रुप में हैं। अब ग्रुप को रजिस्टर्ड भी करा लिया गया है और इसका नाम हो गया है 'गा लो-मुस्कुरा लो' वेल्फेयर सोसायटी। यह सोसायटी वेल्फेयर के काम भी करती है। इसके अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना और सचिव अरुण कुमार शर्मा हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि पत्नी कंचन शर्मा के बिना यह आयोजन हो पाना संभव नहीं है। उनका बराबर का सहयोग रहता है।




## कैसे होता है आयोजन

इसका आयोजन हर संडे को शाम चार बजे होता है और रात आठ बजे तक चलता है। टीम ने वाट्सऐप पर एक ग्रुप बना रखा है। प्रोग्राम में शामिल होने वाले साथी रविवार को दोपहर दो बजे तक अपना नाम और गाना ग्रुप में भेज देते हैं। अरुण शर्मा इसे कोआर्डिनेट करते हैं और एक लिस्ट बनाते हैं। फिर पौने चार बजे तक सभी जूम ऐप पर ऑनलाइन जुड़ जाते हैं और अपने क्रम के हिसाब से गीत पेश करते हैं। खास बात यह है कि गीत के साथ संगीत भी होता है। इसके लिए एक ऐप का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें डूइट भी गाते हैं। अब तक इसके 289 प्रोग्राम हो चुके हैं।

## संगीत ने खालीपन किया दूर



ग्रुप के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना ने बताया कि अरुण शर्मा के प्रोत्साहन से अब उन्होंने भी गाना शुरू किया है। इससे पहले उन्होंने कभी सार्वजनिक तौर पर गाने के बारे में सोचा भी नहीं था। वह कहते हैं, "संगीत ने रिटायरमेंट के खालीपन को भर दिया।" वह बरेली में सुरेश शर्मा नगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रुप में बहुत सारी ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने पतियों के प्रोत्साहन से अब गाना शुरू किया है।



## फिजी रेडियो में गाते थे नीरज

नीरज टंडन बरेली के बैंक ऑफ बड़ौदा में एजीएम हैं। वह और उनकी पत्नी नीतू टंडन भी बराबर प्रोग्राम में शरीक होते हैं। नौकरी के सिलसिले में वह कई देशों में रहे हैं। वह बीओबी की फिजी ब्रांच में भी रहे। इस दौरान उन्होंने रेडियो फिजी में काफी प्रोग्राम किए। वह वहां गीत प्रस्तुत किया करते थे। इसे काफी पसंद किया जाता था। सिंगिंग उनका बचपन का पैशन है।

---

**जॉब का पहला दिन**

# जब जिम्मेदारी ने गौरव का रूप लिया

मेरे जीवन की किताब में कुछ पन्ने ऐसे हैं, जिन्हें मैं जब भी पलटती हूं, तो उनकी चमक आज भी ताजा महसूस होती है। उन्हीं में से एक सबसे महत्वपूर्ण और यादगार पन्ना है 1 अगस्त 2011 का, जब पहली बार मैं बाराबंकी के मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय के प्राचार्या से मिली तो प्राचार्या ने कहा कि हमारे कॉलेज की बस प्रतिदिन लखनऊ से आती है, जिससे आपको यहां आने में कोई असुविधा नहीं होगी।



डॉ. रचना श्रीवास्तव
अवध विश्वविद्यालय अयोध्या

विश्वविद्यालय में मेरे बतौर प्रोफेसर चयन की कहानी बड़ी दिलचस्प है। मैं एक बार दूरदर्शन का एक प्रोग्राम कर रही थीं। उस प्रोग्राम को विश्वविद्यालय की प्राचार्या भी देखकर रहीं थीं। उनको मेरी गायकी बहुत पसंद आई और मेरी प्रतिभा से प्रभावित होकर मुझे मिलने के लिए बुलाया। प्राचार्य ने साक्षात्कार के बाद स्टाफ के सदस्य को बुलाकर उसे स्टॉफ रूम ले जाने को कहा। स्टॉफ रूम में सभी सदस्य साड़ी पहने थीं। क्योंकि इस कॉलेज में साड़ी कंपलसरी थी,मैं भी साड़ी में ही गई थी। जिसे देखकर मेरे मन में आत्मविश्वास बढ़ा। यह देखकर मुझे परिसर परिवार जैसा लगने लगा।

उस सुबह की हवा में एक हल्की सी ठंडक थी, जो मन में उमड़ते उत्साह और आशंकाओं के बीच एक सुकून दे रही थी। जब मैंने विश्वविद्यालय के विशाल और हरे-भरे परिसर में कदम रखा, तो एक अजीब सा गर्व महसूस हुआ। वह शैक्षणिक वातावरण, विभागों की पुरानी, लेकिन भव्य इमारतें और छात्रों की चहल-पहल सब कुछ जैसे मुझे पुकार रहा था। मुझे अहसास हुआ कि आज से मेरी पहचान केवल एक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र के निर्माता यानी एक 'शिक्षक' के रूप में होने वाली है।

विभाग पहुंचते ही विभागाध्यक्ष ने जिस गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, उसने मेरी सारी हिचकिचाहट को पल भर में दूर कर दिया। सहकर्मियों का वह सहज और सहयोगी व्यवहार



मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं था, लेकिन असली चुनौती अभी बाकी थी। औपचारिकताओं के बीच मुझे बताया गया कि आज ही मेरी पहली कक्षा है। यह सुनकर मन में उत्साह तो था, पर साथ ही एक अनजानी घबराहट ने भी दस्तक दी।

जब मैं कक्षा के द्वार पर पहुंची, तो दर्जनों उत्सुक निगाहें मेरी ओर मुड़ गईं। वह मेरा पहला व्याख्यान था। मैंने अपनी आवाज को संयत किया और सहजता से संवाद शुरू किया। शुरुआत में शब्दों में थोड़ी झिझक थी, लेकिन जैसे ही मैंने विषय की गहराई में उतरना शुरू किया, मेरा आत्मविश्वास लौट आया। मैंने कोशिश की कि मैं केवल 'पढ़ाऊं' नहीं, बल्कि 'जुड़ूं'। जब छात्रों ने सवाल पूछना शुरू किया और कक्षा एक जीवंत चर्चा में तब्दील हो गई, तब मुझे लगा कि मैं अपनी बात उन तक पहुंचाने में सफल रही हूं।

कक्षा के बाद जब कुछ छात्र अपनी जिज्ञासाएं लेकर मेरे पास आए, तो मुझे एक बड़ी सच्चाई का अनुभव हुआ। एक शिक्षक केवल सूचनाओं का स्रोत नहीं होता, बल्कि वह एक मार्गदर्शक और प्रेरक भी होता है। उनकी आंखों की वह उम्मीद ही मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी।

दोपहर में स्टाफ रूम में वरिष्ठ सहयोगियों के साथ बिताया गया समय भी बहुत कीमती रहा। उनके अनुभवों से निकले सुझावों ने मुझे सिखाया कि अध्यापन केवल ब्लैकबोर्ड तक सीमित नहीं है, यह निरंतर सीखने की एक प्रक्रिया है। दिन ढलने पर जब मैं परिसर से बाहर निकली, तो शरीर में थकान तो थी, लेकिन मन आत्मसंतुष्टि और गहरी खुशी से भरा था। वह दिन मेरे लिए केवल एक करियर की शुरुआत नहीं, बल्कि एक ऐसे संकल्प का आगाज था, जिसमें ज्ञान बांटने और समाज को एक नई दिशा देने का अवसर छुपा था। आज भी जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो वह दिन मुझे याद दिलाता है कि सपनों को जीने का साहस ही हमें जीवन के सबसे यादगार पल देता है।

# नौकरी छोड़ गुलाबी फल से बदली अपनी किस्मत

कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों और सोच वैज्ञानिक, तो मिट्टी भी सोना उगलने लगती है। बरेली के भोजीपुरा स्थित गांव महिमा पट्टी निवासी यशपाल (48) ने इसे सच कर दिखाया है। एमबीए की पढ़ाई के बाद एक निजी कंपनी में नौकरी करने वाले यशपाल ने कोरोना काल के संकट को अवसर में बदलते हुए खेती को अपना बिजनेस बनाया। आज वे गुलाबी फल, जिसे दुनिया "ड्रैगन फ्रूट" के नाम से जानती है, की खेती कर सालाना लाखों रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं। यशपाल बताते हैं कि उनका लक्ष्य हमेशा से बिजनेस करना था, इसीलिए उन्होंने एमबीए किया। 2020 में जब कोरोना की लहर ने नौकरियों पर संकट खड़ा किया, तो उन्होंने निजी नौकरी छोड़ने का साहसिक फैसला लिया। हालात सामान्य होने पर उन्होंने ड्रैगन फ्रूट की खेती का मन बनाया और इसके गुर सीखने के लिए महाराष्ट्र और गुजरात के मॉडल फार्म्स का दौरा कर वहां से विधिवत प्रशिक्षण लिया।

*- महिपाल गंगवार, बरेली*



यशपाल ने 2023 में महज 48 पौधों के साथ ड्रैगन फ्रूट फैक्ट्री की शुरुआत की थी। आज वैज्ञानिक पद्धति और कड़ी मेहनत के दम पर उनके पास 25 हजार पौधे हैं। यशपाल के अनुसार, यह एक लॉन्ग टर्म बिजनेस है, जिसमें निवेश केवल एक बार करना होता है। तीन एकड़ में फैली इस खेती से वे सालाना 10 से 12 लाख रुपये कमा रहे हैं। एक बार बाग पूरी तरह तैयार होने पर सालाना मुनाफा 20 लाख रुपये तक पहुंच सकता है। इस सफलता में यशपाल के बड़े भाई और सेवानिवृत्त सैनिक सूरजपाल उनका पूरा साथ देते हैं। आज यशपाल न केवल खुद आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि उन्होंने 10 लोगों को रोजगार भी दिया है। वे अब तक चार नए फार्म खुलवा चुके हैं और अन्य किसानों को भी इस आधुनिक खेती का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वह कहते हैं कि सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि उन्हें मंडी के चक्कर नहीं काटने पड़ते, फल की गुणवत्ता ऐसी है कि व्यापारी खुद खेत पर आकर ड्रैगन फ्रूट ले जाते हैं, जिससे उन्हें मार्केटिंग की कोई चिंता नहीं रहती। उनका साफ कहना है कि अगर विजन वैज्ञानिक हो, तो खेती किसी भी कॉर्पोरेट नौकरी से बेहतर रिटर्न दे सकती है।

## औषधीय गुणों से होता है भरपूर ड्रैगन फ्रूट

ड्रैगन फ्रूट की ऊपरी सतह पर गुलाबी और लाल रंग का होता है, जबकि अंदर का भाग पीले रंग का होता है। इसके सेवन से रक्ताल्पता की समस्या दूर होती है। साथ ही फाइबर और विटामिन सी की अच्छी मात्रा होने के चलते इस फल के सेवन से कई और बीमारियों में काफी हद तक निजात मिलती है। ड्रैगन फ्रूट के पौधे को 36 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान और हल्के पानी की आवश्यकता होती है और इसकी खेती से बहुत सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।



# नई कहानी के प्रमुख स्तंभ शेखर जोशी



शेखर जोशी की गणना हिन्दी साहित्य के प्रमुख कहानीकारों में की जाती है। उन्होंने नई कहानी के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई। वे मर्मस्पर्शी कहानियों के प्रमुख कथाशिल्पी थे। उनकी कहानियों में आम आदमी का प्रतिबिंब झलकता है।

शेखर जोशी का जन्म 10 सितंबर 1932 को अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर गांव में हुआ था। सोमेश्वर को पहाड़ी भाषा में ओलिया भी कहते थे। उनके पिता एक साधारण किसान थे। इसलिए उनका बचपन अभावों में बीता। शेखर जोशी की शिक्षा अजमेर और देहरादून में हुई थी। इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान ही उनका चयन सुरक्षा विभाग में ई.एम.ई. अप्रेन्टिसशिप के लिए हो गया। 1996 तक वे एक सैनिक औद्योगिक प्रतिष्ठान में सेवारत रहे। इसके बाद उन्होंने स्वैच्छिक रूप से त्यागपत्र दे दिया और स्वतंत्र रूप से लेखन कार्य में जुट गए।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

उनकी रुचि कहानी लेखन में थी इसलिए उन्होंने कहानियां लिखना प्रारंभ कीं। आम आदमी को केन्द्र मानकर पारिवारिक एवं सामाजिक ताने-बाने पर बुनी उनकी कहानियां बहुत लोकप्रिय हुईं। उनकी कहानियों की प्रसिद्धि देश की सीमाओं को पार कर विदेशों तक जा पहुंची और उनकी गणना हिन्दी के अग्रिम पंक्ति के कहानीकारों में होने लगी। अपनी साहित्य यात्रा के दौरान उन्होंने 'कोशी के घटवार', 'दाज्यू', 'बदबू', 'मेटल', 'पेड़ की याद', नौरंगी बीमार है' तथा प्रतिनिधि कहानियां जैसी अमर कृतियों की रचना की। उनको विशेष प्रसिद्धि 'कोशी के घटवार' से मिली। उनकी कुछ कहानियों का अनुवाद अंग्रेजी, चेक, पोलिश एवं रूसी भाषाओं में भी हुआ। उनकी एक कहानी "दाज्यू" पर बाल फिल्म भी बनी।

उन्होंने कई उपन्यास भी लिखे। 'अथ मूषक उवाच', 'हलवाला', 'साथ के लोग', 'मेरा पहाड़', 'चींटी के पर' आदि शामिल हैं। मगर उन्हें विशेष प्रसिद्धि कहानीकार के रूप में मिली। शेखर की कहानियों में पहाड़ी जीवन, पहाड़ी संस्कृति एवं पहाड़ी परिवेश की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। उनका जन्म एक साधारण कृषक परिवार में हुआ था इसलिए उनकी कहानियों में गरीबी, उत्पीड़न, नारी संघर्ष तथा पहाड़ी ग्रामीण समाज में फैली रुढ़ियों का सजीव चित्रण मिलता है। उन्होंने पहाड़ी जीवन के कठोर यथार्थ को अपनी कहानियों के माध्यम से समाज तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। इसलिए उनकी कहानियां जीवंत प्रतीत होती हैं।

शेखर जोशी को उनकी कालजयी कहानियों के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया गया। सन् 1987 में उन्हें उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान से महावीर प्रसाद द्विवेदी साहित्य सम्मान से समादृत किया गया। सन् 1995 में हिन्दी साहित्य का अति प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य भूषण प्रदान किया गया। सन् 1997 में उन्हें 'पहल' सम्मान व 'मैथिलीशरण गुप्त' सम्मान से समादृत किया गया। अभी कुछ समय पूर्व उन्हें 'श्री लाल शुक्ल सम्मान' भी दिया गया। आज वे हमारे मध्य नहीं हैं, मगर अपनी कालजयी रचनाओं के रूप में वे सदैव अमर रहेंगे। उनकी कृतियां हिन्दी साहित्य की अनमोल धरोहर हैं।

### सीएफआई ने एलएंडटी के एमवी सतीश को अध्यक्ष चुना

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले निकाय कंस्ट्रक्शन फेडरेशन आफ इंडिया (सीएफआई) ने एमवी सतीश को संस्था का अध्यक्ष चुना है। सीएफआई ने कहा कि उसने नई राष्ट्रीय परिषद का गठन किया है और दो वर्ष के कार्यकाल (वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28) के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

## बिजनेस ब्रीफ

### मारुति: 8,000 सर्विस टच प्वाइंट का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के एमडी और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी अपने सर्विस नेटवर्क को वर्ष 2030-31 तक बढ़ाकर लगभग 8,000 टचपॉइंट तक पहुंचाने की योजना बना रही है। वित्त वर्ष 2025-26 में 502 नए सर्विस टचपॉइंट्स जोड़े गए हैं। ताकेउची ने कहा, हमारे ग्राहक देशभर में फैले हुए हैं और उनकी जरूरतें बदल रही हैं। ऐसे में हम अपने सर्विस टचपॉइंट्स का विस्तार और नवाचार कर रहे हैं। वर्तमान में हमारे पास 5,926 टचपॉइंट्स हैं और हम वित्त वर्ष 2030-31 तक इसे बढ़ाकर करीब 8,000 करने का लक्ष्य रखते हैं।

### बांझपन के इलाज में एआई का इस्तेमाल हो

**नई दिल्ली।** बांझपन के इलाज से जुड़ी कंपनी गॉडियम आईवीएफ एंड वूमन हेल्थ लिमिटेड ने देश में एआई की मदद से बांझपन के उपचार की पेशकश की है। कंपनी के बयान के मुताबिक, इस उपचार के तहत उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रौद्योगिकी को नियमित इलाज के तरीकों में शामिल किया गया है। गॉडियम हाल ही में बाजार में सूचीबद्ध होने वाली देश की पहली आईवीएफ श्रृंखला है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस पहल का उद्घाटन करते हुए कहा कि एआई जैसी उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाना विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देगा।

### फॉक्सवैगन टाइगुन का प्रीमियर नौ को

**मुंबई।** फॉक्सवैगन इंडिया ने शुक्रवार को एसयूवी पैसेंजर कार श्रेणी में अपनी नई टाइगुन की झलक पेश की और कहा कि इसे भारत में अप्रैल में ही प्रस्तुत किया जाएगा। कंपनी अपनी इस एसयूवी कार का प्रीमियर नौ अप्रैल को करने की तैयारी में है। फॉक्सवैगन के ब्रांड डायरेक्टर नितिन कोहली ने कहा, नई टाइगुन इस एसयूवी में पहले की उन सभी खूबियों का एक सशक्त विकास है, जिसने इसे लोकप्रिय बनाया है। अपनी शानदार डिजाइन और उत्तम तकनीकी क्षमता वाली नई टाइगुन कार की सवारी के अनुभव को नए स्तर पर ले जाएगी।

# आध्यात्मिक राजधानी बनेगा यूपी, रोडमैप तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन के तहत प्रदेश को विश्व की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत पर्यटन आधारित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में यूपी की हिस्सेदारी को मौजूदा 9.2% से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 16% तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।



रोडमैप के अनुसार वर्ष 2029-30 तक जीवीए में 11 प्रतिशत, वर्ष 2035-36 तक 14 प्रतिशत और वर्ष 2046-47 तक 16 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की योजना है। इसके लिए पर्यटन अवसंरचना को तेजी से विकसित किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटकों के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या को वर्तमान में प्रति लाख आबादी पर 30 से बढ़ाकर 2047 तक 150 करने का लक्ष्य है। साथ ही विदेशी पर्यटकों के ठहरने की औसत अवधि को तीन रात से बढ़ाकर छह रात तक ले जाने की योजना है।

पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए भी लक्ष्य तय किए हैं। वर्ष 2025 में महाकुंभ सहित विभिन्न स्थलों पर कुल 66 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, अन्य स्थलों पर 64.9 करोड़ पर्यटक आए। इसे 2029-30 तक 75 करोड़ और 2047 तक 100 करोड़ तक ले जाने की योजना है। वैश्विक पहचान को मजबूत करने के लिए यूनेस्को से मान्यता प्राप्त विरासतों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। अभी सात विरासतों वाले प्रदेश में 2029-30 तक 8, 2035-36 तक 14 और 2047 तक 20 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज और मथुरा-वृंदावन जैसे धार्मिक स्थलों के विकास के जरिए प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनाने पर काम किया जा रहा है। इस पहल से पर्यटन को तो बढ़ावा मिलेगा ही, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

# इंडक्शन हीटर और बर्तनों का उत्पादन बढ़ाने के उपाय ढूंढने में जुटी सरकार

## एलपीजी संकट से निपटने की तैयारी, वाणिज्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण एलपीजी की उपलब्धता की चिंता के बीच इंडक्शन हीटर व उससे जुड़े बर्तनों की मांग बढ़ गई है, लिहाजा सरकार ने इनका उत्पादन बढ़ाने के उपाय तलाशने शुरू कर दिए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें कंपनियों को इनका उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

पश्चिम एशिया संकट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है। इससे खाना पकाने की गैस की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं और लोग इंडक्शन हीटर और उसके अनुकूल बर्तन खरीद रहे हैं। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल के साथ ऊर्जा सचिव, विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में चर्चा की गई कि इंडक्शन हीटर और उससे जुड़े इंडक्शन कुकर जैसे बर्तनों का उत्पादन किस तरह तेजी से बढ़ाया जा सकता है।



बेंगलुरू के एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को एलपीजी भरवाने के लिए लगी टेंपो की कतार।

### एलपीजी आपूर्ति स्थिर घबराहट में बुक न करें

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने दोहराया है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और घरेलू उपलब्धता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। लिहाजा लोग घबराहट में बुकिंग न करें। कंपनी के अनुसार, वह प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति कर रही है जो मौजूदा तनाव से पहले के सामान्य स्तर के अनुरूप है। घरों तक निर्बाध आपूर्ति जारी है।

### पाकिस्तान में पेट्रोल 43 प्रतिशत, डीजल 55 प्रतिशत महंगा हुआ

**इस्लामाबाद।** वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच पाकिस्तान ने पेट्रोल और हाईस्पीड डीजल की कीमतों में 43 प्रतिशत और 55 प्रतिशत की भारी वृद्धि की घोषणा की है। इस फैसले के तहत पेट्रोल की कीमत 321.17 रुपये से 137 .23 रुपये प्रति लीटर यानी करीब 42 .7 प्रतिशत बढ़ाकर 458 .41 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। हाईस्पीड डीजल की कीमत 335 .86 रुपये से 184 .49 रुपये प्रति लीटर यानी करीब 55 प्रतिशत बढ़ाकर 520 .35 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। इसके साथ, केरोसिन तेल की कीमत भी 34 .08 रुपये प्रति लीटर बढ़ाकर 457 .80 रुपये कर दी गई है। पाकिस्तान सरकार ने डीजल की कीमतों में वृद्धि को सीमित रखने के लिए पेट्रोलियम शुल्क दरों में भी बदलाव किया है। पेट्रोल पर शुल्क 105 रुपये से बढ़ाकर 160 रुपये लीटर कर दिया गया जबकि डीजल पर 55 रुपये प्रति लीटर के शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने इसे एक मुश्किल फैसला करार देते हुए कहा कि इसका मकसद सब्सिडी को केवल जरूरतमंद वर्गों तक सीमित रखना और वित्तीय अनुशासन बनाए रखना है।

# आईआईए और एयूएस के बीच 16 ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर




समझौते होने के बाद एयूएस के प्रतिनिधियों के साथ आईआईए के अध्यक्ष दिनेश गोयल।

**नामसाई, अमृत विचार।** उत्तर-पूर्वी भारत में औद्योगिक क्रांति और सतत विकास को गति देने के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का 35 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर है। इस दौरान नामसाई स्थित 'अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज' (एयूएस) के सहयोग से आयोजित 'व्यापार सम्मेलन और अरुणाचल निवेशक शिखर सम्मेलन' में क्षेत्र के आर्थिक कायाकल्प के लिए 16 महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। शिखर सम्मेलन का उद्घाटन अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने किया। इस अवसर पर नामसाई के विधायक चौ जिंगनु नामचूम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वांगलिन लोवांगडोंग और एयूएस के अध्यक्ष डॉ. अश्वनी लोचन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिनेश गोयल ने कहा कि नामसाई, तिनसुकिया और आसपास के जिलों के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी उत्साहजनक है। हमने यहाँ विशेष रूप से हरित उद्योगों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। हमारा लक्ष्य ऐसे निवेश को बढ़ावा देना है जो आजीविका के अवसर पैदा करने के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करें और अरुणाचल प्रदेश में सतत विकास को मजबूती प्रदान करें। शिखर सम्मेलन की सबसे बड़ी

### अरुणाचल में खुलेगा निवेश का द्वार



नामसाई में आईआईए के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत।

उपलब्धि एयूएस के 'यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री इंटरलिंकेज सेंटर' और आईआईए के सदस्य उद्योगों के बीच हुए 16 समझौते रहे। श्री गोयल ने इन समझौतों को पूर्वोत्तर के युवाओं और उद्यमियों के लिए नवाचार और अवसरों की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल और कुलपति प्रो. अजय झा ने भी इस साझेदारी को ऐतिहासिक करार दिया। एयूएस प्रबंधन ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उत्तर-पूर्वी राज्यों के निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के बीच एक मजबूत सेतु का काम करेगा, जिससे क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो सके।

## समुद्री भोजन निर्यात को वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वैश्विक सीफूड बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए निर्यात विविधीकरण और गुणवत्ता मानकों को अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप बनाने की दिशा में सक्रिय प्रयास शुरू किए हैं।

कहा गया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सरकार चुनिंदा वस्तुओं पर निर्भरता कम करने और उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उच्च मूल्य वाली प्रजातियों की जलीय कृषि को बढ़ावा दे रही है। निर्यात श्रृंखला को मजबूत करने के लिए मत्स्य विभाग मछली बीज उत्पादन, आधुनिक मत्स्य बंदरगाहों के निर्माण और निर्बाध शीत श्रृंखला नेटवर्क जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है।

# छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लेने पर विचार करें विभाग

- जनविश्वास विधेयक पारित होने के बाद वाणिज्य मंत्रालय ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंशा जताई है कि सभी सरकारी विभाग छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लेने पर विचार करें, ताकि जन विश्वास संशोधन विधेयक के अनुरूप न्यायपालिका पर बोझ कम हो और जीवन की सुगमता को बढ़ाया जा सके।

संसद ने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने और कारोबारियों के उत्पीड़न को रोकने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन करने और लगभग 1,000 छोटे अपराधों को फौजदारी की श्रेणी से बाहर करने के लिए बृहस्पतिवार को जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया था।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, कानून में बदलावों के कारण इन सभी प्रावधानों की समीक्षा की जा सकती है। हम कानून मंत्रालय के साथ इस मुद्दे पर तय करेंगे कि संबंधित विभागों को इस बारे में किस तरह अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि अदालतों पर बोझ कम करने के अभियान के तहत, सरकार ने सभी विभागों को लंबित मामलों की समीक्षा करने और जहां संभव हो वहां मुकदमा वापस लेने की सलाह दी है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में साप्ताहिक 10.29 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में साप्ताहिक आधार पर करीब 10 .29 अरब डॉलर घट कर 688 .06 अरब डॉलर के स्तर पर रहा। पिछले साल इसी समय की



तुलना में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 22 .66 अरब डॉलर ऊंचा है। भारतीय रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी परिसम्पत्तियां उससे एक साल पहले की तुलना में 6 .62 अरब डॉलर घट कर 551 .07 अरब डॉलर के स्तर पर रहीं। इस सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 3 .66 अरब डॉलर घट कर 113 .52 अरब डॉलर के बराबर रहा।

# बौद्ध कॉन्क्लेव में 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुशीनगर बना वैश्विक केंद्र, 2300 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी
- यूपी में होटल, टाउनशिप और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की बड़ी संभावनाएं

**अमृत विचार:** कुशीनगर में आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव-2026 ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। तीन दिवसीय इस आयोजन में करीब तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सामने आए, जिससे पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है।

कॉन्क्लेव में 2300 से अधिक बौद्ध श्रद्धालुओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें दो हजार से अधिक भिक्षु, विद्वान और नीति-निर्माता शामिल थे। वहीं थाइलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल से 300 से अधिक विदेशी मेहमान पहुंचे। इस दौरान होटल-रिजॉर्ट, रियल एस्टेट, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में निवेशकों ने रुचि दिखाई। साथ ही कुशीनगर में दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि निवेश प्रस्तावों से होटल, परिवहन और पर्यटन क्षेत्र में तेजी आएगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कॉन्क्लेव में यह भी जोर दिया गया कि बौद्ध पर्यटन को केवल तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सतत विकास से जोड़ा जाए।

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बेहतर कनेक्टिविटी को भी निवेश आकर्षित करने में अहम बताया गया। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट तेजी से मजबूत हो रहा है। वर्ष 2025 में प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध स्थलों पर 82 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो इसकी बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता का प्रमाण है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# न्यायिक अधिकारियों के घेराव के लिए एआईएमआईएम व आईएसएफ दोषी

## ममता बनर्जी ने लगाया आरोप, कहा- भाजपा और कांग्रेस ने उपद्रवियों को उकसाया, मुख्य आरोपी को भाजपा लाई थी

हरिरामपुर, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों का घेराव करने के लिए शुक्रवार को एआईएमआईएम और आईएसएफ को दोषी ठहराया, साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस ने उपद्रवियों को उकसाया।

दक्षिण दिनाजपुर जिले के हरिरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा ने मुख्य आरोपी को एआईएमआईएम से लिया और हैदराबाद से यहां लेकर आई। इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) उन लोगों के साथ है। भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी उकसाने का काम किया है। सीआईडी ने मुख्य आरोपी और अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया जब वह भागने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, मालदा के मोथाबाड़ी में हिंसा की साजिश इन्हीं लोगों ने रची थी। पश्चिम बंगाल में अशांति फैलाने के लिए बाहर से गुंडों को लाने का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने कहा, उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को भी नहीं बख्शा।



दक्षिण दिनाजपुर में चुनावी सभा में पहुंची ममता।

> मोथाबाड़ी में कई घंटों तक न्यायिक अधिकारियों को घेरे रखने की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी को राज्य के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया है। यह विभाग अब तक निर्वाचन आयोग के बजाय मेरे नियंत्रण में है। - **ममता बनर्जी**

ममता ने एआईएमआईएम पर आरोप लगाया कि उसने बिहार चुनाव में मतों को विभाजित करके भाजपा को चुनाव जीतने में मदद की। राज्य में जारी एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर सहानुभति जताते हुए ममता ने कहा कि उन्होंने मतदाता सूची में उनके नाम शामिल किए जाने के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने सवाल उठाया कि विधानसभा चुनाव उसी सूची के आधार पर क्यों नहीं कराए जा सकते, जिसका इस्तेमाल 2024 के आम चुनाव में किया गया था। कहा, अगर मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम थे तो इससे पहले मोदी भी उनके वोट से चुनाव जीत चुके हैं इसलिए उन्हें तो सबसे पहले इस्तीफा देना चाहिए।

## तमिलनाडु: कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा के लिए शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुठन्गे सहित 27 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस ने 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा के लिए जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है उसमें पूर्व विधायक के सेल्वापेरुन्थगई तथा एएम मुनिरत्नम भी शामिल हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। कांग्रेस का विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारुढ़ द्रमुक के साथ गठबंधन है।

### बंगाल : शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रुकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच 2022 प्राथमिक शिक्षक अहर्ता परीक्षा (टीईटी) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की साक्षात्कार प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। लिखित परीक्षा 11 दिसंबर 2022 को हुई थी और इसके परिणाम 10 फरवरी 2023 को घोषित किए गए थे। पश्चिम बंगाल शिक्षा बोर्ड ने इस साल 12 मार्च को अधिसूचना जारी कर साक्षात्कार कार्यक्रम घोषित किया था।



तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में चुनाव प्रचार किया।

### तमिलनाडु: भाजपा ने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नई दिल्ली/चेन्नई।** भाजपा ने तमिलनाडु के लिए शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को अवनाशी जबकि तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को मायलापुर सीट से मैदान में उतारा है। अटकलें थीं कि पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई भी चुनाव में किस्मत आजमाएंगे। हालांकि, अन्नामलाई ने पिता के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पार्टी से चुनाव प्रबंधक की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया था।

# मोदी-हिमंत ने आदिवासियों के विकास के लिए रोडमैप बनाया : अमित शाह

**दुधनोई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने इस रोडमैप को लागू करने के लिए राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

ग्वालपाड़ा जिले के दुधनोई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन मोदी ने इस चलन को बदल दिया और द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने कहा, केंद्र में प्रधानमंत्री और यहां असम में मुख्यमंत्री के पास राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप है।



- केंद्रीय गृहमंत्री ने चुनावी जनसभा में की राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी कराने की अपील

लोग भाजपा को लगातार तीसरी बार जनादेश देते हैं, तो इसे आगे बढ़ाया जाएगा। शाह ने कांग्रेस पर पलाशबाड़ी में आईआईएम की स्थापना के लिए लाए गए विधेयक को रोकने की कोशिश का भी आरोप लगाया।

# बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव नतीजो को प्रभावित करने को बुलाया विशेष सत्र

- कांग्रेस ने लगाया आरोप कहा- ये चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने तथा चुनावी लाभ हासिल करने के लिए इस महीने संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जो चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने इस बात पर जोर दिया कि परिसीमन की प्रक्रिया में जल्दबाजी के खतरनाक नतीजे होंगे तथा हम राज्य स्तर पर लोकसभा सीटों की संख्या के तुलनात्मक अंतर में बदलाव नहीं चाहते। उन्होंने कहा, यह जानकारी भी मिली है कि लोकसभा की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की समानुपातिक वृद्धि की जाएगी और अगर ऐसा होता है तो दक्षिण, पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के छोटे राज्यों को नुकसान होगा। रमेश ने दावा भी किया कि महिला आरक्षण के विषय पर सरकार 30 महीने बाद जागी है तथा प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन करके दोबारा श्रेय लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ परिसीमन का भी एकतरफा फैसला किया और विपक्ष के साथ कोई बातचीत नहीं की। महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया और अब लोकसभा तथा राज्यसभा की अगली बैठक 16 अप्रैल को होगी। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, संसद का वर्तमान बजट सत्र बृहस्पतिवार, दो अप्रैल को ही संपन्न होना था।

### बंगाल में चुनाव के लिए अतिरिक्त सीएपीएफ बलों की तैनाती की

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश जारी किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 500 कंपनियां मतगणना पूरी होने के बाद भी राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहेंगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूसी सुखोई-30 हुआ विमान क्रीमिया में क्रैश

**मॉस्को।** एक सुखोई-30 लड़ाकू विमान शुक्रवार को क्रीमिया में सामान्य प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मीडिया में आईं खबरों में बताया गया है कि दोनों पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर कूद गए। आरबीसी बिजनेस पोर्टल ने रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल के सदस्य सुरक्षित रूप से विमान से कूद गए और उन्हें जमीनी तलाश एवं बचाव दल ने बचा लिया। पायलट खतरे से बाहर हैं। अत्यंत शक्तिशाली लड़ाकू विमान माना जाने वाला सुखोई-30 प्रशिक्षण उड़ान पर था। रक्षा मंत्रालय ने हालांकि दुर्घटना के संभावित कारण या अन्य परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इससे पहले 31 मार्च की शाम को क्रीमिया में एक एएन-26 सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### पूर्वी कांगो में विद्रोहियों के हमले में 43 की मौत

**गोमा।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 43 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एडीएफ) के लड़ाकों ने बुधवार रात बाफवाकोआ गांव में नागरिकों को निशाना बनाया। युगांडा में इस्लामिक स्टेट से जुड़ा यह विद्रोही समूह खुली सीमा के दोनों ओर सक्रिय है। नागरिक समाज से जुड़े एक संगठन के सदस्य सैमुअल बनापिया ने फोन पर बताया कि उन्होंने गांव में घरों को आग लगा दी। कांगो की सेना ने कहा कि 43 लोग मारे गए हैं, जबकि स्थानीय अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या कम से कम 56 है। कई लोग लापता हैं और कम से कम दो लोगों को बंधक बनाया गया है। कांगो की सेना एडीएफ सहित पूर्वी क्षेत्र में कई अन्य विद्रोही समूहों से जूझ रही है।

### सूडान में अस्पताल पर ड्रोन हमले में 10 की मौत

**काहिरा।** सूडान के अर्धसैनिक बलों द्वारा बृहस्पतिवार को देश के दक्षिण-मध्य भाग में स्थित एक अस्पताल पर ड्रोन से किये गए हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक समूह ने बताया कि सूडानी अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने व्हाइट नाइल प्रांत के अल-जबलैन अस्पताल पर ड्रोन से दो हमले किए। इस हमले में एक ऑपरेशन थिएटर और एक प्रसूति वार्ड को निशाना बनाया गया। समूह ने बताया कि सेना और आरएसएफ के बीच गृहयुद्ध जारी है और इन ड्रोन हमलों में सात चिकित्सा कर्मियों सहित 10 लोग मारे गए

# सीबीएसई कक्षा 6 से तीन भाषा प्रणाली लागू करेगा

- नये फार्मूल में कक्षा 9 के लिए गणित, विज्ञान के दो स्तर होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 2026 से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत अनिवार्य तीन-भाषा फार्मूला कक्षा 6 के लिए लागू किया जाएगा, जबकि कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान में अनिवार्य मानक एवं वैकल्पिक उन्नत पाठ्यक्रमों की दो-स्तरीय प्रणाली शुरू की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि भाषाओं को तीन चरणों-आर1, आर2 और आर3-में एक सुव्यवस्थित तीन-भाषा ढांचे के तहत व्यवस्थित किया गया है।

नए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे की सिफारिशों के अनुसार, इन तीन भाषाओं में से दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। कहा कि बहुभाषी शिक्षा के चरणबद्ध कार्यान्वयन के बोर्ड के प्रयासों को जारी रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 6 से तीसरी भाषा को अनिवार्य कर दिया जाएगा।

## दुनिया के अस्तित्व पर गहराता संकट

21वीं सदी में दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां कूटनीति की भाषा धीरे-धीरे परमाणु निवारण की गूंज में दबती जा रही है। अमेरिका और ईरान के बीच दशकों से चला आ रहा तनाव वैश्विक परमाणु सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। अमेरिका का स्पष्ट रुख है कि वह ईरान को परमाणु शक्ति संपन्न देश नहीं बनने देगा, जबकि ईरान का तर्क है कि उसका परमाणु कार्यक्रम ऊर्जा और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। इस रस्साकशी के बीच, दुनिया के कई अन्य देश भी गोपनीय तरीके से अपनी परमाणु क्षमताओं को बढ़ाने में लगे हैं, जिससे एक नई और खतरनाक हथियारों की दौड़ शुरू हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी इस आग को बुझाने की कोशिश में जुटी है, लेकिन महाशक्तियों के बीच बंटी दुनिया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की गुटबाजी ने इस संकट को और गहरा कर दिया है।

## बढ़ता परमाणु खतरा



### खतरे के केंद्र में एशिया महाद्वीप

- एशिया, जो दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला महाद्वीप है, इस खतरे के केंद्र में है। ईरान का मुद्दा सीधे तौर पर पश्चिम और दक्षिण एशिया की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। यदि यह तनाव युद्ध में बदलता है, तो इसके परिणाम केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि प्रलयंकारी होंगे। भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन बनाए रखने की एक कठिन परीक्षा है। अगले कुछ वर्षों में वैश्विक नेतृत्व का कौशल इस बात पर निर्भर करेगा कि वे परमाणु प्रसार को रोकने और दुनिया को एक और महाविनाश से बचाने में कितने सफल होते हैं।

### आईएईए की भूमिका

- परमाणु प्रहरी : आईएईए दुनिया की परमाणु प्रहरी है। इसका मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग केवल शांतिपूर्ण कार्यों के लिए हो।
- निगरानी और निरीक्षण : आईएईए के निरीक्षक संदिग्ध परमाणु केंद्रों का दौरा करते हैं और सीसीटीवी कैमरों व सील के जरिए यूरेनियम की मात्रा पर नजर रखते हैं।
- तकनीकी रिपोर्टिंग : एजेंसी संयुक्त राष्ट्र को नियमित रिपोर्ट देती है कि क्या कोई देश परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

### हालिया रिपोर्ट

- चिंताजनक : आईएईए की हालिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि ईरान ने 60% शुद्धता तक यूरेनियम का भंडार बढ़ा लिया है। 60 से 90% (हथियार ग्रेड) तक पहुँचना तकनीकी रूप से बहुत आसान और कम समय लेने वाला काम है।
- निरीक्षण में बाधा : ईरान ने कई मौकों पर आईएईए निरीक्षकों के प्रवेश पर रोक लगाई है, जिससे गोपनीय परमाणु कार्यक्रम की आशंका और प्रबल हो गई है।

### संरा सुरक्षा परिषद का रुख

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान पर कई आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध लगाए हैं ताकि उसे परमाणु कार्यक्रम रोकने पर मजबूर किया जा सके। ● जहाँ अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ईरान पर सख्त कार्रवाई चाहते हैं, वहीं रूस और चीन सॉफ्ट रुख अपनाते हैं।

### भारत और एशिया के समक्ष चुनौती

- ऊर्जा सुरक्षा : भारत अपनी तेल जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर है। युद्ध होने पर तेल की कीमतें आसमान छूएँगी, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।
- सामरिक संतुलन : यदि ईरान परमाणु बम बनाता है, तो सऊदी अरब और तुर्की जैसे देश भी परमाणु हथियार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिससे एशिया एक परमाणु बारूद घर बन जाएगा।
- चाबहार और कनेक्टिविटी : भारत का ईरान में चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट और मध्य एशिया तक पहुँचने का रास्ता खतरे में पड़ सकता है।

# वाणिज्यिक पोतों, तेल टैंकरों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका महत्वपूर्ण : राजनाथ

## आईएनएस तारागिरी नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल, विशाखापत्तनम में जलावतरण

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा आपूर्ति समेत देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है और ऐसे में उभरते समुद्री खतरों के बीच वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां आईएनएस तारागिरी के जलावतरण समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर में लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखती है, चाहे वह फारस की खाड़ी हो या मलक्का जलडमरूमध्य।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह लोगों को निकालने का अभियान हो या मानवीय सहायता पहुंचाना, हमारी नौसेना हमेशा सबसे आगे रहती है। मुझे लगता है कि हमारी नौसेना भारत के मूल्यों और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मेरा मानना है कि आईएनएस तारागिरी के सेवा में शामिल होने से हमारी नौसेना की शक्ति, मूल्यों एवं प्रति बद्धता में और भी वृद्धि होगी।

पश्चिम एशिया में मौजूदा परिस्थितियों के कारण तेल आपूर्ति में बाधा और टैंकरों को रोके जाने की स्थिति के बीच रक्षामंत्री की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना देश के लिए विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्र में कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हमारी नौसेना लगातार सक्रिय उपस्थिति बनाए रखती है ताकि वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु बनी रहे। जब भी वहां तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है, भारतीय नौसेना हमारे वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना ने यह साबित किया है कि वह न केवल देश के हितों की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुनिया भर में अपने नागरिकों और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा कि यह क्षमता भारत को एक ज़िम्मेदार समुद्री शक्ति बनाती है।

### दुश्मन की गतिविधियों पर हर पल होगी भारत की नजर

रक्षा मंत्री के अनुसार, आईएनएस तारागिरी ऐसी प्रणाली से लैस है जिसे दुश्मन की गतिविधियों पर नज़र रखने, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और ज़रूरत पड़ने पर तुरंत जवाबी कार्रवाई करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सिंह ने कहा कि इसमें आधुनिक रडार, सोनार और मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं जैसे कि ब्रह्मोस और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, जो इसकी अभियानगत क्षमता को और बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि तीव्र युद्ध से लेकर समुद्री सुरक्षा, समुद्री दस्यु-रोधी अभियानों, तटीय निगरानी और मानवीय मिशन तक-यह हर भूमिका में पूरी तरह से उपयुक्त बैठता है, जो इसे एक अद्वितीय नौसैन्य मंच बनाता है। प्रोजेक्ट 17ए के तहत चौथे प्लेटफॉर्म के रूप में, तारागिरी 6,670 टन वजनी युद्धपोत है, जिसे मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। यह उन्नत डिज़ाइन और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का बेजोड़ उदाहरण है। यह जटिल समुद्री वातावरण में गुप्त अभियान चलाने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम है।






### परमाणु चालित पनडुब्बी अरिदमन सेवा में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत ने स्वदेशी रूप से निर्मित अपनी नई परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को शुक्रवार को सेवा में शामिल कर लिया, जिससे देश के परमाणु त्रय के नौसैन्य घटक को और मजबूती मिली है। भारत का परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) कार्यक्रम एक अत्यंत गोपनीय परियोजना है। आईएनएस अरिहंत एसएसबीएन परियोजना के तहत पहली पनडुब्बी थी, जिसके बाद दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघात आई। भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं। जिन देशों के पास ऐसी क्षमताएं हैं, उनमें अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल हैं।

# म्यांमार की संसद ने मौजूदा जनरल मिन आंग ह्लाइंग को चुना राष्ट्रपति

**बैंकॉक, एजेंसी**



- ह्लाइंग ने ही किया था आंग सू की सरकार को सत्ता से बेदखल

म्यांमार की संसद ने शुक्रवार को मिन आंग ह्लाइंग को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया जो सेना के जनरल रह चुके हैं। ह्लाइंग ने 2021 में आंग सान सू ची की असैन्य सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था और पिछले पांच वर्षों से सत्ता पर अपना कड़ा नियंत्रण बनाए रखा। यह कदम औपचारिक रूप से निर्वाचित सरकार की वापसी को दर्शाता है।

हालांकि व्यापक रूप से इसे सेना द्वारा आयोजित चुनाव के बाद सत्ता में बने रहने के उसके प्रयास के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि विरोधियों और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों ने इस चुनाव को न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष माना है। निर्वाचित सरकार की स्थापना होने से, देश में सैन्य तख्तापलट के बाद दक्षिण-पूर्वी एशिया के कुछ पड़ोसी देशों के साथ बिगड़े संबंधों के सुधरने की उम्मीद है। चीन और रूस ने सैन्य प्रशासन का समर्थन किया है, जबकि पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं। मिन आंग ह्लाइंग राष्ट्रपति पद के लिए तीन नामांकित व्यक्तियों में से एक थे, लेकिन सैन्य समर्थित दलों के सांसदों और सेना द्वारा नियुक्त सदस्यों का संसद में भारी बहुमत होने के कारण उनकी नियुक्ति लगभग तय मानी जा रही थी।

मतदान राजधानी नेपीताव में नवनिर्मित संसद भवन में हुआ, जो पिछले साल आए भूकंप में क्षतिग्रस्त हो गया था। संसद के संयुक्त ऊपरी और निचले सदन के अध्यक्ष आंग लिन ड्वे ने घोषणा की कि मिन आंग ह्लाइंग ने 584 में से 429 वोट हासिल किए हैं। दूसरे स्थान पर रहे दोनों उम्मीदवार उपराष्ट्रपति बने हैं। पूर्व जनरल न्यो सॉ, जो मिन आंग ह्लाइंग के सलाहकार रह चुके हैं और सैन्य समर्थक यूनियन सॉलिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी की करेन जातीय समूह की नेता नान नी नी ऐ देश की पहली महिला उपराष्ट्रपति होंगी।

## आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना

**केप केनवरल।** नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने बृहस्पतिवार रात अपने इंजन चालू किए और चंद्रमा की ओर प्रस्थान किया, जिससे दशकों तक पृथ्वी की कक्षा तक सीमित रहे मानव कदम अब चांद की ओर बढ़ गए हैं। प्रक्षेपण के 25 घंटे तक पृथ्वी के करीब रहने के बाद हुआ यह 'ट्रांसलूनर इग्निशन' तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री को अगले सप्ताह की शुरुआत में चंद्रमा के पास से गुजरने की दिशा में ले जाएगा। उनका ओरियन कैप्सूल पृथ्वी की कक्षा से निकलकर लगभग चार लाख किलोमीटर दूर चंद्रमा की ओर बढ़ गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अधिकारी लोरी ग्लेज ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 1972 में अपोलो-17 के बाद पहली बार इंसान पृथ्वी की कक्षा से बाहर गए हैं। उन्होंने बताया कि इंजन का संचालन पूरी तरह सफल रहा। कनाडाई अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन ने कहा कि वह और उनके साथी खिड़कियों से पृथ्वी को दूर जाते हुए देख रहे थे और यह दृश्य अद्भुत था। हैनसेन ने कहा कि मानवता ने एक बार फिर दिखा दिया है कि हम क्या कर सकते हैं और भविष्य के लिए आपकी उम्मीदें ही हमें चंद्रमा की यात्रा पर आगे बढ़ा रही हैं।

- मिशन में शामिल हैं तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री

## सदियों से हो रहे अत्याचार को लेकर दलितों से माफी मांगेंगे नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के देश के दलितों पर सदियों से हो रहे अत्याचार को लेकर माफी मांगने के ऐलान का आम लोगों, सामाजिक संगठनों ने दिल खोल कर स्वागत किया है। गौरतलब है कि नेपाल में दलित समुदाय को दशकों से देश की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संरचनाओं से व्यवस्थित रूप से बाहर रखा गया है। उनको पीढ़ियों से, सामाजिक जगहों और सरकारी तंत्र, दोनों में ही गंभीर अन्याय और अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा है। सदियों से चले आ रहे इस उत्पीड़न को स्वीकार करते हुए, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली नई सरकार ने अपने 100-सूत्रीय कार्ययोजना के हिस्से के तौर पर, दलितों और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर पड़े समुदायों से औपचारिक रूप से माफी मांगने और 15 दिनों के भीतर उनके उत्थान के लिए विशेष सुधार कार्यक्रमों की घोषणा करने का फैसला किया।

उनके इस ऐलान का दलित समुदाय के नेताओं, समाज सुधार के लिए काम करने वाले संगठनों ने खुशी का इजहार किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि यह सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन यह अपने आप में पर्याप्त नहीं है।

**माफी मांगने के प्रधानमंत्री के ऐलान का आमजन और संगठनों ने किया स्वागत**

## महावीर सिंघवी बने टोरंटो में भारत के महावाणिज्यदूत

**ओटावा।** वरिष्ठ राजनयिक महावीर सिंघवी ने टोरंटो में भारत के नये महावाणिज्यदूत के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब नई दिल्ली और ओटावा व्यापार, निवेश एवं ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक विस्तार देने की कोशिशों में जुटे हैं। सिंघवी भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1999 बैच के अधिकारी हैं। वह नई भूमिका संभालने से पहले नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे।

## अमेरिका सेना प्रमुख जनरल रैंडी को हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को उनके पद से हटा दिया है। इसके अलावा दो अन्य उच्च सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान संघर्ष को लेकर राष्ट्र के नाम संबोधन के एक दिन बाद गुरुवार को आया है। ट्रंप ने घोषणा की थी कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों को और तेज करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि यह संघर्ष अगले दो से तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है।

जनरल जॉर्ज के अलावा दो अन्य उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। इनमें मेजर जनरल विलियम ग्रीन जूनियर और जनरल डेविड होडने शामिल हैं। एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ये कदम इस अस्थिर दौर में रक्षा विभाग के ढांचे को नया रूप देने के रक्षा मंत्री के व्यापक प्रयासों का हिस्सा हैं। हालांकि जनरल जॉर्ज के कार्यकाल में एक साल से अधिक का समय शेष था।

## रोका जाए पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि पांचवें हफ्ते में पहुंच चुका ईरान युद्ध पूरे क्षेत्र को एक व्यापक संघर्ष की ओर धकेल रहा है, जिससे वैश्विक आर्थिक और मानवीय संकट पैदा हो सकता है। इसे तत्काल रोका जाना चाहिए गुटेरेस ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा, यह युद्ध जितने दिन खिंचेगा, मानवीय पीड़ा उतनी ही बढ़ेगी। हम एक व्यापक युद्ध के मुहाने पर हैं जो पूरे पश्चिमी एशिया को अपनी चपेट में ले लेगा और इसका दुनिया भर में नाटकीय असर होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इसके वैश्विक आर्थिक और मानवीय परिणामों पर जोर देते हुए फिलीपींस से लेकर श्रीलंका और मोजाम्बिक तक के कमजोर समुदायों पर खाद्य और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के प्रभाव का जिक्र किया। उन्होंने महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर इशारा करते हुए चेतावनी दी कि जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता में बाधा आने से दुनिया के सबसे गरीब लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। स्वाति नक्षत्र आपके निर्णयों को तीक्ष्ण बनाएगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**तुला** — आज चंद्रमा आपकी राशि में आत्मविश्वास, सौंदर्य, लोकप्रियता सब बढ़ेगा। अधिक भावुक निर्णय से बचें।

**वृष** — आज संबंधों में मधुरता रहेगी। चंद्र तुला से पारिवारिक सामंजस्य बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर, पर खर्च भी बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज गुप्त शत्रु शांत होंगे। न्याय आपके पक्ष में होगा। भूमि-भवन से लाभ होगा। ध्यान-योग लाभकारी रहेगी।

**मिथुन** — आज बौद्धिक क्षमता शिखर पर। प्रतियोगी परीक्षा, लेखन और स्क्रिप्टिंग सबमें सफलता मिलेगी। कोई नया अवसर मिल सकता है।

**धनु** — आज धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। कोई अनुभवी व्यक्ति मार्गदर्शन देगा। लक्ष्य स्पष्ट होंगे। दांपत्य में सामंजस्य मजबूत होगा।

**कर्क** — आज चंद्रमा की स्थिति मानसिक हलचल ला सकती है। घर-परिवार में सहमति बनेगी। वाहन चलाते समय सावधानी।

**मकर** — आज करियर में मजबूत स्थितियां रहेंगी। रूके हुए काम पूरे होंगे। नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**सिंह** — आज आकर्षण और करिश्मा बढ़ेगा। लोगों पर प्रभाव जमाएंगे। मीडिया, क्रिएटिविटी और पब्लिक डीलिंग वालों के लिए लाभप्रद है।

**कुंभ** — आज यात्रा, व्यापार, कम्युनिकेशन सब आपके पक्ष में होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात लाभ देगी।

**कन्या** — आज आपकी योजना और रणनीति सफल रहेगी। व्यापार में विस्तार, नौकरी में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन** — आज के दिन नए काम की शुरुआत शुभ होगी। मंगल-शनि का प्रभाव आपको दृढ़ और कार्यशील बनाएगा। आर्थिक वृद्धि के संकेत हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 4 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 10 .08 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 21.35 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |

### सुडोकू -109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 7 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| | | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | | | 3 | 4 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| 6 | 8 | | | 9 | | | 5 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | | 7 | | 4 | | 5 | | 6 |
| 9 | | | 7 | | | | | |

**मुक्त न्याय** | न्यायमूर्ति विक्रमनाथ बोले-प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली, माहौल बदल दिया

# अदालती कार्यवाही के प्रसारण से मजबूत होती है जवाबदेही

**अहमदाबाद, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विक्रम नाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली है, बल्कि उस माहौल को बदल दिया है, जिसमें उनकी वैधता स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल एकीकरण अब सिर्फ़ एक अतिरिक्त चीज नहीं, बल्कि एक प्रक्रियागत नियम बन गया है। वह यहां डिजिटल गणराज्य में मुक्त न्याय विषय पर 21वां न्यायमूर्ति पीडी. देसाई स्मृति व्याख्यान दे रहे थे।

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि अदालती कार्यवाही के इंटरनेट के माध्यम से सीधे प्रसारण से व्यवस्था के अंदर जवाबदेही मजबूत होती है, आम लोगों तक पहुंच बढ़ती है, संस्था अपने लोगों से जुड़ी रहती है, और यह भारत में कानूनी साक्षरता को बेहतर बनाने का सबसे असरदार जरिया बन सकती है। उन्होंने कहा कि आज नागरिक फोन और सोशल मीडिया मंचों के जरिये सीखते हैं, परिचर्चा करते हैं, आलोचना करते हैं और हिस्सा लेते हैं। सार्वजनिक जवाबदेही अब तेजी से डिजिटल क्षेत्रों में आकार ले रही है। प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली है, लेकिन इसने उस माहौल को बदल दिया है जिसमें उनकी वैधता आकार लेती है। उन्होंने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी गरिमा और निष्पक्षता से समझौता किए बिना पब्लिक गैलरी का विस्तार कर सकती है, तो खुलापन उस संवैधानिक वादे के और करीब आ जाता है, जिसका लाभ आम नागरिक उठा सकते हैं।

### संस्थागत प्रवृत्ति से ही संवैधानिक विचार सार्थक

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ ने बताया कि कोई भी संवैधानिक विचार तभी सार्थक होता है, जब वह संस्थागत प्रवृत्ति में बदल जाए। न्यायमूर्ति नाथ उस समय गुजरात हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, जब 26 अक्टूबर 2020 को कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अदालत की कार्यवाही का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण शुरू किया गया था। ऐसा करने वाला यह देश का पहला हाईकोर्ट था। जुलाई 2021 में पूरी अदालत की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग भी शुरू कर दी गई।

## पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती कार हमले में पांच की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक पुलिस थाने को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती कार हमले में बृहस्पतिवार देर रात एक ही परिवार के चार सदस्य समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी गाड़ी को खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले की डोमेल तहसील स्थित पुलिस थाने के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे एक जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उसकी आवाज कई मील दूर तक सुनाई दी, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। विस्फोट के तुरंत बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया। किसी भी समूह ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बचाव दल ने मौके से पांच शव बरामद किए हैं।



"अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का कोई इरादा नहीं है। परिवार को समय देने के लिए उन्होंने संन्यास का फैसला किया था। मैंने दो सप्ताह तक सोचा, लेकिन फिर फैसला लिया कि वापसी नहीं करनी है।
–हेनरिच क्लासेन


# स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार, 4 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

1 दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस
समय - दोपहर 3:30 बजे

2 राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय - शाम 7:30 बजे

# म्हात्रे के विस्फोटक पचासे से चेन्नई ने पंजाब को दिया 210 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : संजू सैमसन फिर नहीं कर पाए कमाल, विशाख ने झटके दो विकेट

चेन्नई, एजेंसी

आयुष म्हात्रे के 43 गेंद पर 73 रनों की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पांच विकेट पर 209 रन बनाये। संजू सैमसन (सात) के जल्दी आउट होने के बाद म्हात्रे ने कप्तान रूतुराज गायकवाड़ (28) के साथ दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की।

सैमसन ने जेवियर बार्टलेट की आउटस्विंगर पर कवर में शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन विकेट के पीछे प्रभसिमरन सिंह को कैच दे बैठे। इसके बाद हालांकि म्हात्रे ने पंजाब के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

उन्होंने बार्टलेट को लगातार तीन चौके लगाये और पावरप्ले में चेन्नई को एक विकेट पर 57 रन तक पहुंचाया। इससे पहले शॉर्टपिच गेंदों पर असहज महसूस कर रहे म्हात्रे आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिखे और मुंबई के इस युवा बल्लेबाज ने मार्को यानसेन को छक्का लगाया। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस को लगातार दो छक्के लगाये और 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने से 17 साल छोटे इस बल्लेबाज को लगातार गुगली डालकर फांसने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

म्हात्रे को 59 के स्कोर पर विजयकुमार विशाख ने और 67 के स्कोर पर शशांक सिंह ने डीप में जीवनदान दिया। वह विशाख की गेंद पर खराब शॉट खेलकर शॉर्ट थर्डमैन में चहल को कैच देकर लौटे। इस बीच गायकवाड़ को भी चहल ने आउट किया। चेन्नई ने दसवें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 45 रन बनाये। सरफराज खान ने 12 गेंद में 32 रन बनाकर रनगति तेज करने की कोशिश की।

उन्होंने अर्शदीप सिंह और विशाख को लगातार तीन तीन चौके लगाये लेकिन विशाख की ही गेंद पर निहाल वढेरा को कैच देकर पवेलियन लौटे। शिवम दुबे ने 27 गेंद में नाबाद 45 रन बनाये और चेन्नई ने आखिरी पांच ओवर में 64 रन बनाकर 200 का आंकड़ा पार किया।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते आयुष म्हात्रे। एजेंसी

**चेन्नई सुपर किंग्स**

**209/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का प्रभसिमरन बो बार्टलेट | 07 |
| रूतुराज गायकवाड़ का वढेरा बो चहल | 28 |
| आयुष म्हात्रे का चहल बो विशाख | 73 |
| शिवम दुबे नाबाद | 45 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बो यानसेन | 01 |
| सरफराज खान का वढेरा बो विशाख | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 06 |

अतिरिक्त : 17 रन

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-41-0, बार्टलेट 4-0-48-1, यानसेन 4-0-43-1, विशाख 4-0-38-2, चहल 3-0-21-1, स्टोइनिस 1-0-17-0

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

**ऑरेंज कैप**



अंगकृष रघुवंशी केकेआर 103
ईशान किशन हैदराबाद 94 रन
हेनरिच क्लासेन हैदराबाद 83 रन

**पर्पल कैप**



विजयकुमार वैशक पंजाब 5 विकेट
जयदेव उनादकट हैदराबाद 4 विकेट
ब्लेसिंग मुजरबानी केकेआर 4 विकेट

### दिनेश कार्तिक ने मेरी मदद की: जितेश

**बेंगलुरु।** आरसीबी के उप कप्तान जितेश शर्मा ने कहा कि जब अपने पिता के निधन के बाद वह भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर रहे थे तब पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने उनकी काफी मदद की। जितेश ने कहा कि इस साल फरवरी में उनके पिता के निधन के बाद कार्तिक ने उन्हें कुछ समय के लिए खेल से दूर रहने और भावनात्मक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया था। जितेश ने आरसीबी के एक पॉडकास्ट में कहा दिनेश कार्तिक अन्ना ने मुझसे कहा कि मैं थोड़ा आराम करूं। कुछ समय के लिए खेल से दूर रहूं तथा अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताऊं। इससे मुझे फिर से तरोताजा होने में मदद मिली।

**हाईलाइट**

### डेल स्टेन की स्विंग ने तेज गेंदबाज बनने के लिए किया प्रेरित : नबी

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी औकिब नबी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन की तेज गति से गेंद को स्विंग कराने की क्षमता ने उन्हें तेज गेंदबाज बनने के लिए प्रेरित किया। इस साल जम्मू-कश्मीर को रणजी ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले नबी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हैं। उन्हें शनिवार को दिल्ली के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने का मौका मिल सकता है। नबी ने जियो हॉटस्टार से कहा बचपन में मैं डेल स्टेन को गेंदबाजी करते हुए देखता था। जिस तरह से वह तेज गति से गेंद को स्विंग कराते थे, उससे मुझे तेज गेंदबाज बनने की प्रेरणा मिली और उम्मीद है कि एक दिन मैं भारत के लिए खेलूंगा। उन्होंने कहा क्रिकेट खेलने के कारण मुझे पिता से बहुत डांट पड़ती थी। वह नहीं चाहते थे कि मैं क्रिकेटर बनूं। वह चाहते थे कि मैं डॉक्टर बनूं।

# ग्रीन ने केकेआर का बिगाड़ दिया संतुलन : गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले-टीम को एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना चाहिए

महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने शुक्रवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) से एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करने की बात कही क्योंकि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की सीमित भूमिका ने इस आईपीएल में उनकी टीम का संतुलन बिगाड़ दिया है।

ग्रीन को आईपीएल से संन्यास ले चुके आंद्रे रसेल की जगह नीलामी में 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था और वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यभार प्रबंधन के कारण केकेआर के पहले दो मैच में गेंदबाजी नहीं कर पाए। यह बात टीम प्रबंधन को पसंद नहीं आई। गावस्कर ने कहा अगर कैमरन ग्रीन गेंदबाजी नहीं करने वाले हैं तो केकेआर को अपने संयोजन के बारे में सोचना होगा। अगर वह गेंद से योगदान नहीं दे रहे हैं तो उन्हें किसी दूसरे विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना पड़ सकता है। मुंबई इंडियंस से हार से अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद केकेआर को बृहस्पतिवार को सनराजइर्स हैदराबाद से 65 रन से एक और हार का सामना करना पड़ा।

गावस्कर ने कहा हम जानते हैं कि उसने आईपीएल में शतक जड़ा है। वह अच्छी बल्लेबाजी कर सकता है लेकिन हाल में उसकी फॉर्म अच्छी नहीं रही है।

# मुंबई के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम पर होगी निगाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले मैच में पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे केएल राहुल

दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को यहां जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा, लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है।

दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। केएल राहुल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि नितीश राणा और पथुम निस्संका भी नहीं टिक पाए जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 26 रन हो गया। इसके बाद 22 वर्षीय समीर रिजवी ने 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरकर संयम और परिपक्वता का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक लगाया। इन्होंने अनुभवी ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर 119 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई थी। रिजवी का प्रदर्शन दिल्ली के लिए अच्छा संकेत है लेकिन शीर्ष क्रम में उसकी कमजोरी चिंता का विषय है। अब उसे जसप्रीत बुमराह के अगुवाई वाले मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना है और उसके लिए यह आसान नहीं होगा। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। उसके पास दो विकल्प हैं। या तो पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने अभिषेक पोरेल या फिर निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे पृथ्वी साव पर भरोसा दिखाए। दिल्ली की गेंदबाजों का सामना अब रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों से होगा और इसलिए उन्हें अपनी गति में विविधता और स्पिन पर नियंत्रण रखने की जरूरत पड़ेगी। मुंबई इंडियंस पिछले कई वर्षों से आईपीएल में अच्छी शुरुआत नहीं कर पा रहा था लेकिन इस बार उसने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल करने पहले मैच में हार के 14 साल के सिलसिले को खत्म कर दिया।



अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव (दाएं) और दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। एजेंसी

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।



अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटंस के राशिद खान। एजेंसी

# सूर्यवंशी के सामने टाइटंस के तेज गेंदबाजों की होगी कड़ी परीक्षा

अहमदाबाद, एजेंसी

कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत की।

उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ केवल 15 गेंद पर अर्धशतक जड़ दिया था जिससे उसकी टीम ने 127 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया था। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद की जाएगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था। बल्लेबाजी की बात करें तो नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जा रही है, जहां वे खुलकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टूर्नामेंट में अब तक सभी टीम ने लक्ष्य का पीछा करना अच्छा समझा है। राजस्थान रॉयल्स के पास नांद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर जैसे दो अच्छे तेज गेंदबाज हैं तथा वह गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर को शुरुआती ओवरों में कड़ी चुनौती देना चाहेंगे। गुजरात टाइटंस की समस्या उसकी शीर्ष तीन बल्लेबाजों की पर अत्यधिक निर्भरता है। कप्तान गिल (27 गेंदों में 39 रन) और बटलर (33 गेंदों में 38 रन) दोनों ही मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने रंग में नहीं दिखे।

**टीम**

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जोस बटलर, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, अरशद खान, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, राशिद खान, मानव सुथार, साई किशोर, जयंत यादव।

# मेरे स्ट्राइक रेट की आलोचना करने के पीछे खास एजेंडा : रहाणे

कोलकाता, एजेंसी



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं।

केकेआर की टीम 227 रन की लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 161 रन पर आउट हो गयी। यह इस सत्र में उसकी लगातार दूसरी हार है। इस हार ने सारा ध्यान रहाणे के प्रदर्शन और स्ट्राइक रेट पर केंद्रित कर दिया। गुरुवार को 10 गेंदों में आठ रन बनाने वाले केकेआर के कप्तान ने आलोचनाओं पर अप्रत्याशित रूप से तल्ख रवैया अपनाया।

रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है। उन्हें मेरा खेलना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा वे नहीं चाहते कि मैं खेलता रहूं। मैंने जितनी सफलता हासिल की है उसे देखकर शायद वे मुझसे ईर्ष्या करते हैं। मुझे इसकी ज्यादा चिंता नहीं है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 10 पारियों में 161.57 के स्ट्राइक रेट से 391 रन बनाए थे। पिछले साल केकेआर आठवें स्थान पर रहा था लेकिन रहाणे ने टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे।

रहाणे बीच के ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में रहाणे ने पहली 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। रहाणे ने कहा जो लोग बातें कर रहे हैं उन्हें खेल की समझ नहीं है।

## पहले ही मैच में घबराने की जरूरत नहीं : कुलदीप

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल में पहले ही मैच के बाद शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट के पहले मैच में शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स की मैच विजयी साझेदारी से छह विकेट से जीत हासिल की।

केएल राहुल पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गए जबकि पाथुम निसांका को रन बनाने में मुश्किल हुई और नीतिश राणा आक्रामक खेल दिखाने की कोशिश में आउट हो गए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कुलदीप ने कहानीतिश कई साल से खेल रहे हैं और आईपीएल के अनुभवी खिलाड़ी हैं।

**सही कदम** | पिता योगराज सिंह के विवादित बयानों पर जताया अफसोस

# युवराज ने धोनी और कपिल से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय आलराउंडर युवराज सिंह ने कहा कि उनके पिता योगराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव के बारे में गुस्से में जो बातें कहीं, वे गलत थीं और इसके लिए माफी मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि वह अपने पिता की इन विवादित बातों से सहमत नहीं हैं और इन खिलाड़ियों से दिल से माफी मांगते हैं। युवराज ने 'स्पोर्ट्स तक' के साथ एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में अपने पिता के उस विवादित मुद्दे पर बात की जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय टीम से उनके बाहर होने के लिए धोनी को दोषी ठहराया था और साथ ही उन्होंने बीते समय में चयन के मुद्दों को लेकर भी कपिल को गाली दी थी। युवराज ने कहा मैं कपिल और एम एस धोनी से इन टिप्पणियों के लिए माफी मांगना चाहता हूं क्योंकि कपिल पाजी भारत के लिए एक महान खिलाड़ी रहे हैं। उनके (योगराज और कपिल) बीच कैसा रिश्ता था, मुझे नहीं पता, मैं तो तब पैदा भी नहीं हुआ था।



उन्होंने कहा मैं धोनी के साथ खेला हूं और उनके साथ अपने रिश्ते को लेकर मेरी उम्मीदें थीं। लेकिन मेरे पिता ने उनके बारे में जो कहा, मैंने उनसे कहा कि यह ठीक नहीं है। भारत की 2011 विश्व कप जीत के नायक रहे इस आलराउंडर ने कहा मैंने उनसे कहा यह ठीक नहीं है क्योंकि इसका असर मुझ पर पड़ता है। मैं उनके साथ खेला हूं और मैं चाहूंगा कि आप उनके बारे में ये बातें नहीं कहें।

युवराज ने कहा कि कपिल और धोनी दोनों अच्छी तरह जानते हैं कि उनके पिता के बयान किसी भी तरह से उनके अपने विचारों को नहीं दिखाते हैं। उन्होंने कहा जो कोई भी कारण हों, आप जानते हैं कि वे क्या हैं। लेकिन मैं उन दोनों से इन शब्दों के लिए ईमानदारी से माफी मांगना चाहूंगा लेकिन वे यह भी जानते हैं कि ये शब्द मेरे नहीं हैं। क्रिकेटर के तौर पर, उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया है, मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है।

### पिता के अंदर दोनों के प्रति भरा है गुस्सा

कपिल उत्तर क्षेत्र और हरियाणा के कप्तान थे और योगराज का कहना है कि तब उन्होंने उन्हें 'बिना किसी वजह' टीम से बाहर कर दिया था जिसके कारण उन्होंने कपिल को उनके घर पर गाली दी और फिर क्रिकेट छोड़ दिया। धोनी के मामले में योगराज ने कहा युवराज के टीम से बाहर होने का कारण वही थे। 2011 में विश्व कप जीतने के बाद युवराज ने क्रिकेट में वापसी करने के लिए कैंसर से लड़ाई लड़ी और जब उन्हें उस साल विश्व कप के लिए नहीं चुना गया तो उन्होंने 2019 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया। योगराज ने कहा युवराज के करियर को बर्बाद करने के लिए धोनी जिम्मेदार थे इसलिए माफ नहीं करेंगे।